सुप्रभात

रांची, सोमवार

02.01.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 170

12 सिद्धार्थ-कियारा ने साथ मिलकर किया नववर्ष का स्वागत

## न्यूज डायरी

### नासिक की फैक्टरी में आग, 9 लोग जिंदा जले

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में रविवार को एक रसायन कंपनी के बॉयलर में विस्फोट के बाद लगी आग में 9 लोग जिंदा जल गये। हादसे में कई अन्य घायल हो गये। विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज आसपास के गांवों में भी सुनाई दी। घायलों में से चार की हालत गंभीर है।

### वारंटी को पकड़ने गये दारोगा को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, घायल

**पटना।** नये साल के पहले ही दिन बिहार के दीघा थाना क्षेत्र एक पूर्व अपराधी ने अपने समर्थकों के साथ दीघा थाने के दरोगा की जमकर पिटाई कर दी। दीघा पुलिस सब इंस्पेक्टर राघवेंद्र कुमार सिंह एक वारंटी को गिरफ्तार करने पहुंचे थे। उसी दौरान मौके पर पहले से मौजूद अपराधियों ने सब इंस्पेक्टर से नोक-झोंक की फिर उसके बाद दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि अपराधी ने पुलिस की पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल दारोगा को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गिरिडीह में पिकनिक स्पॉट पर जलती मिली बाइक

**गिरिडीह।** नववर्ष की शाम शहर से सटे एक पिकनिक स्पॉट पर जलती हुई बाइक मिली। बाइक शहर के बनखंजों पहाड़ी के समीप नदी के किनारे जंगल में मिली है। गिरिडीह पुलिस पहुंची, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। आसपास छानबीन भी की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बाद में बाइक में लगी आग पर काबू पाया गया और बाइक को जब्त किया गया?

### जवाहर नवोदय विद्यालय के 9वीं के छात्र की मौत

**गोड्डा।** धनकुंडा ललमटिया स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के नौवीं के एक छात्र की मौत हो गयी। विद्यालय के प्राचार्य कौशल कुमार के अनुसार बीती रात नव वर्ष के अवसर पर एमपी हॉल में सभी बच्चे टीवी देख रहे थे। इसी बीच हॉस्टल में 9वीं के छात्र अमन कुमार की तबीयत खराब हो गयी। उसे रेफरल अस्पताल लाया गया, पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया

### अब कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 25 रु.महंगा

**रांची।** पेट्रोलियम कंपनियों ने गैस सिलेंडर की नयी कीमत जारी की है। कमर्शियल गैस की कीमत में 25 रुपये की बढ़ोतरी की गयी है। घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दी गई है। नयी कीमत 1 जनवरी 23 से प्रभावी हो गयी है। झारखंड की राजधानी रांची के ग्राहकों को सिलेंडर के लिए जनवरी में 1921.50 रुपये देने होंगे।

### लातेहार में फिर जंगली जानवर ने ली एक की जान

**लातेहार।** जिले में जंगली जानवर के हमले में नये साल के पहले ही दिन एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। हादसा उस वक्त हुआ जब शख्स शौच के लिए जा रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि हमला करने वाला जानवर तेंदुआ की तरह था, जबकि वन विभाग के अधिकारी इसे लकड़बग्घे का हमला मान रहे हैं। दरअसल मुस्ताक अंसारी रविवार की सुबह अपने घर से बाहर शौच के लिए जा रहे थे। अचानक उन पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया।

### घाटी में आतंकियों की फायरिंग में 3 की मौत

**श्रीनगर।** नये साल के पहले ही दिन जम्मू कश्मीर में आतंकियों ने कई वारदातों को अंजाम दिया। सीआरपीएफ के वाहन पर ग्रेनेड से हमला किया। वहीं राजौरी में अंधाधुंध फायरिंग कर 3 लोगों की हत्या कर दी। आतंकियों के हमले में सात लोग घायल भी हो गये।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 51,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 72,500 रु./प्रति किलो |

---

**नववर्ष का उल्लास : पिकनिक स्पॉट गुलजार, मंदिरों में भीड़, सीएम ने दी शुभकामना**

# नया साल सोना झारखंड के सपने साकार करने की शक्ति दे

### राज्यपाल समेत सभी ने दी शुभकामना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** कड़ाके की सर्दी के बावजूद नव नर्ष 2023 के पहले दिन देशभर में दिन भर जश्न का माहौल रहा। राजधानी रांची के सभी पिकनिक स्पॉट, फॉल, डैमों का किनारा पिकनिक मनाने आये लोगों से गुलजार रहा। रांची स्थित पहाड़ी मंदिर, महावीर मंदिर, काली मंदिर समेत बाबाधाम, रजरप्प मंदिर, मां भद्रकाली मंदिर समेत तमाम मंदिरों में लोगों की भारी भीड़ रही। सभी लोगों सालों भर भगवान से खुशी की कामना करते रहे। रविवार को सार्वजनिक अवकाश होने से लोगों को खुशियां मनाने का बेहतरीन मौका भी मिला है। राज्यपाल रमेश बैस और सीएम हेमंत सोरेन ने भी लोगों को नयेसाल की शुभकामनाएं दी। सीएम श्री सोरेन ने राज्यवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नया साल आप सभी के जीवन में खुशियां लाये। आप स्वस्थ खुशी और समृद्ध रहें। यह साल, सभी को राज्य के अमर वीर शहीदों के सोना झारखंड के सपने को साकार करने की शक्ति दें। सभी को नववर्ष की अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। राज्यपाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा 'समस्त प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2023 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। नव आप सबके जीवन में खुशियों का संचार करे, सुख समृद्धि प्रदान करे और आप स्वस्थ रहे यही कामना है। झारखंड भाजपा, कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेताओं ने भी राज्य के लोगों को नये साल की बधाई दी है। (शेष पेज 11 पर)

## नोटबंदी के खिलाफ दायर की गयी याचिकाओं पर सुप्रीम फैसला आज

### 58 याचिकाएं दायर हैं सुप्रीम कोर्ट में, सरकार ने किया था विरोध

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय 2016 में 1,000 रुपये और 500 रुपये के नोटों को अमान्य करने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को फैसला सुनायेगा। न्यायमूर्ति एस ए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ 2 जनवरी को इस मामले पर अपना फैसला सुना सकती है। शीर्ष अदालत की सोमवार की वाद सूची के अनुसार, इस मामले में दो अलग-अलग फैसले होंगे, जो न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना द्वारा सुनाए जायेंगे। शीर्ष अदालत ने 7 दिसंबर को केंद्र और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) को निर्देश दिया था कि वे सरकार के 2016 के फैसले से संबंधित रिकॉर्ड पर अपना फैसला सुरक्षित रख लें। इसने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि, आरबीआइ के वकील और याचिकाकर्ताओं के वकीलों, वरिष्ठ अधिवक्ता पी चिदंबरम और श्याम दीवान की दलीलें सुनीं। 500 रुपये और 1,000 रुपये के करेंसी नोटों को बंद करने को गंभीर रूप से त्रुटिपूर्ण बताते हुए, चिदंबरम ने तर्क दिया था कि सरकार कानूनी निविदा से संबंधित किसी भी प्रस्ताव को अपने दम पर शुरू नहीं कर सकती है, जो केवल आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड की सिफारिश पर किया जा सकता है।

**अदालत ऐसे मामले का फैसला नहीं कर सकती है: सरकार :** 2016 की नोटबंदी की कवायद पर फिर से विचार करने के शीर्ष अदालत के प्रयास का विरोध करते हुए, सरकार ने कहा था कि अदालत ऐसे मामले का फैसला नहीं कर सकती है। एक हलफनामे में, केंद्र ने हाल ही में शीर्ष अदालत को बताया कि विमुद्रीकरण की कवायद एक निर्णय था और नकली धन, आतंकवाद के वित्तपोषण, काले धन और कर चोरी के खतरे से निपटने के लिए एक बड़ी रणनीति का हिस्सा था। बता दें सुप्रीम कोर्ट ने 8 नवंबर, 2016 को केंद्र द्वारा घोषित नोटबंदी को चुनौती देने वाली 58 याचिकाओं पर सुनवाई की थी।

**सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित करने का देशभर में विरोध**

# लाखों लोग सड़क पर उतरे, राष्ट्रपति से गुहार

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** झारखंड सरकार और केंद्र सरकार द्वारा जैन समाज के सर्वाधिक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल झारखंड के गिरिडीह स्थित सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किये जाने से जैन समाज नाराज है। इसे लेकर देश के विभिन्न शहरों में प्रदर्शन हो रहे हैं। जैन समाज के लाखों लोगों ने रविवार को दिल्ली के इंडिया गेट के समक्ष जैन विरोध प्रदर्शन किया। वे लोग केंद्र और झारखंड सरकार से फैसला वापस लेने की मांग कर रहे हैं। बाद में प्रदर्शनकारियों ने जैन तीर्थ सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल बनाने के विरोध राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भी सौंपा।

**देशभर में प्रदर्शन, फैसला बदलने की मांग :** रविवार नयी दिल्ली के साथ-साथ मुंबई, अहमदाबाद समेत कई शहरों में जैन समुदाय के लोग ने इस फैसले के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। दिल्ली के प्रगति मैदान और इंडिया गेट पर बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

**सम्मेद शिखरजी का महत्व**

ऐसी मान्यता है कि इस पुण्य क्षेत्र में जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने मोक्ष की प्राप्ति हुई है। पवित्र पर्वत के शिखर तक श्रद्धालुओं को पहुंचने के लिए नौ किलोमीटर की यात्रा करना पड़ता है। झारखंड का हिमालय माने जाने वाले इस स्थान पर जैनियों का पवित्र तीर्थ शिखरजी स्थापित है। यहां पर 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ ने भी निर्वाण प्राप्त किया था।

## नये साल पर देशभर में 50 से अधिक लोगों ने गंवायी जान

**नयी दिल्ली, रांची।** नये साल का जश्न मनाने के लिए लोग बड़ी संख्या में घरों से बाहर निकले, लेकिन इस बीच देशभर में नए साल के पहले दिन यानी 1 जनवरी को अलग-अलग हादसों में 50 से अधिक लोग अपनी जिंदगी से हाथ धो बैठे। जारखंड की राजधानी रांची से ले कर दिल्ली,राजस्थान, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से दुर्घटनाओं की खबर सामने आयी। जानकारी के अनुसार अधिसंख्य हादसे शराब-दारू के नशे में तेज रफ्तार के के कारण हुई।

### झारखंड में चार की मौत

कोडरमा के तीन परिवार ने नये साल में आगमन से पहले अपने घर के चिराग को खो दिया। पिकनिक मनाकर लौटते वक्त पिकअप वाहन के पलटने से यह हादसा हुआ। तिलैया डैम ओपी क्षेत्र अंतर्गत तिलैया डैम- काको रोड में स्वर्ण जयंती गेट तिलैया डैम से कुछ दूरी पर एक पिकअप वाहन अनियंत्रित हो कर पलट गया और इस घटना में दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गयी। काको गांव के सात युवक एक पिकअप वैन में जेनरेटर और म्यूजिक सामानों के साथ तिलैया डैम पिकनिक मनाने गये थे। उनकी पहचान विजय यादव व रंजन कुमार यादव (20) व प्रेम यादव के रूप में की गयी। वहीं गढ़वा के मझियांव में नये साल का जश्न मना कर लौट रहे एक हादसे में वाहन चालक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार चालक शराब के नशे में थे। (शेष पेज 11 पर)

**गुरुचरण नायक पर हमला, दो पुलिसकर्मियों की हत्या का मामला**

## एनआइए ने दायर किया पूरक आरोप पत्र

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमले और इस दोरान दो पुलिसकर्मियों की हत्या मामले में चार्जशीट दायर कर दिया है। जांच एजेंसी ने रविवार को कहा कि प्रोजेक्ट प्लस 2 हाई स्कूल झिलरुआ में नक्सलियों द्वारा भाजपा के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमले में वह तो किसी तरह बच गये थे, पर दो जवान शहीद हो गये थे। इसी मामले में एनआइए ने एक पूरक आरोप पत्र दायर किया है। आरोप पत्र रांची की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल किया गया। मामला शुरू में गोइलकेरा पुलिस स्टेशन, जिला पश्चिमी सिंहभूम, झारखंड में दर्ज किया गया था और बाद में एनआइए ने जांच को अपने हाथ में ले लिया था।

## आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना जरूरी

### खरसावां गोलीकांड की बरसी पर शहीदों को नमन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सरायकेला।** केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि खरसावां गोलीकांड के शहीदों के बेदी पर संकल्प लेने की जरूरत है कि आदिवासी समाज पीछे ना छूटे। प्रतिवर्ष शहीद दिवस के उपलक्ष्य में लोग शहीदों को श्रद्धांजलि देने यहां पहुंचते हैं, बलिदान देख दुःख तो होता है। लेकिन आज शहीदों के प्रति जो सच्ची श्रद्धांजलि देने जो जनसैलाब उभरता है उसे देख तसल्ली मिलती है। अर्जुन मुंडा रविवार को खरसावां शहीद दिवस के मौके पर एक जनवरी 1948 के शहीदों की बेदी पर श्रद्धांजलि देने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। वह 1 जनवरी 1948 खरसावां गोलीकांड में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देने शहीद स्थल पर यात्रा करते पहुंचे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार, स्वास्थ्य, संवैधानिक अधिकार के प्रति जागरूक होकर आज आदिवासी समाज आगे बढ़े, तभी खरसावां के पावन धरती पर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि हम दे सकेंगे। (शेष पेज 11 पर)

# ...अब रिम्स में ब्लड टेस्ट होते ही मोबाइल पर मिलेगी रिपोर्ट

### नहीं लगाने होंगे चक्कर, हाइकोर्ट के कड़े रुख से बदलने लगा राज्य का सबसे बड़ा हॉस्पिटल

**सुधीर**




**रांची।** हाईकोर्ट के कड़े रूख के बाद राजधानी रांची का रिम्स तेजी से बदलने लगा है। टेस्ट रिपोर्ट में भी राजधानी के निजी अस्पतालों को पीछे छोड़ने की कवायद शुरू हो गयी है। रिम्स को 2023 में एकेडमिक ब्लॉक और परिजन विश्रामगृह का भी सौगात मिलनेवाला है। वहीं, राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स में भी पैथोलॉजी लैब को तेजी से अपग्रेड किया जा रहा है। एम्स समेत देश के कई अन्य मेडिकल संस्थानों की तर्ज पर रिम्स के मरीजों को भी अब टेस्टिंग के तुरंत बाद मोबाइल पर रिपोर्ट मिलेगी। इससे मरीजों को लैब की दौड़ लगाने की झंझट से छुटकारा मिल जाएगा। वहीं रिपोर्ट के इंतजार में मरीजों के इलाज में देरी नहीं होगी। रिम्स राज्य का पहला सरकारी हॉस्पिटल होगा, जहां इस तरह की सुविधा मिलेगी। बताते चलें कि हॉस्पिटल में आउटडोर और इनडोर मिलाकर हर दिन 3500 के करीब मरीज इलाज कराते हैं।

**पीजीआई, सीएमसी की तर्ज पर मशीनें :** बताया जा रहा है कि रिम्स में एम्स के अलावा पीजीआई, सीएमसी की तरह ही मशीनें लगाई जाएंगी। इन मशीनों के लिए 7 एक्सपर्ट्स की टीम तैयार की गई है, जिसमें एम्स नई दिल्ली, केजीएमयू लखनऊ, एम्स बीबीनगर, राजीव गांधी कैंसर हॉस्पिटल के डॉक्टर व एक्सपर्ट शामिल हैं। (शेष पेज 11 पर)

**नये तरीके से डायलिसिस कर बचायी महिला की जान**

हाल ही में रिम्स अस्पताल के डाक्टरों ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जटिल बीमारी से जूझ रही एक महिला का नए तरीके से डायलिसिस कर महिला की बचाई जान गई। ऐसा कारनामा करने वाला विश्व का पहला अस्पताल रिम्स बन गया। इसके बाद डाक्टरों द्वारा इस प्रक्रिया पर शोध शुरू किया गया है। बताते चलें कि एक महिला के दिल में छेद था और उसकी दोनों किडनी भी काम नहीं कर रही थी। सामान्य तरीके से डायलिसिस भी नहीं हो पा रही थी। ऐसी स्थिति में महिला के बचने की उम्मीद भी कम दिख रही थी। ऐसे में यूरोलाजी विभाग के एचओडी डा अरशद जमाल ने महिला के लिए डायलिसिस की प्रक्रिया ही बदल दी। पेट में चार दिन पहले केथरेक्ट लगाया गया, जिसके बाद डायलिसिस की प्रक्रिया पूरी की गई। इस विधि में नई बात यह है कि इस केथरेक्ट को हटाया भी नहीं जाएगा, इसे हमेशा प्रयोग में लाया जाएगा। इस पूरी विधि को सीएपीडी इंसर्शन (सिस्टोस्कॉपी गाइडेंस) के साथ किया गया। आमतौर पर यह विधि अन्य तरह की सर्जरी के लिए यह प्रक्रिया अपनायी जाती है।

## प्रेम त्रिकोण में युवक की हत्या शराब पिला कर मार डाला

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के झटनी टोली की छोपी नदी के पास तोरपा पुलिस ने एक युवक शव बरामद किया। शव की पहचान कामडारा थाना क्षेत्र के उरूगुटु गांव निवासी कमल तोपनो (18), पिता दुगरू तोपनो के रूप में की गयी। पुलिस जांच में एक लड़की से पूछताछ की गयी तो प्रेम प्रसंग का खुलासा हुआ। लड़की ने बताया कि वह नौ महीने से कमल के साथ अपने घर में ही रह रही थी। एक अन्य युवक से भी उसका प्रेम प्रसंग था, लेकिन उससे नाता तोड़कर कमल के साथ रहने लगी। इसके बाद भी उसका प्रेमी उससे फिर से रिश्ता बनाने के लिए दबाव बनाता रहा, लेकिन उसने युवक से कहा कि अब मैं तुम्हारे साथ रिश्ता नहीं रख सकती, क्योंकि अब कमल के साथ लिवइन में है। लड़की की पूरी कहानी सुनने के बाद पुलिस को माजरा समझ में आ गया। इसके बाद पुलिस ने लड़की के पहले प्रेमी की खोजबीन शुरू की। तोरपा पुलिस ने हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस हत्याकांड को अंजाम देने वाला आरोपी नाबालिग है, जिसे निरुद्ध कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि शव को देखने से पता चल रहा है कि किसी लकड़ी के टुकड़े से उसके सिर में पीट-पीटकर हत्या की है।

# युवक की मौत पर जाम कर रहे भीड़ को टैंकर ने कुचला

एजेंसी



**दुमका।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के दुगार्पुर गांव के समीप एक बाइक सवार कोयला ढुलाई में लगे हाइवा की चपेट में आ गया। दससे एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी जबकि दूसरा युवक घायल हो गया।

घटना के बाद ग्रामीणों ने दुमका-पाकुड़ मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीण मुआवजा की मांग पर डटे रहे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जमकर बवाल काटा और घटनास्थल पर पहुंचे एम्बुलेंस पर पथराव किया। हालांकि एम्बुलेंस को इससे क्षति नहीं पहुंची है। चालक मामले को भांपते हुए पहले ही एम्बुलेंस लेकर भाग खड़ा हुआ। घायल बिनोद किस्कु मजडीहा गांव का रहने वाला था। जबकि मृतक अभिराम मरांडी गोपीकांदर के मजड़िहा गांव के रहने वाले हैं। इधर देर शाम दुगार्पुर में मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर रहे भीड़ को एक अनियंत्रित टैंकर ने रौंद दिया। टैंकर की चपेट में आने से दो युवक बुरी तरह जख्मी हो गये। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। स्थानीय के सहयोग से दोनों घायलों को सीएचसी, गोपीकांदर में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल,दुमका रेफर कर दिया है। गोपीकांदर पुलिस ने भीड़ को रौंद कर भाग रहे टैंकर को काठीकुंड बाजार के पास पकड़ लिया गया है। दुर्घटना के बाद गुस्साए भीड़ ने दुगार्पुर गांव में जाम में फंसे वाहनों पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। बताया जाता है कि दर्जनों वाहनों पर पत्थराव किया गया है।

आक्रोशित भीड़ ने जाम में फंसे एक कोयला लोड़ हाईवा को आग के हवाले कर दिया। समाचार लिखे जाने तक स्थिति बेकाबू बनी हुई है। हालात पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल के लिए रवाना हो चुकी है। जिला से अतितिक्त पुलिस बल को रवाना किया गया है।

# आरोपों को साबित करने कोर्ट नहीं पहुंचे पुलिस अधिकारी, आरोपी

## पुलिस ने मौके वारदात पर आरोपियों को किया था गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पुलिस पदाधिकारी स्वयं की दर्ज प्राथमिकी को अदालत में स्थापित करने में विफल हो रहे हैं। मौके वारदात पर आरोपियों को गिरफ्तार करने एवं उस मामले में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने तक तो तत्परता दिखाते हैं। लेकिन, इसके आगे की कानूनी लड़ाई में साथ देना भूल जाते हैं। अदालत के आदेश को भी दर किनार कर रहे हैं। इसका मुकदमे का सामना कर रहे आरोपियों को लाभ पहुंच रहा है। सुनवाई कर रही अदालत पुलिस गवाह के साथ अन्य गवाहों को



लाने के लिए वरीय पदाधिकारियों को भी लिख रही है। बावजूद कई तारीखों में गवाह नहीं पहुंच रहा है। गवाहों के नहीं आने के कारण अभियोजन पक्ष लगातार मुकदमा गवां रहा है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा अपने मुकदमे को साबित करने के लिए कोई भी साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित करने में अभियोजन पक्ष बुरी तरह विफल रहा है। आरोपियों को सबूत के अभाव में बरी किया जाता है।

**एक भी पुलिस गवाह नहीं पहुंचे गवाही देने अदालत**

खरसीदाग ओपी के एएसआई विश्राम तिग्गा ने 31 अक्तूबर 2018 को शराब पीकर तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं पुलिस को गाली-गलौज करने के आरोप में अरबिंद मिंज, संजय कच्छप एवं आनंद तिर्की को गिरफ्तार किया था। अदालत साढ़े तीन साल तक पांच पुलिस गवाहों के आने का इंतजार किया। लेकिन, एक भी गवाह नहीं पहुंचा। पंडरा ओपी के तत्कालीन प्रभारी शंभु प्रसाद कुशवाहा ने पंडरा बाजार समिति परिसर में खड़े एक ट्रक का छह टायरों को खोलकर बेचने के आरोप में 26 नवंबर 2016 को सुखदेवनगर थाना में पांच के खिलाफ प्राथमिकी कांड संख्या 40/2016 दर्ज कराई थी। लेकिन, अदालत में इस मुकदमे को साबित करने कोई पुलिस गवाह नहीं पहुंचा। जिसके कारण अदालत को अमीन अंसारी, नेयाजुद्दीन अंसारी, आरिफ अंसारी, अजमुल अंसारी एवं समशेर को रिहा करना पड़ा।

# झारखंड में लाल आतंक खात्मा तय, साल भर में 416 नक्सली गिरफ्तार, 11 मारे गए और 14 ने किया सरेंडर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड पुलिस द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान का परिणाम वर्ष 2022 में बहुत हद तक कारगर रहा। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के बदौलत झारखंड में वर्षो से पैठ बना चुके नक्सलियों का धमक कम हुआ है। राज्य में नक्सलियों के सबसे बड़े और दुर्गम गढ़ बूढ़ापहाड़ पर अब सुरक्षाबलों और पुलिस का कब्जा है। 22 साल में यह पहली बार है, जब यहां नक्सलियों के कैंप पूरी तरह ध्वस्त कर दिए गए। इतना ही नही झारखंड के पारसनाथ पहाड़, कोल्हान प्रमंडल के कुचाई ट्राइजंक्शन और कई जंगलवर्ती इलाकों में भी नक्सलियों के पांव उखड़ रहे हैं। राज्य पुलिस के आंकड़े भी इसकी तस्दीक करते हैं।

झारखंड पुलिस के आईजी अभियान एवी होमकर के मुताबिक वर्ष 2022 में राज्य में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ों के दौरान 11 नक्सली मारे गए हैं। इस साल लगभग दो दर्जन मुठभेड़ हुए, जिसमें पुलिस भारी पड़ी। इस दौरान अलग-अलग क्षेत्रों से कुल 416 माओवादियों को अरेस्ट किया गया है। इस दौरान 183 हथियार, 16260 एम्युनेशन, 984 आईईडी एवं 625.66 किलो विस्फोटक रुपए बरामद किए गए। इसके अलाव नक्सलियों के पास से 99.41 रुपए भी बरामद किए गए। यह नक्सलियों द्वारा ठेकेदारों, व्यवसायियों से रंगदारी के तौर पर वसूली गई राशि है। वहीं 14 नक्सलियों ने राज्य पुलिस और सुरक्षा बलों के समक्ष हथियार डाले हैं। इनमें से ज्यादातर पर झारखंड सरकार ने इनाम घोषित कर रखा था। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक माओवादियों के शीर्ष संगठन स्पेशल एरिया कमेटी का सदस्य, रीजनल कमेटी का एक मेम्बर, दो जोनल कमांडर, एक सब जोनल कमांडर, सात एरिया कमांडर हैं। बताया गया कि साल 2022 में पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ तीन ऑपरेशन चलाये। इनके नाम ऑपरेशन डबलबुल, ऑपरेशन ऑक्टोपस और ऑपरेशन थंडरस्ट्रॉम थे। इन ऑपरेशंस में पुलिस को रणनीतिक सफलताएं हासिल हुईं। नक्सलियों से मुक्त कराए गए क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के 22 नए कैंप स्थापित किए गए हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ अभियान की सराहना की है।

बता दें कि राज्य के 24 में 16 जिलों में नक्सलियों का प्रभाव है। इनमें गुमला, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रांची, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, चतरा, धनबाद, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, हजारीबाग, खूंटी और पश्मिी सिंहभूम जिले शामिल हैं। अब कई जिले नक्सलियों के प्रभाव से मुक्त हो रहे हैं।

# झारखंड में पांच जनवरी तक छाये रहेंगे बादल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में पांच जनवरी तक आंशिक तौर पर आसमान में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान सुबह में कोहरे या धुंध का भी रहेगा। हालांकि, दिन में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित मौसम केंद्र ने कहा है कि आने वाले दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेंटीग्रेड तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। हालांकि, इसके पहले अगले तीन-चार दिन तक तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि दर्ज की जायेगी।

रांची में पांच जनवरी तक अधिकतम तापमान 23 से 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 से 13 डिग्री रहने का अनुमान है। रविवार को रांची के अधिकतम तापमान में 4.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी जबकि न्यूनतम तापमान में 1.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी है। रांची का अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.5 फीसदी कम है। वहीं, न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक है।

जमशेदपुर के उच्चतम तापमान में पिछले 24 घंटे के दौरान 4.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आयी, जबकि न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री बढ़ गया। अधिकतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.4 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.9 डिग्री अधिक है।

डालटेनगंज का उच्चतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक है। पिछले 24 घंटे के दौरान यहां अधिकतम तापमान में 1.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी, जबकि न्यूनतम तापमान में 0.3 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गयी।

# कांग्रेस नेता और पूर्व विधान पार्षद सिल्विया बागे को दी गयीअंतिम विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस नेता और पूर्व विधान पार्षद सिल्विया बागे का पार्थिव शरीर रविवार को उनके अंतिम दर्शन के लिए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लाया गया। यहां प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो और प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ अर्पित किया। उनके सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया।

मौके पर तिर्की ने कहा कि पूर्व विधान पार्षद सिल्विया बागे का निधन न सिर्फ कांग्रेस पार्टी के लिए बल्कि राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। दुःख के इस घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है।

सिल्विया बागे सिरम टोली जीईएल चर्च में उनको अंतिम विदाई दी गयी। फादर उत्तम मिंज ने दफन कार्य का अनुष्ठान कराया। पुत्र संजीव बागे ने मां का मिट्टी दी। इससे पूर्व शनिवार को सिल्विया बागे (98) का निधन हो गया था। बागे बिहार में 1986 से 1988 तक दो बार विधान पार्षद रही थी।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मां छिन्नमस्तिके का किया दर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रविवार को मां छिन्नमस्तिके का दर्शन कर राज्य की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। साथ ही उन्होंने राज्यवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। ठाकुर ने कहा कि हर वर्ष मां की प्रार्थना करने हमलोग यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि मां से प्रार्थना की है कि राज्य में शांति बहाल रहे। हर घर में समृद्धि आये।



**पं चायतों के विकास में बाधा डाल रहे नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि : राजेश्वरी बी**

पंचायती राज निदेशक राजेश्वरी बी ने कहा कि राज्य की पंचायतों के विकास में पूर्व में स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। राज्य सरकार को कई माध्यमों से इसकी सूचना मिल रही है।

उन्होंने कहा कि यह बात लगातार सामने आ रही है कि कई ग्राम पंचायतों में पूर्व वर्ष में संचालित जीपीडीपी, ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं भुगतान में हाल में हुए पंचायत चुनाव से चुनकर आये जनप्रतिनिधियों के द्वारा बाधा डाली जा रही है। वे इन योजनाओं को शुरू नहीं करने दे रहे हैं, जिससे स्वीकृत योजनाएं पर आगे काम नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए सभी डीडीसी को स्पष्ट किया है कि ग्राम पंचायत विकास योजना संबंधित पंचायत की विकास योजना होती है न कि किसी पंचायत प्रतिनिधि विशेष की। सभी योजनाएं ग्राम सभा के निर्णय के आधार पर ही चयनित की जाती है एवं ग्राम पंचायत विकास योजना के आधार पर योजनाओं का क्रियान्वयन एवं समय पर भुगतान संबंधित पंचायत की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पंचायती राज निदेशक ने ऐसे सभी बाधा करने वाले जनप्रतिनिधियों, जिसमें मुखिया, प्रमुख को चिह्नित कर जो जानबूझकर लापरवाही, कर्तव्य निर्वहन नहीं कर रहे हैं उनपर उचित कार्रवाई की अनुशंसा भी करने का निर्देश सभी जिलों को दिया है।

योजनाओं पर धीमा काम और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के द्वारा बाधा उत्पन्न कराये जाने के कारण ग्राम पंचायत के विकास में काफी कम राशि खर्च हुई है। विभाग को एमआईएस डाटा से इस बात की जानकारी लगातार मिल रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में आबद्ध निधि में उपलब्ध कुल 71380.10 लाख रुपये एवं अनाबद्ध निधि में उपलब्ध 40969.80 लाख रुपये के विरुद्ध क्रमशः 20367.10 लाख रुपये एवं 19809.30 लाख रुपये ही व्यय हो पाया है।

इसी प्रकार 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत आबद्ध एवं अनाबद्ध मद से उपलब्ध राशि से त्रिस्तरीय पंचायतों द्वारा वार्षिक विकास योजना के आधार पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 71,009 योजनाओं के विरुद्ध 55,409 योजनाएं एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7,955 योजनाओं के विरुद्ध 6,056 योजनाएं ही प्रारंभ की जा सकी है। पंचायती राज निदेशक ने डीडीसी से लापरवाही करने वाले अधिकारियों, मुखिया व प्रमुख के खिलाफ काम की असफलता के आरोप में निलंबन का प्रस्ताव विभाग को देने को कहा है।

# अमित शाह के दौरे के बाद कोल्हान से निकलेगी मिशन 2024 के भगवाकरण की राह

## नये साल में भाजपा के सामने संथाल, कोल्हान में संगठन को मजबूत करने की चुनौती

### 28 आदिवासी रिजर्व सीटों पर भाजपा अपना जनाधार बढ़ाने की कर रही जुगत

उदय चौहान





**रांची।** मिशन 2024 को लेकर भाजपा काफी गंभीर है। नये साल में भाजपा की प्रदेश इकाई कोल्हान के रास्ते जीत का परचम लहराना चाहती है। इसके लिये पार्टी की ओर से पटकथा लिखी जा चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सात जनवरी को कोल्हान से चुनावी बिगूल फूंकेंगे। खबरों के अनुसार पार्टी का शीर्ष नेतृत्व लंबे समय से इस रणनीति को अंजाम देने में जुटा है। संभवतः दूसरे दलों के कुछ कदावर नेताओं को भाजपा में शामिल किया जा सकता है। अब, बोरो प्लेयर के भरोसे कोल्हान फतह करने की रणनीति बनी है। वहीं, गठबंधन सरकार को घेरने के लिए पार्टी ने कुछ मुद्दों का सेलेक्ट किया है। पार्टी ने भष्टाचार व युवाओं को नौकरी देने के वादे पर सरकार को घेरने का मूड बना लिया है। 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने की चुनौती है। पार्टी ने अभी ही 14 लोकसभा सीटों और दो तिहाई विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करने का दावा कर दिया है। लेकिन, यह राह आसान नहीं है। इसके लिये संथाल, कोल्हान और राज्य की 28 आदिवासी सुरक्षित विधानसभा सीटों में संगठन को और मजबूत करने की आवश्यकता है। इसके लिये टीम बना कर नेतृत्व विकसित करनी होगी। सारी स्थितियों की समीक्षा के बाद इन प्रमंडलों में संगठन को मजबूत करने के लिए भाजपा 2023 में कई बड़े बदलाव करने की तैयारी कर रही है। इसके पहले दिसंबर के आखिरी सप्ताह में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने संगठन की नब्ज टोली है। उन्होंने पार्टी पदधारियों व जिला अध्यक्षों को बूथ कमेटियों को सशक्त बनाने का निर्देश दिया है। पार्टी के बड़े नेताओं को मंडलों पर प्रवास कार्यक्रम बनाने को कहा गया है।

**भाजपा-आजसू मिलकर तय करेंगे उम्मीदवार**

2023 में रामगढ़ में उपचुनाव भी होना है। भाजपा 2019 के बाद से राज्य में हुए चार उपचुनाव हार चुकी है। इससे सबक लेकर भाजपा किसी भी हाल में यह सीट नहीं गंवाना चाहेगी। हालांकि, इस सीट पर भाजपा की सहयोगी आजसू का मजबूत दावा है। इसलिए, उम्मीद है कि आजसू और भाजपा का साझा प्रत्याशी उपचुनाव में खड़ा होगा। इसके पहले मधुपुर उपचुनाव की तरह आजसू के नेता को भाजपा में लाकर चुनाव लड़वाने का रिस्क नहीं लेना चाहेगी। इसका सीधा फायदा विपक्ष को मिलेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि राजग मिल-जुलकर उम्मीदवार तय करेगा। हालांकि, यह दीगर है कि राजग की औपचारिक बैठक तक नहीं हुई है।

इधर,नये साल में भाजपा कुछ नये नेताओं को संगठन में शामिल कराने की रणनीति बना रहा है। इनमें विपक्षी पार्टियों के नेता तो होंगे ही। साथ ही, वे नेता भी होंगे जो 2019 में रघुवर दास की वजह से भाजपा छोड़कर दूसरे दलों में चले गये थे। इनमें सरयू राय, अमित यादव और दुष्यंत पटेल जैसे नेता शामिल हैं। ताला मरांडी और शशि.ूषण सामड जैसे नेता पहले ही घर वापसी कर चुके हैं। निष्क्रिय हो चुके वरिष्ठ नेताओं को भी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय किया जायेगा।

भाजपा ने संथाल और कोल्हान में पार्टी को मजबूत करने की रणनीति बनायी है। लेकिन इन प्रमंडलों में मजबूती से पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई आदिवासी चेहरा अभी नहीं दिख रहा है। संथालपरगना से हेमलाल मुर्मू अब पार्टी को बाय-बाय कह चुके हैं। अर्जुन मुंडा बड़े लीडर माने जाते हैं। लेकिन, सरायकेला-खरसावां में विधानसभा चुनाव में नकारे जाने के बाद वे कोल्हान में मजबूत स्थिति में नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को भी जनता नकार चुकी है। हालांकि दोनों नेता केंद्रीय नेतृत्व की गुडबुक में हैं। यही वजह है कि कोल्हान और संथाल दोनों प्रमंडलों में भाजपा पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को लगातार संगठन को मजबूत करने के लिए भेज रही है। इसके अलावा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह इन प्रमंडलों की सांगठन को मजबूत करने के लिए लगातार प्रवास कर रहे हैं। जहां तक एसटी सुरक्षित 28 सीटों का सवाल है तो राज्य का आदिवासी समाज तेजी से भाजपा की ओर मुखातिब हुआ है। गठबंधन सरकार की भ्रष्टाचारपरस्त नीतियों के कारण जनता आक्रोशित है। वहीं, केंद्र सरकार ने आदिवासियों के कल्याण की कई योजनाएं शुरू की हैं।भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाकर राज्य और राज्यवासियों को सम्मान दिया गया है। जनजातीय समाज की महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर भाजपा ने फ्रंटफुट पर खेला है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी 14 सीटों और विधानसभा की दो तिहाई सीट पर जीत हासिल करने के लिये पसीना बहा रही है।

# शुगर एवं किडनी के इलाज के लिए 544 पुलिसकर्मियों को मिला 1.39 करोड़ रुपया

**रांची।** झारखंड पुलिस के जवानों को शुगर का इलाज या किडनी ट्रांसप्लांट कराने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। ऐसे पुलिसकर्मियों के इलाज के लिए झारखंड पुलिस सहाय्य एवं कल्याण कोष से राहत राशि उपलब्ध कराने की मंजूरी मिल गई है। जिन्होंने पुलिस मुख्यालय में आवेदन दिया था। दरअसल डीजीपी की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक में पुलिस सहाय्य एवं कल्याण कोष से उन पुलिसकर्मियों व उनके निकट परिजनों को चिकित्सा के लिए अलग-अलग राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि तीस हजार रुपए से लेकर सात लाख तक निर्धारित की गई है। 544 पुलिसकर्मियों के आवेदनों की मंजूरी के बाद इलाज के लिए 1.39 करोड़ की रकम आवंटित की गई है। इस संबंध में डीजीपी के आदेश पर डीआईजी (बजट) ने संबंधित जिलों के एसपी के साथ पुलिस के विभिन्न विंगों से राशि मुक्त करने का निर्देश दिया है।

# नये साल के पहले दिन राजधानी के धार्मिक स्थलों और पार्कों में उमड़ी भीड़

**रांची।** नववर्ष 2023 के पहले दिन राजधानी के लोग सबसे पहले मंदिर गये। यहां पूजा-अर्चना करने के बाद परिवार के संग मौज-मस्ती को पार्कों के लिए निकल पड़े। पार्क पहुंच कर बच्चों और परिवार के संग मस्ती की और देर शाम घर लौट आये। नये साल के पहले दिन यानि रविवार को कुछ इसी तरह का नजारा राजधानी में देखने को मिला। रांची के पहाड़ी मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। कतारबद्ध होकर पहाड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। दूर-दूर से लोग पहाड़ी बाबा के दर्शन करने आये थे। मंदिर के कारण सड़कों पर भी भारी जाम लग गया था। हालांकि जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। मजिस्ट्रेट तक की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। सुखदेव थाना प्रभारी भी मंदिर परिसर के आस-पास की गतिविधि और विधि व्यवस्था पर नजर बनाये हुए थे।








## पार्कों और डैमों में था मस्ती का आलम

राजधानी के बीचोबीच स्थित सिद्धो-कान्हो पार्क, डॉ राम दयाल मुंडा पार्क, ऑक्सीजन पार्क और नगर निगम पार्क समेत अन्य पार्कों में भी राजधानी के लोग परिवार संग दिखे। सिद्धो-कान्हो पार्क में जैनियों का एक परिवार काफी देर से मस्ती कर रहा था। दैनिक खबर मन्त्र संवाददाता जब उनके पास पहुंचा और उनकी मस्ती में शामिल होने का प्रयास किया तो लोगों ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। नरेंद्र जैन का परिवार मंदिर में पूजा-पाठ करने के बाद पूरी खाद्य सामाग्री लेकर पार्क आया था। यहां आकर लोगों परिवार के बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों ने नये साल से पहले दिन को खास बना दिया।



धुर्वा डैम,रांची













# नव वर्ष पर राजधानी के पिकनिक स्पॉटों पर जिला प्रशासन की ओर से किये गये थे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नववर्ष के पहले दिन पिकनिक मनाने के लिए राजधानी रांची के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर सैलानियों की भीड़ नजर आयी. लोग देर शाम तक नए साल के जश्न में डूबे रहे। वहीं भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से पिकनिक स्पॉटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। राजधानी के कई पिकनिक स्पॉटों पर लोग नए साल का जश्न मनाने के लिए पहुंचे थे। ज्यादातर लोग डैम के पास और तालाब के किनारे नया साल मना रहे थे। ऐसे में जिला प्रशासन की ओर से लोगों की सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किया गया था, ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो सके।



**पिकनिक स्पॉटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

राजधानी के कई पिकनिक स्पॉट काफी खतरनाक हैं, लेकिन वहां भी लोग नए साल का जश्न मनाने के लिए साल के पहले दिन पहुंचे थे। लोग वहां पर सेल्फी लेते नजर आए। कुछ लोग डैम जैसे खतरनाक जोन में घूमने आए थे। हालांकि प्रशासन की ओर से जगह-जगह सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। एक जनवरी 2023 की सुबह 7:00 से शाम 5:00 बजे तक सुरक्षाकर्मियों और पदाधिकारियों को तैनात रहने का दिशा निर्देश दिया गया था।

**खतरनाक और प्रतिबंधित जगह पर पुलिस की कड़ी नजर**

सुरक्षाकर्मियों को जिला प्रशासन की तरफ से हिदायत दी गई थी कि खतरनाक और प्रतिबंधित जगह पर घूमने ना जाएं। जो लोग नियमों के विरुद्ध खतरनाक स्पॉट पर जा रहे हैं उन पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। रांची के धुर्वा डैम, कांके डैम, गेतलसूद डैम, रुक्का डैम, जोन्हा फॉल, सीताफॉल डैम, अनगारा, पहाड़ी मंदिर, टैगोर हिल, पिठोरिया घाटी इत्यादि जगहों पर तैनात जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा कर्मचारियों को सुरक्षात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था। सुरक्षा में तैनात दंडाधिकारियों की विशेष नजर ड्रंक ड्राइव, रैश ड्राइविंग या महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले लोगों पर था। वहीं प्रशासन की ओर से नदी, जलाशय, फॉल में बोटिंग करने वाले लोगों के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य किया गया था।

## नये साल के पहले दिन 50 हजार लोग उमड़े राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव में



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नव वर्ष के पहले दिन राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव में रविवार को 50 हजार लोगों ने शिरकत की। लोगों ने अपने नए साल के जश्न को महोत्सव के नाम किया। सुबह से ही लोगों का आना जारी रहा। देखते ही देखते परिसर में लोगों की भीड़ जमने लगी। कोई अपने परिवार के संग झूलों का मजा ले रहा, तो कोई अपने घरों को सजाने के लिए सजावटी सामानों की खरीदारी करता दिखा। कई लोग तो परिसर में घूमते घूमते थक्कर धूप का आनंद लेते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाते भी देखे गए।

खादी बोर्ड के सीईओ राखाल चन्द्र बेसरा ने कहा कि दिव्यांग लोगों के लिए ई-रिक्शा से मेला घुमने की व्यवस्था है, यह एक अच्छी पहल की है। मेला परिसर में ई-रिक्शा की निःशुल्क व्यवस्था की गई, जो महोत्सव के आखरी दिन तक दिव्यांग जनों और बुजुर्गों लिए होगा। महोत्सव में जब लक्ष्मी मुंडा और उनकी टीम की ओर से नागपुरी नृत्य पेश किया गया। साथ ही सुजाता कमल और मुस्कान वर्मा ने अपने गीतों से झुमाया।

## आज का राशिफल 02-01-2023

मेष : मन मे एक बेचैनी होगी साथ ही अनजाना भय भी होगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। अध्यात्म में रुचि रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में उचित लाभ हो सकेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। राहु के मंत्रों का जाप करें।

वृष : कोई गलत कार्य मे खर्च में बृद्धि होने से मन खिन्न होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। मित्रों की मदद से महत्वपूर्ण कार्य पूरे होने के आसार हैं। दान के रूप में कंबल और चावल किसी जरूरतमंद को दे।

मिथुन : गलत आय से बचें । साथ ही आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा। घर-बाहर पूछ-परख बढ़ेगी। कार्यसिद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ने से व्यापारिक लाभ अधिक होने के योग हैं। यात्रा में सावधानी रखें।

कर्क : कर्म के बल पर अच्छा आय होगा। राहु के प्रभाव से भटकाव होगा। धर्म मे मन लगेगा। कोई अच्छी खबरें मिलेंगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहेगा। मानसिक तनाव कम करने के लिए दुर्गा के मंत्रों से हवन करे।

सिंह : किसी से विवाद हो सकता है। साथ ही लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। आर्थिक समस्या रह सकती है। नए कामों में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। सूर्य को जल दे।

कन्या : जीवनसाथी से लाभ होगा। साथ ही रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता बनी रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखना चाहिए। श्रम अधिक करना होगा। आपके कार्यों की समाज एवं परिवार में आलोचना हो सकती है। पितरों के नाम पर भोजन दान करें।

तुला : मौसमी बीमारियों से बचें। छोटी यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। जोखिम न लें। आवास संबंधी समस्या रहेगी। रचनात्मक कामों का प्रतिफल मिलेगा। पूर्व में किए गए कार्यो का शुभ फल प्राप्त हो सकेगा।

वृश्चिक : उदर रोग कुछ परेसानी का कारण बन सकता है। इसे हल्के में नही ले। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। बड़े लोगों से भेंट होगी, जिसका लाभ भविष्य में मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे।

धनु : शिक्षा संबंधित कोई शुभ समाचार मिलेगा।बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। दिन प्रतिकूल रह सकता है। सामाजिक स्तर में परिवर्तन एवं प्रतिष्ठा को लेकर चिंतित रहेंगे। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

मकर : माता या घर मे किसी महिला का स्वास्थ खराब हो सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। थकान रहेगी। वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है। माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहेगा। दिन प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी।

कुंभ : कार्य का बोझ अधिक होगा। कार्यस्थल पर परेसानी होगी जिससे थकान भी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद से बचें। नए कार्यों में लाभ होने की संभावना है। परिवार की तरक्की होगी। आलस का त्याग करें।

मीन : गांव या दूर से कोई सामान्य खबर मिल सकता है। जो अच्छा नही होगा। पर आय का नया द्वार खुलेगा। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। प्रमाद से बचें। दूरदर्शिता एवं बुद्धिमानी से कई रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। खर्चो में कमी करना होगी।

# नववर्ष पर एक्वा वर्ल्ड में उमड़ी भारी भीड़

## कार्निवल 2023 में मोनोटोन बैंड के रेट्रो और पॉप गीतों पर झूमते रहे लोग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल 2023 में नव वर्ष के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ी।पिकनिक मनाने वालों का सुबह से आना जारी रहा। लोगों ने आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का भरपूर आनंद उठाया। रविवार का मुख्य आकर्षण मोनोटोन बैंड की लाइव प्रस्तुति थी। बैंड ने रेट्रो और पॉप गीतों से लोगों को झुमा दिया। इसके अतिरिक्त पब्लिक डिमांड पर चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन का फिर से आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न राउंडों में लगभग 800 लोगों ने हिस्सा लिया।

कार्निवल में सबसे ज्यादा ठहाके तब लगे जब जोरू का गुलाम कंपटीशन में पतियों को स्टेज पर अपनी पत्नियों की जूतियां को चमकाने बुलाया गया। नया वर्ष का मूड था।पतियों ने भी अपने रूमालों से जूतियों की खूब सफाई कर दी। सीनियर सिटीजंस के लिए भी रैंप वॉक रखा गया था। बुजुर्गों ने भी बुड्ढा होगा तेरा बाप की धुन पर रैंप वॉक करके दिखा दिया कि वे भी किसी से कम नहीं है।बच्चों ने अपने दादा दादी को रैंप पर देख कर खूब तालियां बजायी। परवेज कुरैशी ने अपने मिमिक्री से लोगों का खूब मनोरंजन किया।

निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल ने बताया कि 2 जनवरी को कार्निवल का शाम 7.30 बजे समापन हो जायेगा। 2 जनवरी के मुख्य आकर्षणों में लाइव डीजे उदय देवा का परफॉर्मेंस रहेगा।सबसे बड़ा झूठा कौन, खईके पान बनारस वाला, बेस्ट आउटफिट कंपटीशन आदि का भी आयोजन होगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वालों में एक्वा वर्ल्ड ग्रुप चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, को चेयरमैन डॉ विद्या झा शाहदेव, निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल, शुभोजित, बिप्तू, गौरव अग्रवाल, रवि सिंह, सुमित, धीरज, संतोष, लोकेश, श्वेता, ईशा वर्मा, चंदन,अंजू, संगीता, शीतल, अमीषा, नंदनी, सपना,मुस्कान, रिया, कोमल, अमीषा तान्या, कोमल सिंह आदि हैं।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में नूतन वर्ष पर हुआ आध्यात्मिक कार्यक्रम

### ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, आध्यात्मिकता के दिव्य मंत्र से ही पैदा हो सकता है अपनत्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान हरमू रोड में नूतन वर्ष के अवसर पर रविवार को आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किशन साबू नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश्वरी समाज ने कहा कि कितने वर्ष आये और चले गये। सुबह होती है, शाम होती है, यूं ही उम्र तमाम होती है। इस नववर्ष में दृढ़ संकल्प है कि हर सुबह सुनहरी सुबह हो जाये, हर समस्या की शाम हो जाये ।जीवन गुलजार हो जाये। दूसरों के काम आ जाये। भगवान राजी हो जाये, जिंदगी वाह-वाह हो जाये।

कार्यक्रम में उपस्थित दिनेश कुमार रूसिया, संकाय अध्यक्ष कृषि अभियांत्रिकी बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने कहा कि नये साल में कम सोच, धीमी सोच, नयी सोच हो । सोच बहुत बड़ी शक्ति है। उसे सही व सकारात्मक दिशा देना उपलब्धि है। सोच जितनी कम होगी, उतनी ही कामयाबी का मार्ग प्रशस्त होगा। धीरे सोचना भी समय की आवश्यकता है। धीमी सोच धर्यता लाती है, जिससे जीवन धर्मनिष्ठ कर्मनिष्ठ हो जाता है। सुभाष चंद्र गर्ग, उपमहाप्रबंधक नाबार्ड ने कहा कि गुण रूपी मिठास किसकी चाहत नहीं है। मीठी सोच चेहरे पर मुस्कुराहट लाती है, इसके फलस्वरूप सफलता सहज ही मिल जाती है। कार्यक्रम में अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कीर्तिमान शाहदेव, समाजसेवी ने कहा कि ध्यान व योग का जीवन में प्रयोग करके हम अपने संकल्प शक्ति को शुभ कल्याणकारी तथा श्रेष्ठ बना सकते हैं। योग द्वारा स्वयं का सम्पूर्ण स्नेह परमपिता परमात्मा शिव से जोड़ लें, तो हमारी बुद्धि और संकल्प सात्विक व शुभभावना से संपन्न बन जायेंगे।

अनीता साबू नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष माहेश्वरी महिला सभा ने कहा कि ध्यान योग के निरंतर अभ्यास से आत्म ज्योति जग जाती है और कर्मेन्द्रियों पर मन का नियंत्रण होने लगता है। इससे मन में उठने वाले सूक्ष्म संकल्पों को भी हम चेक कर सकते हैं और सकारात्मक संकल्पों को कार्य में ला सकते हैं। विमला फलोड़ सचिव माहेश्वरी महिला सभा ने कहा कि योग से हमारे संकल्पों में परिवर्तन आता है। संकल्प से फिर कर्मों में बदलाव आता है और फिर संस्कारों में फेर बदल होता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि बहुत समय से दुख व अशांति के ओढ़े हुए लबादे को फेंक कर ही आत्मा सुख शांति के सुंदर लिबास को धारण कर सकती है। समस्त विश्व को एकता और शांति के मधुर सूत्र में पिरोने का दिव्य कार्य किसी वैज्ञानिक, राजनीतिज्ञ या धर्म स्थापक का न होकर केवल मात्र विश्व पिता परमात्मा द्वारा ही होना संभव है। राष्ट्र आज नैतिकता से विखंडित मूल्य विहीन हो गये हैं। आध्यात्मिकता के दिव्य मंत्र की सभी लोगों के कानों में फेंककर ही सबमें अपनत्व का नाता पैदा हो सकता है। नैतिक पतन के इस समय संहारक अस्त्रों के प्रसार से जो विनाश विगुल बज रहा है, उसके साथ नये सद्युगी विश्व की स्थापना के कार्य को पूरा कराने के लिए शांति के सागर परमात्मा सहनशीलता की अनुभूति करा रहे हैं। कार्यक्रम में गाइडेड मेडिटेशन का अभ्यास कर सभी के लिए सकारात्मक उर्जा प्रवाहितकी गयी। कलाकारों द्वारा नये वर्ष के अवसर पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गयी।

# चर्चों में पवित्र मिस्सा अनुष्ठान व विशेष आराधना से मसीहियों ने किया नववर्ष 2023 का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** नववर्ष के आगमन से पूर्व जहां बच्चे, युवा व बुजुर्ग इसे अपने अपने स्तर से मनाने की तैयारी कर रहे थे। वहीं समय के साथ चलते हुए नववर्ष के प्रथम दिन राजधानी के तमाम गिरजाघरों में आज मसीही अनुयायियों ने पवित्र मिस्सा अनुष्ठान व विशेष आराधना से नववर्ष 2023 का स्वागत किया। इस मौके पर राजधानी के विभिन्न चर्चों में वहां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिनियुक्त बिशप अथवा पुरोहित की अगुवाई में मसीहियों ने पवित्र मिस्सा चढ़ाई तथा आराधना की।

डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मेरिड कैथेड्रल में कैथोलिक मसीही विश्वासियों ने प्रातः 5:30 बजे से आरंभ पहली मिस्सा, उसके बाद दूसरी मिस्सा व तीसरी मिस्सा मे उस मिस्सा के लिए प्रतिनियुक्त पुरोहित के नेतृत्व में प्रार्थनाएं की। वहीं बहू बाजार स्थित संत पॉल्स कैथेड्रल में चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (सीएनआइ) के मसीही विश्वासियों ने प्रातः 6:15 बजे नए साल के अवसर पर नववर्ष प्रभुभोज की आराधना हुई। जिसके मुख्य अनुष्ठक व उपदेशक सीएनआई के बिशप बीबी बास्के रहे। इस प्रार्थना के दौरान अमित सुरीन व विलासी पूर्ति ने बाईबल से वचन पढ़ कर सुनाए जबकि संध्या लकड़ा ने भंजन संहिता पढ़ी।

संत जेम्स चर्च मेन रोड में जीईएल चर्च के विश्वासियों ने प्रातः 6:30 बजे नए साल का स्वागत नववर्ष पवित्र प्रभुभोज के साथ किया। जिसमें आराधना का संचालन रेव्ह ए गुड़िया व रेव्ह ए टेटे ने संयुक्त रुप से किया। इस आराधना के दौरान उपदेशक बिशप सीमांत एस तिर्की रहे। प्रभुभोज में रेव्ह सीएबी नाग ने सहयोग किया। दिन के साढ दस बजे के एडल्ट सर्विस प्रभुभोज में आराधना का संचालन रेव्ह बी तोपनों ने किया जबकि उपदेशक रेव्ह अमित लकड़ा रहे। वहीं संध्या आराधना शाम चार बजे से हुई। जिसमें आराधना का संचालन रेव्ह एन गुड़िया ने किया जबकि उपदेशक महिला पादरी रेव्ह ममता बिलुंग रहीं। एनडब्ल्यूजीईएल चर्च के विश्वासियों ने इसी चर्च में नववर्ष पर पवित्र प्रभुभोज आराधना दिन के 8:30 बजे की। जिसमें आराधना का संचालन रेव्ह यीशु नासरी मिंज ने किया जबकि उपदेशक आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो रहे। इसमें रेव्ह जयदीपक टोप्पो तथा रेव्ह डी टोप्पो ने सहयोग किया।

## डीएसपीएमयू के डीएसडब्ल्यू सेवानिवृत्त हुए

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के इतिहास विभाग में प्रोफेसर सह वर्तमान में डीएसडब्ल्यू और डीन, सोशल साइंस के पद पर कार्यरत प्रो अनिल कुमार बीते 31 दिसंबर 2022 को सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति के उपरांत रविवार को विवि प्रबंधन ने उन्हें पुष्पगुच्छ और शॉल देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि प्रो अनिल कुमार ने 2009 में तत्कालीन रांची कॉलेज, अब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में अपना योगदान दिया था। इसके उपरांत विश्वविद्यालय के कई महत्वपूर्ण पदों, विभागाध्यक्ष, डीन सोशल साइंस और डीएसडब्ल्यू के पद पर अपनी सेवाएं दी। सम्मान समारोह के मौके पर विवि के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह आदि मौजूद थे।

# बालाजी मंदिर में धनुर्मास अनुष्ठान में उमड़े श्रद्धालु



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अंग्रेजी नववर्ष और लक्ष्मी स्वरुपा माता गोदम्बा देवी के धनुर्मास अनुष्ठान के शुभ अवसर पर भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर और श्रीदेवी का शास्त्रोक्त विधि से महाभिषेक किया गया । दूध, दही, शहद, नारियल पानी,हल्दी, चंदन और गंगाजल से भगवान को स्नान कराया गया । भगवान को नक्षत्र आरती, कुम्भ आरती और कर्पूर आरती उतारी गयी । सुगंधित फूलों से भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया और भक्तों में विशेष भोग का वितरण किया गया । महाभिषेक का अनुष्ठान वृंदावन से पधारे श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य और गोविंदाचार्य के सानिध्य में संपन्न हुये । महाभिषेक के यजमान अरुण कुमार, अनुराधा सिन्हा थे। मौके पर रामअवतार नारसरिया, मुरारी मंगल, प्रदीप नारसरिया, रंजन सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे । स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज ने उपस्थित सभी भक्तों को नववर्ष की मंगल कामना दी। स्वामी जी ने बताया कि भगवान की भक्ति में ही सारी शक्ति निहित है। भक्तों को चेष्टापूर्वक भगवान से भक्ति मांगनी चाहिए।

## साल के प्रथम दिन अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ आयोजन

**रांची।** प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 65 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण पुंदाग स्थित निर्माणाधीन मंदिर के प्रांगण में हुई। इस भंडारे का संचालन अपनी बेटी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे संस्था की सदस्य एवम गुरु महाराज की परम भक्तिभावी शिष्या और उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से गुप्त दान द्वारा किया गया। इसमें 1400 से ज्यादा श्रद्धालुओ राहगीरों एव जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद के रुप में कचौड़ी, पूरी, समोसा, लिटी, चूरमा, दाल, आलू टमाटर मिक्सड सब्जी, वेजिटेबल पुलाव, समोसा, केसरिया जलेबी भरपेट ग्रहण कर तृप्त हुए। संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने यह जानकारी दी।

# रांची महिला कॉलेज की संस्थापक बागे को दी गयी अंतिम विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची महिला कॉलेज की संस्थापक सह कांग्रेस नेत्री और पूर्व विधान पार्षद सिल्विया बागे को रविवार को मिप्ती दी गयी। इससे पहले शिक्षाविद सिल्विया बागे का पार्थिव शरीर रविवार को उनके अंतिम दर्शन के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय रांची लाया गया। यहां पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ अर्पित कियाष मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। पुष्पांजलि देने के बाद दिवंगत नेत्री के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। इसके बाद सिल्विया बागे को जीईएल चर्च के सिरम टोली कब्रिस्तान में सुबह 11 बजे दफन किया गया। इस दौरान उनके पुत्र संजीव बागे ने सबसे पहले मिप्ती दी। उसके बाद मौके पर उपस्थित तमाम लोगों ने बागे को मिप्ती दी। बताते चलें कि शनिवार की सुबह उनका निधन हो गया था।

कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व विधान पार्षद सिल्विया बागे का निधन न सिर्फ कांग्रेस पार्टी के लिए, बल्कि झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। बताते चलें कि सिल्विया बागे 1986 से 1998 तक दो बार विधान पार्षद रहीं थी। वे कांग्रेस की प्रख्यात नेता सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व. सुशील कुमार बागे की धर्म पत्नी थी। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शोक व्यक्त करते हुए कहा था कि पूर्व विधान पार्षद सिल्विया बागे का निधन न सिर्फ कांग्रेस पार्टी के लिए, बल्कि झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है।

## खबर एक नजर में

### श्री काली पूजा समिति ने निराश्रित बच्चों के बीच किया पिकनिक का आयोजन



**रांची।** डोरंडा बाजार श्री काली पूजा समिति द्वारा प्रत्येक वषार्नुसार इस वर्ष भी नववर्ष के अवसर पर आदिम जाति सेवा मंडल द्वारा संचालित निराश्रित बच्चों के आश्रम में पिकनिक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा आश्रम के बच्चों के लिए नाशते और भोजन की व्यवस्था की गयी। पिकनिक के कार्यक्रम में आश्रम के बच्चों के अलावे समिति के अध्यक्ष राजू चौरसिया, सचिव जयदेव घोष, प्रकाश वर्मा, विवेक सहाय, सुनील सिन्हा, प्रकाश, राजेश वर्मा, विजय सिन्हा, प्रदीप घोष, प्रदीप पांडेय, अशोक घोष, अशोक पासवान, विश्वनाथ राम, निर्मल गुप्ता, व समिति के अन्य सदस्य शामिल हुए और नववर्ष की शुभकामनाएं दी। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी मनोज वर्मा ने दी।

### होटल द पार्क रिट्रीट व पूजा रेस्टोरेंट के सौजन्य से गरीबों के बीच बंटे कंबल



**रांची।** राजधानी रांची के बिरसा चौक (हटिया स्टेशन रोड) स्थित होटल द पार्क रिट्रीट व पूजा रेस्टोरेंट के संयुक्त सौजन्य से रविवार को गरीबों व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। होटल के संचालक व क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी रामाशंकर प्रसाद ने बिरसा चौक, हटिया स्टेशन, जगन्नाथपुर, सीठियो, पत्थरकोचा, मामानगर सहित अन्य क्षेत्रों के दो सौ गरीब व बेसहारा लोगों के बीच कंबल बांटे। इनमें अधिकतर वृद्ध व लाचार महिला–पुरुष शामिल थे। इस अवसर पर रामाशंकर ने कहा कि गरीबों और लाचार लोगों की सेवा करने से सुखद अनुभूति होती है। जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने बताया कि पिता लक्ष्मण प्रसाद व माता अशर्फी देवी की स्मृति में विगत 15 वर्षों से हरेक वर्ष जाड़े के मौसम में ठंड से गरीबों को राहत देने के लिए कंबल का वितरण किया जाता है। उन्होंने पीड़ित मानवता की सेवा के लिए अन्य समाजसेवियों व सामाजिक संगठनों से भी बढ़–चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की। इस अवसर पर आशा देवी, पूजा जायसवाल, खुशबू कलवार,आदित्य कलवार,अंकित कलवार,अभिषेक जायसवाल, गोपाल कृष्ण झा, श्रीधर सिंह, गणेश ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

### झारखंड इदरिसी दर्जी वेलफेयर फाउंडेशन की बैठक संपन्न

**रांची।** झारखंड इदरीसी दर्जी वेलफेयर फाउंडेशन की बैठक रविवार को चान्हो प्रखंड में केंद्रीय संरक्षक मोहम्मद सईद इदरीसी के दिशानिर्देश तथा मोहम्मद तौहीद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दर्जी टेलर के काम से जुडे हुए लोग फाउंडेशन में शामिल हुए। शामिल लोगों में मोहम्मद मुस्तफा, मो नसीर, मास्टर मोहम्मद जमाल, मो सज्जाद, शुजाउद्दीन अंसारी, मो नजीर, मो साजिद, मो मकबूल अहमद, मो अमजद अंसारी, शब्बीर अंसारी, मो साजिद, मो जावेद, मो खुर्शीद अंसारी समेत झारखंड इदरीसी दर्जी वेलफेयर फाउंडेशन में दामन थामा। फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आफताब आलम, महासचिव अशरफ हुसैन, खजांची खालिद उमर, महिला फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉक्टर शाजदा खातून ने सभी नए लोगो को फूल माला पहनाकर और गुलदस्ता देकर फाउंडेशन में शामिल किया।

# नववर्ष पर विशेष रूप से सजाये गये सांवले सरकार

## रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में हजारों की संख्या में भक्तजनों ने टेका मत्था

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में नववर्ष पर 1 जनवरी को मंदिर परिसर में विराजमान खाटू नरेश का दिव्य विशेष भव्य श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगायी गयी लाल गुलाब, रजनीगंधा, सफेद स्टार, मुर्गन, पीला स्टार, लाल गेंदा, पीला गेंदा व तुलसीदल की मोटी-मोटी फूल मालाओं से सांवले सरकार को सजाया गया। श्री हनुमान जी महाराज, श्री शिव परिवार, श्री शालिग्राम जी, श्री लड्डू गोपाल जी, प्राचीन तेल चित्रों व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया था।

श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि इस अवसर पर तिल की रेवड़ी, फल व पंचमेवा का विशेष प्रसाद चढ़ाया गया। अगरतला त्रिपुरा से पधारे संदीप अग्रवाल, श्रीमती रीता अग्रवाल, ऋषभ व रौनक अग्रवाल ने परिवार के साथ श्रृंगार व पंचमेवा भोग की सेवा निवेदित की। रविवार के प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों का आगमन प्रारंभ हो गया था। बड़ी संख्या में भक्तों ने श्री श्याम मंदिर पहुंचकर अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की और अपना मत्था टेका। प्रातः 5:30 बजे मंगल आरती व बाल भोग, 8:30 बजे श्रृंगार आरती व भोग तथा दोपहर 12:15 बजे विश्राम शंख आरती व भोग अर्पित करके मंदिर के पट बंद कर दिये गये। पुनः 4:30 बजे मंदिर के पट खोला गया। हजारों की संख्या में भक्तजनों ने श्री श्याम दरबार में अपना मत्था टेका। रात्रि 7:00 बजे ग्वाल आरती व भोग, रात्रि 8:00 बजे भोग दर्शन और 8:30 बजे आरती हुई। सभी आरती में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। रात्रि 9:30 बजे मंदिर के पट बंद कर दिये गये। संपूर्ण दिवस मंदिर में भक्तों का मेला लगा रहा। भक्तजन 1 जनवरी का स्वागत कर रहे थे। इस अवसर पर श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, पंकज गाड़ोदिया, रतन शर्मा, राजकुमार टिबरेवाल, स्नेह पोद्दार, मीरा अग्रवाल, रौनक पोद्दार, किशन शर्मा, अरविंद सोमानी, दिनेश अग्रवाल आदि ने उपस्थित रहकर व्यवस्था में अपना सहयोग दिया।

**आज एकादशी कीर्तन :** 2 जनवरी 2023 सोमवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में एकादशी कीर्तन रात्रि 9:30 बजे से होगा। इस अवसर पर कोलकाता से आने वाले फूलों से विशेष श्रृंगार किया जायेगा।

## मुनिश्री डॉ. ज्ञानेंद्र ने किया वृहद मंगल पाठ

**रांची।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ संघ के आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री डॉ.ज्ञानेंद्र कुमार , मुनिश्री विमलेश कुमार, मुनिश्री पदम कुमार तथा मुनिश्री सुबोध कुमार का दिगम्बर जैन हरमू में प्रवास के दौरान रविवार को नववर्ष के मौके परं सुबह 9 से 10 बजे अभिनव सामायिक समारोह हुआ जिसमें समाज के लोगों ने एक साथ सामायिक का सेवा लाभ लिया। तत्प>ात आगे के कार्यक्रम में महिला मंडल एवं कन्या मंडल के द्वारा गीतिका पेश की गई। बच्चो ने जैन ज्ञानशाला के ऊपर नाटक मंचन कर गीत प्रस्तुत किया। मुनि श्री डॉ.ज्ञानेंद्र कुमार का प्रवचन भी तदुपरांत वृहद मंगल पाठ करवाया। मुनि श्री डॉ.ज्ञानेंद्र कुमार ने अपने प्रवचन में लोगों को सूर्य की तरह तेजस्वी बनने का संकल्प लेने पर जोर दिया। कहा कि तेजस्विता तभी बढ़ेगी जब जीवन मे या समाज में फैली विकृतियों को दूर करेंगे। दूसरों को देखकर आडंबर करना समझदारी नहीं है।

# नववर्ष पर रिकार्ड पर्यटक पहुंचे हुंडरू और जोन्हा फॉल

स्पीड न्यूज

### ड्रामेटिक क्लब की अध्यक्ष राजमाता को दी श्रद्धांजलि

**सिल्ली।** सिल्ली के ड्रामेटिक क्लब की ओर से क्लब की दिवंगत अध्यक्ष राजमाता विद्या सिंहदेव को श्रधंजलि दी गयी। क्लब के सदस्यों ने दिवंगत राजमाता विद्या सिंहदेव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रधंजलि दी। इस मौके पर क्लब के सदस्यों ने राजमाता के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये एवं दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर राजा पुष्पेंद्र सिंह देव, दिवाकर सिंह देव, नरोत्तम गोरई, विनय कृष्ण चक्रवर्ती, गौरी नाथ सिंह, नवल किशोर गुप्ता, चितरंजन चैधरी, सत्येंद्र सिंह, नंदलाल विश्वकर्मा, रणजीत चंद्र, वीरेंद्र नाथ चैधरी, दीपक कर, विजय भद्र, तपन विश्वकर्मा ड्रामाटिक क्लब के सदस्य मौजूद थे।

### बच्चों की खेल सामग्री चुरा ले गए चोर

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के कुच्चू में अज्ञात चोरों ने बंद स्कूल को निषाना बनाया है। स्कूल में अभी छुट्टी चल रहा है। राज्यकीय मध्य विद्यालय कुच्चू स्कूल के दरवाजे की ताला टुटा देख। स्थानीय लोगों द्वारा विद्यालय के प्राचार्य रेखा साहू व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विंदेष्वर महतो को इसकी सूचना दी गई। विद्यालय कार्यालय व किचन सहित कई दरवाजे ताला ताड़ अंदर घुसे चोरों ने तीन गैस सिलेंडर, स्कूल का ट्रंक का तोड़ म्यूजिक सिस्टम, प्रोजेक्टर, एटेंडेंष बनाने वाला स्केनर मशीन के साथ चोरों ने बच्चों के खेल सामग्री तक ले गए। प्राचार्या रेखा साहू द्वारा ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराने के बाद ओरमांझी थाना पुलिस चोरों का पता लगाने का प्रयास की जा रही है। इससे पूर्व भी कई स्कूलों में चोरी की घटना हो चुकी है।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिकिदिरी।** नव वर्ष का जश्न मनाने के लिए पहली जनवरी को रेकॉर्ड पर्यटकों की भीड़ हुंडरू फॉल और जोन्हा फॉल पहुंची थी। इसके अलावा सीता फॉल, गेतलसूद डैम व सालहन पतरा में काफी संख्या में पर्यटक पिकनिक मनाने पहुंचे थे। पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि झारखण्ड समेत पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़िसा, छतीसगढ़ से शनिवार को हुंडरू लगभग 35 से 40 हजार पर्यटक हुंडरू फॉल जबकि 25 हजार पर्यटक जोन्हा फॉल देखने पहुंचे थे। भीड़ इतनी थी कि हुंडरू फॉल में पिकनिक मनाने के लिए जगह कम पड़ गई थी। लोग फॉल के पहले ही सड़क के किनारे पिकनिक मनाते नजर आए। पार्किंग कम होने के कारण हुंडरू फॉल से एक किलोमीटर पहले से ही सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। कार्यरत सभी पर्यटनकर्मी भीड़ सम्भालने में हलकान दिखे। युवको में खासा उत्साह नजर आ रहा था। युवक भोजपुरी और नागपुरी गीतों में थिरकते नजर आए। अनगड़ा बीडीओ उत्तम प्रसाद, सिल्ली डीएसपी खीस्टोफर केरकेट्टा, अंचल पदाधिकारी पुष्पक रजकए अनगड़ा थानेदार ब्रजेश कुमार जोन्हा फॉल व सीता फॉल में जबकि सिकिदिरी थानेदार सत्य प्रकाश रवि और एसआई अरुण कुमार सिंह हुंडरू फॉल व गेतलसूद डैम में पुलिस बल के साथ मुश्तैद रहे।



### हुंडरू फॉल से दो पर्यटक लापता

हुंडरू फॉल में पश्चिम बंगाल हावड़ा जिले के उदय नारायणपुर से पिकनिक मनाने पहुंचे एक पर्यटक रतन गाछी का पता नहीं चल सका है। पर्यटनकर्मी राजकिशोर प्रसाद ने बताया की एक बस में सवार होकर कुल 70 पर्यटक सुबह 10 बजे हावड़ा से हुंडरू फॉल पिकनिक मनाने यहां पहुंचे थे। वापसी के क्रम में वह बस में नहीं मिला। दूसरी ओर बोकारो कसमार से अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचा रंजीत घांसी का भी कोई पता नही चल सका है। पर्यटनकर्मी और सिकिदिरी पुलिस दोनों लापता पर्यटक को ढूँढती रही। लेकिन कोई उनका कोई पता नहीं चल सका है।

### नववर्ष पर मौज-मस्ती कर लोगों ने बिताया समय

**सिल्ली।** 2023 के पहले दिन का रविवार को लोगों ने जमकर स्वागत किया। सिल्ली के हिरण पार्क, ऑडियो विजुअल पाक, अंबेडकर पार्क सिल्ली स्टेडियम एवं मुरी के टुंगरी पार्क समेत पिकनिक स्पॉटों पर लोगों का भीड़ रहा। पार्कों में जहां बच्चों ने झूलों का आनंद लिया वहीं यूवाओं ने नए साल को अपने तरीके से मनाया। स्वर्णरेखा नदी, उरांव गाढ़ा नदी समेत आसपास के पिकनिक स्थलों पर पिकनिक के लिये लोगों की भीड़ देखी गयी। इलाके के कई लोग पहले तारीख की खुशियां अन्य जगहों पर भी मनायी। दूर स्थानों पर कई लोग परिवार के साथ पिकनिक चले गये तो कुछ लोग लॉन्ग ड्राइव पर भी निकला। इस दौरान विधि व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन चुस्त-दुरुस्त दिखे। क्षेत्र के विभिन्न पार्कों एवं पिकनिक स्पॉट पर सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप सदल बल दिन भर गस्ती में रहे। खबर लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## रातू: फन कैशल पार्क में सैलानियों की उमड़ी भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड में नये साल के पहले दिन रविवार को उत्सवी माहौल रहा। पिकनिक की धूम रही। चारों तरफ चहल-पहल देखा गया। छोटानागपुर फन कैशल पार्क में सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ी। हालांकि पार्क में जिंगल्स 2023 आयोजित नहीं की गयी। इसके बावजूद पर्यटक परिवार बेहद उत्साहित दिखे। खूब हंसी.ठिठौली हुई। एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। कैंटीन में बनें लजीज व्यंजन का स्वाद चखा। इससे पूर्व युवाए बच्चे और महिलाओं ने राइडिंग का लुत्फ उठाया। वहीं, शनिवार की रात 11.59 बजे तक लोगों ने 2022 को विदाई दी। घड़ी की सुई जैसे ही 12 में पहुंची, पटाखे की आवाज से क्षेत्र गुंज उठा। युवा और बच्चों ने जमकर आतिश बाजी की। गीत.नृत्य का दौर चला। नागपुरी संगीत पर लोग खूब थिरके।

### रीमिक्स की धुन पर थिरके युवा

चेंडी स्थित कुरथी टोंगरी, खेत, खलिहान व जलाशय के किनारे युवाओं ने पिकनिक मनायी। वह रीमिक्स गाने की धुन पर थिरकते नजर आये। मौज .मस्ती भी किये। पार्क में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थानेदार सपन कुमार महथा ने इसकी कमान संभाली। मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गयी थी।

## जैविक उद्यान और रूक्का डैम में उमड़े सैलानी

### सैलानियों ने रूक्का डैम में खतरे से भरे नौका विहार का उठाया आनंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** नववर्ष का जश्न मनाने राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थल बिरसा जैविक उद्यान, रांची मछलीघर, रूक्का डेम व हनुमान फॉल सहीत क्षेत्र के प्रमुख पिकनिक स्पॉट पर काफी संख्या में सैलानी पहुचे थें। खास कर जैविक उद्यान व रूक्का डेम पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों की काफी भीड़ देखी गई।

ज्यादातर सैलानी अपने स्वजन व बच्चों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे थे। जैविक उद्यान में पहुंचे सैलानी शेर की गर्जन व अन्य वन पषुओं अठखेलियां देख हर्षित थें। वहीं कई पर्यटक उद्यान के बाघ, चिता हाथी सहित कई खतरानक जंगली पशु-पक्षियों को अपने कैमरे में कैद किया। जैविक में काफी सैलानियों की काफी भीड़ होने जाने के कराण कुछ अव्यस्था भी देखी गई। सैलानी को टिकट लेने व अंदर प्रवेश करने में भी काफी समय लग रहा था। खास कर पार्किंग की समस्या के कारण सैलानियों को अपने वाहन खड़ी करने में परेशानी का समना करना पड़ा। उद्यान पार्किंग के अलावा सड़क किनारे, होटल, वाहन शोरूम के अलावा खेतों में भी वाहन खड़ा करना पड़ा।रूक्का डेम व अन्य पिकनिक स्पॉट में युवा डीजे की धून थिरक रहे थे। वहीं बच्चे झुलों का आनंद लुफ्त उठाए। वहीं सुरक्षा जैकेट के बिना व अन्य खतरे की संभावना के बावजूद कई सैलानी नाव में बैठ डेम की सैर किए। विकनिक मनाने पहुंचे सैलानी तस्वीर व सेल्फी भी ले रहे थें। जैविक उद्यान के अलावे सभी पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रषासन तैनात थी।



जैविक उद्यान में उमड़ी सैलानियों की भीड़।

## सिल्ली में बजरंग मेला हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**सिल्ली। सिल्ली पिस्का के रास्ते पर उरांग गाढ़ा नदी पुल के समीप नये साल के मौके पर लगने वाला बजरंग मेला रविवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। मेला परिसर में मुर्गा लड़ाई, पाता नाच, झूमर समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित भी किया गया। मेले में तरह तरह की दुकानें लगाई गयी। मेला देखने के लिये दोपहर से ही लोगों के आने जाने का सिलसिला शुरू हो गया। देर तक लोगों के आने जाने का क्रम चलता रहा। आयोजन कमेटी के सदस्य ने मेले की विधि व्यवस्था में व्यस्त रहे। मेले के सफल आयोजन में अनिल महतो, श्यामराय महतो, जितेंद्र महतो, धर्मा महतो, विशाल महतो, अजय लोहरा, उमेश महतो, हेमंत महतो, फारुख मोमिन समेत आसपास के ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।**

## सैलानियों की पहली पसंद बना ओपा डैम

### नववर्ष पर मसीही धर्मावलंबियों ने किया मिस्सा अनुष्ठान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर/चान्हो।** धर्म निरपेक्ष देश के सभी संप्रदाय के लोगों ने वर्ष 2023 का स्वागत एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर किया। एक तरफ कैथोलिक धर्म के लोगों के द्वारा चर्च में मिस्सा अनुष्ठान से हुआ वहीं बाकि लोगों ने भी नववर्ष पर पिकनिक स्पॉट पर पिकनिक मनाने के लिए डीजे, खस्सी, मुर्गा, मछली, अंडा, पनीर सहित अन्य वस्तुओं की खरीदारी करने में व्यस्त नजर आए। दक्षिणी कोयल नदी का तट मांडर व चान्हो प्रखंड का ओपा डैम सबसे पसंदीदा रमणीक पर्यटक स्थल रहा है, जहां दूसरे प्रखंड के लोग भी कई दशक से आते रहे हैं। इस वर्ष भी कोयल नदी के कंजिया पुल से लेकर सोसई बेयारखो धाम, कैम्बो, रघुनाथपुर, सिलागाई, ओपा डैम में पिकनिक मनाने वालों की भीड़ देखते बन रही थी। कुछ परिवार तो घूम घूम कर हसीन वादी एवं पिकनिक का आनन्द मनाने आए लोगों को देख कर ही आनन्दित हो रहे थे। खा पीकर डीजे पर पर पूरी मस्ती में थिरकते हर आयु वर्ग के लोगों की आनंद की सीमा का वर्णन नहीं किया जा सकता है। अधिकांश खस्सी, मुर्गा, मच्छली, अंडा, पनीर तथा शराब की जम कर बिक्री और उपयोग दिन भर आनन्द लूटने व नये साल के स्वागत के नाम पर जश्न मनता रहा। बेयारखो कोयल नदी किनारे 10 वर्षों से सपरिवार पिकनिक मनाने आ रही नीलम केरकेट्टा ने मुर्गा बनाते हुए कहा कि ऐसा पिकनिक स्थल झारखंड राज्य में कहीं नहीं है पर राज्य सरकार की उपेक्षा के कारण और रमणीक नहीं बन पाया है, नहीं तो स्थानीय लोगों को दूसरे राज्य के पर्यटक स्थलों में जाने की जरुरत ही नहीं होती।वहीं मलती गाँव से आए रौशन कुमार चौरसिया ने बताया कि यहां कलकल बहती कोयल की धार, नदी किनारे के हरे भरे प्राकृतिक दृश्यों के कारण सारी दुनियां का गम भूल जाते हैं।

## नववर्ष पर जोन्हा फॉल में पिकनिक मनाते सैलानी



**अनगड़ा के जोन्हा फॉल में नववर्ष पर हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचे। रांची और आसपास सहित दूसरे राज्य से भी यहां सैलानी पिकनिक मनाने पहुंचे थे। एक साथ इतने सैलानी यहां उमड़ पड़े कि कई लोगों को खाना बनाने के लिए सुरक्षित जगह भी नहीं मिल रही थी। फॉल परिसर सैलानियों से खचाखच भरा हुआ था। लोगों ने खाना पीना करके खूब मस्ती की। वहीं कई सैलानी फिल्मी गीतों की धून पर खूब थिरके और नववर्ष का खुशी-खुशी से स्वागत किया।**

## बरियातू को 1-0 से हराकर गाड़ी होटवार सेमीफइनल में पहुंचा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिकिदिरी।** स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी के तत्वावधान में आयोजित चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के तहत स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के मैदान में खेले गए दूसरे क्वार्टर फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीएफसी गाड़ी होटवार की टीम ने राजा स्पोर्ट्स बरियातू को 1-0 से हराकर सेमीफइनल में प्रवेश कर लिया। गाड़ी होटवार की टीम सेमीफइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी। खेल के पहले हाफ में दोनों ही टीमें एक.दूसरे पर हावी रही। इस दौरान दोनों ही टीमों ने गोल करने के कई अवसर गंवाए।मध्यांतर तक मैच बराबरी पर रही। खेल के दूसरे हाफ में दोनों ही टीमों ने गोल पोस्ट पर कई निशाना साधा, लेकिन सफलता नहीं मिली।

गाड़ी होटवार की ओर से प्रकाश कुमार ने 66वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाईएजो खेल के अंत तक निर्णायक साबित हुआ। बेहतर खेल के लिए गाड़ी होटवार के खिलाड़ी प्रकाश कुमार को मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य मोहसिन खान ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## घघारी बाबा धाम और लापुंग साईं मंदिर में उमड़े सैलानी

**लापुंग।** भारी सुरक्षा के बीच लापुंग के प्रसिद्ध साईं मंदिर और घघारी बाबा धाम में पूजा अर्चना कर सैकड़ों लोगों ने नववर्ष मनाया। लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध साईं मंदिर, घघारी बाबा धाम, गलगली बाबा धाम तथा बाबा वनखंडी धाम सहित विभिन्न शिवालयों में पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने नववर्ष पर सुखमय जिंदगी चैन व सुकून के लिए ईश्वर प्रार्थना की। वहीं लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध लतरातू डैम तथा घघारी जल प्रपात सहित दर्जनों पिकनिक स्पॉट पर पिकनिक मनाया। गीत और संगीत के बीच नाचते गाते लोगों ने अपने अपने तरीके से नववर्ष मनाया। घघारी जलप्रपात के निकट झाड़ियों और जंगलों के बीच लोगों ने परिवार के साथ पिकनिक मनाया। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे के लिए ईश्वर से सुख शांति और समृद्धि की कामना की। रांची, खूंटी, लोहरदगा और गुमला जिले के हजारों लोगों ने लापुंग पहुंचकर बच्चों और महिलाओं के साथ जंगलों के बीच अनेक तरह के पकवान बनाए और साथ मिलकर पिकनिक मनाया। नवल किशोर राय, राजन राय, अदिति राय, परी, आदित्य, आर्य, मान्या, मेघा, रौशनी राहुल ने बताया कि लापुंग के पर्यटन स्थल में सुकून और शांति के साथ पिकनिक बनाया जा सकता है।

### झरिया में निकली श्याम निशान शोभा यात्रा

**झरिया।** सकल जैन समाज धनबाद द्वारा नए वर्ष के उपलक्ष पर झरिया श्याम मंदिर द्वारा आयोजित भव्य निशान शोभा यात्रा में सम्मेद शिखर जी को परम पवित्र धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित करवाने हेतु अनुरोध किया गया है। श्याम भक्तो ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। श्याम मंदिर में इस आशय का एक बडा बैनर पोस्टर लगाने का अनुरोध भी किया गया है। सभी ने जब जरुरत हो श्याम मंदिर समिति और पुरे मारवाड़ी समाज का सहयोग मिलेगा ये आश्वासन दिया गया है। महेश शर्मा, दिनेश गोएनका को जैन समाज ने टी शर्ट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर गणेश अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## सरकार ने शहीदों को नहीं दिया सम्मान: अमित

### खरसावां के शहीदों को एसीएस ने दी श्रद्धांजलि

**1948 में फोर्स ने चलायी थी गोली, परिजनों की नहीं ली गयी खोजखबर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय कमेटी ने देश के सबसे बड़े खरसावां नरसंहार गोलीकांड के शहीदों को याद किया। शहीद स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। सभा में मीडिया प्रभारी सुमित उरांव ने शहीदों को नमन करते हुये कहा कि भारत के इतिहास में सबसे बड़ा नरसंहार खरसावां गोलीकांड है। यहां हजारों की संख्या में आदिवासियों को उड़ीसा मिलिट्री फोर्स ने एक जनवरी 1948 को मौत के घाट उतार दिया था। गुनाह सिर्फ इतना थाए कि वह उड़ीसा में शामिल होना नहीं चाहते थे। वह तत्कालीन बिहार की सीमा के अंदर नवगठित झारखंड में रहने की इच्छा जाहिर की थी। केंद्र सरकार के इशारे पर आंदोलनकारियों के खिलाफ फोर्स ने अंधाधुंध फायरिंग की। इससे हजारों लोग शहीद हो गये थे। रांची जिला अध्यक्ष राजू उरांव ने कहा कि शोषण, अत्याचार व नरसंहार मुगल और अंग्रेज शासन में नही हुआ था। उन्होंने केंद्र सरकार पर आदिवासियों के अस्तित्त्व को मिटाने और संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने का आरोप लगाया। राज्य बने 22 साल हो गये। लेकिन खरसावां गोलीकांड के शहीदों को अब तक सम्मान नही दिया गया। परिजनों की भी कोई खोज खबर नहीं ली गयी। उन्होंने जोर देकर कहा कि शहीदों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर प्रखंड इकाई के अध्यक्ष रमेश मुंडा, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष महादेव उरांव व अमित तिग्गा आदि दर्जनों छात्र.छात्रायें मौजूद थे।




### पिठोरिया: बाइक दुर्घटना में एक घायल

**पिठोरिया।** पिठोरिया चौक के पास हीरो शोरूम के बगल में एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में बाइक चालक बुरी तरह से घायल हो गया। पिठोरिया थाना के एएसआई कृष्ण कुमार ओझा और ग्रामीणों की मदद से बेहतर इलाज के लिए उसे कांके सदर पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। बाइक चालक कहां का रहनेवाला था वह पता नहीं चल पाया है। ज्ञात हो कि नववर्ष पर ज्यादातर युवा नशा करके बाइक या फिर कार चलाते हैं, जिससे नववर्ष पर दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ जाती है। पुलिस चौकस रहे और तेज रफ्तार वाहनों की जांच करते तो इसे रोका जा सकता है।

## रामटहल चौधरी के जन्म दिन पर दी गई बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज के विवेकानंद सभागार में रविवार को पूर्व सांसद रामटहल चैधरी की 79वीं जन्मदिन प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। झारखंड नागरिक विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम रामटहल चैधरी की राजनीति व समाजिक उपलब्धियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक राजेष कच्छप ने कहा राजनीति में आने से पूर्व से ही रामटहल चैधरी व उनके कार्यो को जानते व सूनते आ रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में किए कार्य हो या राजनीति में निश्चित ही रामटहल चौधरी की उपलब्धिया अविस्मरणय व हर किसी के लिए एक प्रेरणा हैं। इससे पूर्व नागपुरी हास्य कलाकर मजबुल अंसारी ने अपने गीत व कला से लोगों का मनोरंजन किया। सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो, कांके के पूर्व विधायक जीतुचरण राम, प्रमुख अनुपमा देवी, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, जिप सदस्य सरिता देवी, पूर्व उपप्रमुख मुनतजीर अहमद रजा, डा0 पारसनाथ महतो, कुदुस अंसारी, रणधीर चौधरी, राजीव रंजन, मनेश महतो, सत्यनारायण तिवारी, दुगाशंकर साहू, रूद्रनारायण महतो, अंजीत महतो, मनरखन महतो, प्यारेलाल महतो उपस्थित लोगों ने जन्मदिन की बधाई दी।



**रामटहल चौधरी को जन्मदिन की बधाई देते विधायक राजेश कच्छप।**

## नववर्ष पर बच्चों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांके/पिठोरिया।** कांके के मनातू गांव में नववर्ष के अवसर पर समाजसेवी अनुप कुमार महतो के द्वारा बच्चों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रांची सांसद प्रतिनिधि ठानो मुंडा व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजयुमो के जिला मंत्री दीपक महतो, आदर्श कोचिंग के संस्थापक शमशेर, प्रेम किशोर महतो, पारसनाथ महतो, सुजल महतो, नीतीश महतो, अभिषेक महतो, अतुल महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। ड्राइंग प्रतियोगिता में अभि महतो को प्रथम पुरस्कार, श्वेता कुमारी को द्वितीय पुरस्कार और अंजलि कुमारी को तृतीय पुरस्कार मिला। साथ ही स्वाति कुमारी, नीतीश महतो, नीतू कुमारी को सांत्वना पुरस्कार मिला।अनूप कुमार महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी काफी प्रतिभा है। आगे बढ़कर बच्चे देश का नाम रोशन करेंगे। वर्षों पूर्व क्षेत्र शिक्षा से काफी वंचित था। आज शिक्षा की बदौलत बच्चे आगे बढ़ रहे हैं। बच्चों में भी काफी खुशी की लहर देखी गयी।



# संकल्प का साल

हम 2023 को कोरोना के प्रभाव को खत्म करने , इस प्रकार के भयावह संक्रमण से बचने और बचाने, स्वास्थ्य संबंधित सावधानियों के साथ जीवन जीने, पर्यावरण सहित प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के साथ पूरी दुनिया में भाई चारा बढ़ाने के साल के रुप में मना सकते हैं। जिस प्रकार हम हवा,मिट्टी और जल को प्रदूषित कर रहें हैं इससे हमारे पृथ्वी के अस्तित्व पर ही खतरा मंडरा रहा है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि कोरोना का वायरस अधिक तेजी से बढ़ने के पीछे वायु प्रदूषण भी एक बिंदु है। निश्चित तौर पर इन तथ्यों को नकार कर हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। विकास की आवश्यकता है लेकिन विकास किन शर्तो पर हो यह भी तय करने का वक्त आ गया है। प्रकृति की मार और स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को किसी देश या महादेश से जोड़कर नहीं देखा जा सकता है। जिस प्रकार वैश्वीकरण की गति बढ़ती जा रही है उसमें पूरी दुनिया को हिंसा और शांति के विषय पर भी एक सर्वहित निर्णय लेने की आवश्यकता है। एक साल के कोरोना काल में जो आर्थिक और रोजगार संबंधित कठिनाई आम लोगों को हुई है उसे गंभीरता से लेकर एक ठोस कार्रवाई की भी उम्मीद है। देश में केन्द्र और राज्य के बीच सहयोग का आधार मजबूत हो जिससे आम आदमी सकून पा सके। जिस प्रकार रोजगार खत्म होने की खबरें आई है उससे चिंता स्वाभाविक है। देश में असंगठित मजदूरों की संख्या करोड़ों में है और इन मजदूरों का एक बड़ा हिस्सा झारखंड, बिहार और यूपी सहित उत्तर भारत के खेती प्रधान राज्यों से आता है। इन राज्यों की गरीबी किसी से छिपी नहीं है। सरकार कोरोना के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए अपनी कल्याणकारी रुप को सामने लाने का संवैधानिक संकल्प दोहराये तो निश्चित तौर पर नये साल 2023 का संकल्प पूरा होगा।

# चुनाव प्रकिया में बदलाव

रिमोट वोटिंग सिस्टम का तैयार होना निस्संदेह चुनाव प्रक्रिया को प्रवासी मतदाताओं की सुविधा के अनुरूप बनाने की दिशा में अभिनव कदम है, लेकिन जरूरी है कि व्यवस्था पारदर्शी हो। यह कदम राजनीतिक दलों को भरोसे में लेकर ही उठाया जाना चाहिए ताकि ईवीएम विवाद जैसे मुद्दे फिर न उभरें। इसके क्रियान्वयन से पहले इससे जुड़े कानूनी, प्रशासनिक तथा तकनीकी पक्षों पर गहन मंथन जरूरी है। इस प्रक्रिया में भाग लेने वाले मतदाताओं के वोट को निष्पक्षता और पारदर्शिता से अंजाम देना भी अपरिहार्य है। निस्संदेह आरवीएम चुनाव सुधारों की राह भी प्रशस्त करती है। दरअसल, चुनाव आयोग ने उन मतदाताओं की सुविधा के लिये रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन विकसित की है जो कामकाज के सिलसिले में अपने मूल स्थानों से दूर-दराज के इलाकों में रह रहे हैं। जाहिरा तौर पर अपना काम-धंधा छोड़कर और आवागमन का खर्च करके वोट डालने जाने में लाखों लोग गुरेज करते हैं। श्रमिक वर्ग की सोच रहती है कि कई दिन की दिहाड़ी मारी जायेगी। वहीं राजनेताओं की विश्वसनीयता का क्षरण भी उसे उद्वेलित करता है। आम धारणा होती है कि सामाजिक सरोकारों के प्रति जनप्रतिनिधियों का रवैया संवेदनशील नहीं रहता। ये स्थिति करोड़ों मतदाताओं को मतदान स्थल पहुंचने के लिये प्रेरित नहीं करती। ग्रामीण क्षेत्रों व कस्बों में रोजगार का गिरता ग्राफ करोड़ों लोगों को देश के विभिन्न भागों में काम करने के लिये जाने को बाध्य करता है। बाहर गये लोगों के मन में यह भाव रहता है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनें। निस्संदेह रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन विकसित होने की पहल से उनकी आकांक्षा पूरी हो सकेगी और उनका आर्थिक नुकसान भी नहीं होगा। अब चुनाव आयोग की पहल के बाद देश के करोड़ों लोगों में चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी का उत्साह फिर से कायम हो पायेगा।

# आत्मबोध, नवोत्साह व नवजीवन का वर्ष 2023






**-अशोक प्रबुद्ध**

> विश्व भर में अनेक पचांग अर्थात कई कैलेंडर हैं अकेले भारत में ही लगभग पचास पंचांग अर्थात कैलेंडर हैं और इनमें से अनेक का नववर्ष अलग- अलग दिनों पर होता है ।ग्रेगोरियन पंचांग अर्थात कैलेंडर के आधार पर नववर्ष प्रथम जनवरी को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत रोमन कैलेंडर से हुई है। पारंपरिक रोमन कैलेंडर का नववर्ष एक मार्च से प्रारम्भ होता है। प्रसिद्ध रोमन सम्राट जूलियस सीजर ने 47 ईसा पूर्व में इस कैलेंडर में परिवर्तन किया और इसमें जुलाई माह जोड़ा।

**नव** वर्ष पर पूरे विश्व में उत्साह का माहौल रहता है। लेकिन कोरोना की दहशत ने इसमें कुछ खंडन -मंडन किया है। प्रत्येक कैलेंडर का नववर्ष अलग-अलग होता है। अकेले भारत में ही लगभग पचास पंचांग अर्थात कैलेंडर हैं और इनमें से अनेक का नववर्ष अलग- अलग दिनों पर होता है। ग्रेगोरियन पंचांग अर्थात कैलेंडर के आधार पर नववर्ष प्रथम जनवरी को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत रोमन कैलेंडर से हुई है। पारंपरिक रोमन कैलेंडर का नववर्ष एक मार्च से प्रारम्भ होता है। प्रसिद्ध रोमन सम्राट जूलियस सीजर ने 47 ईसा पूर्व में इस कैलेंडर में परिवर्तन किया और इसमें जुलाई माह जोड़ा। इसके बाद उसके भतीजे के नाम के आधार पर इसमें अगस्त माह जोड़ा गया। वर्तमान में प्रचलित कैलेंडर को पोप ग्रेगोरी अष्टम ने 1582 में तैयार करते हुए इसमें लीप ईयर का प्रावधान किया था। ईसाइयों का एक अन्य पंथ ईस्टर्न आर्थोडॉक्स चर्च तथा इसके अनुयायी ग्रेगोरियन कैलेंडर को मान्यता न देकर पारंपरिक रोमन कैलेंडर को ही मानते हैं। इस कैलेंडर के अनुसार नववर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है। इस कैलेंडर की मान्यता के अनुसार जॉर्जिया, रूस, यरूशलम, सर्बिया आदि में 14 जनवरी को नववर्ष मनाया जाता है।

प्राचीन काल से ही पंचांगों अर्थात कैलैंडरों के मामले में भारत अत्यंत समृद्ध रहा है। वर्तमान में देश में विक्रम संवत, शक संवत, हिजरी संवत, फसली संवत, बांग्ला संवत, बौद्ध संवत, जैन संवत, खालसा संवत, तमिल संवत, मलयालम संवत, तेलुगु संवत आदि अनेक संवत प्रचलित हैं। इनमें से हर एक के अपने अलग-अलगनववर्ष होते हैं, परन्तु देश में सर्वाधिक प्रचलित संवत विक्रम और शक संवत है। उल्लेखनीय है कि विक्रम संवत गुप्त सम्राट विक्रमादित्य ने उज्जयनी में शकों को पराजित करने की याद में शुरू किया था। यह संवत 58 ईसा पूर्व शुरू हुआ था। विक्रम संवत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होता है, जो लगभग मार्च-अप्रैल के करीब पड़ता है और शक संवत का प्रारंभ कार्तिक से जो अक्तूबर-नवंबर के आस- पास आता है। अंग्रेजी नव वर्ष के सबसे करीब हम लोग जो त्योहार मनाते हैं वह लोहड़ी, भोगली बिहू, पोंगल, गुड़ी पड़वा या मकर संक्रांति मान सकते हैं।

भारतीय पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार जिस दिन सृष्टि का चक्र प्रथम बार विधाता ने प्रवर्तित किया, उस दिन चैत्र शुक्ल प्रथमा रविवार था। चैत्र के महीने के शुक्ल पक्ष की प्रथम तिथि अर्थात प्रतिपद या प्रतिपदा को सृष्टि का आरंभ हुआ था। इसीलिए भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को प्रारम्भ होता है। इस दिन ग्रह और नक्षत्र में परिवर्तन होता है और भारतीय महीने की शुरूआत इसी दिन से होती है ।इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था और भगवान विष्णु का प्रथम अवतार भी इसी दिन हुआ था। वासन्तीय नवरात्र की प्रारम्भ भी इसी दिन से होती है ।प्रतिपदा से ही चैत्र नवरात्र प्रारम्भ होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन उत्तर भारत के अतिरिक्त गुड़ी पड़वा और उगादी के रूप में भारत के विभिन्न हिस्सों में नववर्ष मनाया जाता है। सिंधी लोग इसी दिन चेटी चंद्र के रूप में नववर्ष मनाते हैं। शक सवंत को शालीवाहन शक संवत के रूप में भी जाना जाता है। माना जाता है कि इसे शक सम्राट कनिष्क ने 78 ईस्वी में शुरू किया था। स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने इसी शक संवत में मामूली फेरबदल करते हुए इसे राष्ट्रीय संवत के रूप में अपना लिया। राष्ट्रीय संवत का नव वर्ष 22 मार्च को होता है जबकि लीप ईयर में यह 21 मार्च होता है। चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को विक्रमीय संवत की दृष्टि से नववर्ष मनाया जाता है। ब्रज में इस दिन नीम की पती और मिश्री खाने की परम्परा है । सात ग्रहों के नाम पर सप्ताह के दिनों के नाम संस्कृत भाषा में अभिहित किये जाने की भांति ही प्राचीन भारतीय पंचांग अर्थात कैलेंडर संस्कृत में ही निर्मित किया गया था। यहां से वह मिश्र को गया। प्राचीन भारतीय पंचांग में वर्ष के बारह महीनों के नाम बारह राशि चिह्नों के नाम पर रखे गए थे, अर्थात प्रत्येक नक्षत्र में सूर्य की स्थिति -मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या आदि इसी प्रकार से, महीनों के नामों की व्यवस्था की गई थी। इस प्रकार, महीनों के नाम संस्कृत के शब्दों के अनुरूप हैं। उल्लेखनीय है कि दशअंबर दिसंबर है, दश का अर्थ संस्कृत में दस होता है, अंबर का अर्थ है आकाश, दशंबर का तात्पर्य दसवें आकाश से है। नवअंबर नवंबर है, जिसका तात्पर्य है नौंवा आसमान। अक्तूबर अष्टमबर है, तात्पर्य आठवें आसमान से है। सितंबर का तात्पर्य सातवें आसमान से है। देखिए, यदि सिर्फ एक ही शब्द ऐसा हो तो इसे संयोग माना जा सकता है परंतु यदि सभी नाम इसी प्रकार से मिलते हैं तो यह संयोगवश नहीं हो सकता। शष्ठ का अर्थ होता है छठवाँ, अर्थात, अगस्त यह आठवां महीना नहीं है, अगस्त छठा महीना है (यदि आप मार्च से शुरू करते हैं)। यदि आप फरवरी में आते हैं, तो हम अक्सर कहते हैं कि साल का अंत खत्म होता है। फरवरी माह का आखिरी महीना है, बारहवाँ महीना। मार्च नए साल का पहला महीना है। इस्लामिक पंचांग अर्थात कैलेंडर को हिजरी साल के नाम से जाना जाता है और इसका नववर्ष मोहर्रम माह के प्रथम दिन होता है। हिजरी कैलेंडर कर्बला की लड़ाई के पहले ही निर्धारित कर लिया गया था। इस कैलेंडर में चंद्रमा की घटती - बढ़ती चाल के अनुसार दिनों का संयोजन नहीं किया गया है। लिहाजा इसके महीने हर साल करीब 10 दिन पीछे खिसकते रहते हैं।

भारत के पड़ोसी देश चीन का भी अपना एक अलग कैलेंडर है। प्रायः सभी प्राचीन सभ्यताओं के अनुसार चीन का कैलेंडर भी चंद्रमा गणना पर आधारित है। इसका नया साल 21 जनवरी से 21 फरवरी के मध्य आता है। चीनी वर्ष के नाम 12 जानवरों के नाम पर रखे गए हैं। चीनी ज्योतिष में लोगों की राशियां भी 12 जानवरों के नाम पर होती हैं। चीनी मान्यतानुसार यदि किसी की बंदर राशि है और नया वर्ष भी बंदर आ रहा हो तो वह साल उस व्यक्ति के लिए विशेष तौर पर भाग्यशाली माना जाता है। अब एक जनवरी को नववर्ष के जश्न के रुप में मनाया जाता है। यह अब दुनिया का सबसे बड़ें उत्सव में बदल गया है जिसमें लोग आनंद का अनुभव करते हैं।

## खास बात

# धर्म की मान्यता

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**धर्म** परिवर्तन संबंधी दो-तीन घटनाओं ने आज मेरा ध्यान खींचा। उ.प्र. के सीतापुर गांव में तीन लोगों को इसलिए गिरफ्तार कर लिया गया कि वे गांव के लोगों को डंडे के जोर पर ईसाई बनाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने लोगों को कुछ लालच भी दिए और पवित्र क्रॉस भी बांटे। धर्म परिवर्तन करवाने वाले कुछ भारतीय ईसाइयों के साथ ब्राजील के चार पादरीनुमा टूरिस्ट भी थे। उधर मध्यप्रदेश के बस्तर जिले में लगभग 60 ईसाई परिवारों को भागकर एक स्टेडियम में शरण लेनी पड़ी, क्योंकि उन पर कुछ लोगों ने हमले शुरू कर दिए थे। हमलावरों का आरोप है कि पादरी लोग आदिवासियों को गुमराह करके ईसाई बना डालते हैं। इसी तरह बड़ोदरा के पास एक गांव में एक ईसाई को लोगों ने सिर्फ इसलिए पीट दिया कि वह क्रिसमस के अवसर पर सांता क्लाज के कपड़े पहनकर लोगों को चॉकलेट बांट रहा था। उधर कर्नाटक विधानसभा में एक ऐसा विधेयक लाने की तैयारी है कि मुसलमान लोग मांस के लिए पशुओं को हलाल न कर सकें। इसके अलावा उत्तर प्रदेश सरकार की कोशिश है कि मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों की वेशभूषा अन्य स्कूलों के बच्चों की तरह हो और उनकी छुट्टी हर हफ्ते शुक्रवार की बजाय रविवार को हो। ऊपर गिनाए गए लगभग सभी मामले ऐसे हैं, जिनका धर्म से, परमात्मा से, पुण्य से नैतिकता से कोई संबंध नहीं है। इन सब अतिवादी कार्यों का प्रेरणास्रोत मजहबी उन्माद है। जो लोग अन्य लोगों का धर्म-परिवर्तन करवाते हैं, उनसे पूछिए कि आप स्वयं जिस धर्म को मानते हैं, क्या उसे अच्छी तरह से सोच-समझकर आपने अपनाया है या आपके माता ने उसे आपको पैदा होते ही जन्मघुट्टी के साथ पिला दिया था?

प्रायः सभी धार्मिक लोग, जिस धर्म के भी हों, वह उन्हें उस वक्त से पिला दिया जाता है, जब उन्हें उनका अपना नाम भी पता नहीं होता। जिस धर्म के लिए वे चिल्ला-चिल्लाकर लोगों के कान फोड़ने के लिए तैयार रहते हैं, उस धर्म का अनुयायी उन्हें उस समय बना दिया जाता है, जब उन्हें यही पता नहीं होता है कि जो मंत्र उनके कान में फूंका जा रहा है, उसका अर्थ क्या है।

**भारत** ने अंधकार से भरे युगों में मानवता को प्रकाश की वो किरणें दी, जिन से आधुनिक विश्व और विज्ञान की यात्रा शुरू हुई।

जब विश्व में 'लैंगिक समानता' जैसे शब्द का जन्म नहीं हुआ था तब हमारे यहां गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषियां शास्त्रार्थ कर रही थी।

**– अन्नपूर्णा देवी**

## आपके ट्वीट

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम' के अंतर्गत 81 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को दिसंबर, 2023 तक मुफ्त अनाज प्रदान करने का निर्णय अभिनंदनीय है।

**– हेमंत सोरेन,सीएम**





मुझें को चलने दो,
अकेला है अभी मेरा
सफर
रास्ता रोका गया,
तो काफि ला हो जाऊँगा!

**- राहुल गांधी**

# अनंत शयन

## विचार-प्रवाह

**सरोजनी बिष्ट**

**शेषनाग** की कहानी पर। आपने एक तस्वीर जरूर देखी होगी, जिसमें विष्णु अनंत शयन में हैं, लक्ष्मी उनके चरण दबा रही हैं और विष्णु के सर पर एक विशाल सांप ने अपना फन छतरी की तरह फैला रखा है। वह सांप शेषनाग है। सांपों का राजा और पाताल लोक का स्वामी। लेकिन सवाल है कि रामायण के साथ शेषनाग का क्या संबंध त्रेतायुग में जब विष्णु अपने सातवें अवतार रामचंद्र के रूप में मृत्युलोक आए, तो उनकी परछाई बनकर साथ आए शेषनाग। छोटे भाई लक्ष्मण के रूप में। इसीलिए लक्ष्मण राम की हर बात बिना कोई प्रश्न किए मानने को तैयार रहते थे। रामायण में भाई के आज्ञा पालन के लिए ही लक्ष्मण को ख्याति मिली। यह थोड़ा अलग प्रसंग हो जाएगा, पर जान लेना ठीक रहेगा। जब विष्णु ने बाद में कृष्ण के रूप में अवतार लिया तो शेषनाग उनके साथ भी भाई बलराम के रूप में अवतरित हुए।

जब लक्ष्मण की बात उठती है तो अपने आप याद आती है रावण के पुत्र इंद्रजीत उर्फ मेघनाद की। लक्ष्मण के हाथों उसकी मौत पूरी रामकथा का सबसे दुखद अध्याय है। कई कवियों ने इसका मार्मिक वर्णन किया है। लेकिन सवाल है कि क्या रावण के पुत्रों में केवल इंद्रजीत ही लक्ष्मण के हाथों मारा गया?

अतिकाय का नाम हो सकता है कि आप में से बहुतों ने न सुना हो। भले इंद्रजीत की बराबरी का न हो, पर वह भी महाबली था। वह रावण की दूसरी पत्नी धन्यमालिनी की संतान था। अत्याचार में वह पिता रावण से कम नहीं था। उसकी दुष्टता से विचलित होकर महादेव ने उसे त्रिशूल फेंककर मारा।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### समाधान निकले

**किसान** आंदोलन को समर्थन देने की आड़ में कुछ स्वार्थी राजनीतिक दल और देश विरोधी ताकतें अपना उल्लू सीधा करने में लगी हुई हैं। सभी किसान संगठन के नेताओं को चाहिए कि वे किसी के बहकावे में न आएं और विघटनकारी ताकतों की पहचान कर, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाएं। साथ ही देश हित में सरकार के साथ सकारात्मक रवैया अपनाकर इस समस्या का समाधान निकालें।

**– राम मूरत, गढ़वा**

### सख्त हो जांच

**कोरोना** महामारी के बाद चीन अब नये संक्रमण से पीड़ित हुआ है। देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर काफी लोग संक्रमित पाए गए हैं। भले ही वे नये रूप से पीड़ित न हों पर सतर्कता की बहुत जरूरत है क्योंकि देश पहले ही हवाई यात्रियों के प्रति की गई गंभीर लापरवाही की सजा भुगत चुका है। अब तो विदेशों से आने वाले हर यात्री की जांच की जरूरत है।

**–अमृतलाल, हजारीबाग**

# कोरोना के तीन लहर के बाद भी खतरा हर पहर

**कमलेश पांडेय**

## सामयिक

**लीजिए,** देश-दुनिया पर कोरोना संक्रमण का खतरा फिर मंडराने लगा है। चीन में लगातार बढ़ते मामलों के लिए जिम्मेदार कोविड 19 के ओमीक्रोन स्वरूप के सब-वेरिएंट बीएफ.7 के कई मामले भारत के गुजरात और ओडिशा आदि में भी सामने आए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है भारत को इससे ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है, क्यों कि प्राकृतिक और टीकाकरण से प्राप्त हाइब्रीड इम्युनिटी के चलते देश को खतरा सबसे न्यूनतम होगा। यह बात अलग बात है कि यदि कोई नया वेरिएंट जन्म लेता है तो फिर भारत में भी चुनौती बढ़ सकती है। भारत अब तक कोरोना की तीन लहरों का सामना कर चुका है। इसके लिए अल्फा, डेल्टा और ओमीक्रोन वेरिएंट जिम्मेदार थे। चीन में हाहाकार के लिए ओमीक्रोन केसब-वेरिएंट बीएफ.7 को जिम्मेदार माना गया है। चीन के साथ अमेरिका, जापान, अर्जेंटीना, दक्षिण कोरिया और ब्राजील में भी कोरोना के केस बढ़ने लगे हैं। बीएफ.7 पर डब्ल्यूएचओ का कहना है कि यह अब तक का सबसे तेजी से फैलने वाला वेरिएंट है। यह कोरोना वायरस के स्पाइक प्रोटीन में आर346टी म्यूटेशन से बना है। इसी की वजह से बीएफ.7 पर एंटीबॉडी का असर नहीं होता। यह एंटीबॉडी को हराकर शरीर में घुसने की क्षमता रखता है। इससे बचने के लिए टीकाकरण को अब भी सबसे अच्छा हथियार माना जा रहा है। इसलिए ब्रिटेन ने हाल में मॉडर्ना के टीके बायवैलेंट बूस्टर्स को मंजूरी दी है। यह कोरोना के सभी सब-वेरिएंट को खत्म करने में कारगर है।

दिल्ली समेत सभी राज्यों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। भारत सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भले ही देश में लगातार कोरोना मामलों में गिरावट का रुझान है और गत सप्ताह रोजाना औसतन 158 संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। लेकिन कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। इसलिए आप घबराएं नहीं, क्योंकि सरकार किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उसने लोगों को सुझाव दिया है कि भीड़ में मास्क पहनें और कोरोना टीके की तीसरी यानी एहतियाती खुराक जरूर लें।

जहां तक दुनिया के अन्य देशों की बात है तो यहां पर यह बताना जरूरी है कि वैश्विक स्तर पर पिछले 6 सप्ताहों के दौरान कोरोना मरीजों में लगातार वृद्धि हो रही है। विश्व में रोजाना औसत संक्रमण 5.9 लाख है। अनुमान है कि अगले कुछ महीनों में चीन में 80 करोड़ लोग संक्रमित हो सकते हैं। मात्र तीन माह में 10 लाख लोगों की मौत की आशंका जताई गई है। यही वजह है कि भारत के हवाई अड्डों पर चीन और अन्य देशों से आने वाले यात्रियों की औचक कोरोना जांच शुरू कर दी गई है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के एक अध्ययन से पता चलता है कि जब भी कोई कोरोना लहर देश में आई तो लगभग 65-70 फीसदी लोग उससे प्रभावित हुए। कई राज्यों में यह आंकड़ा 90 फीसदी तक रहा है। मोटे तौर पर देश के 80-90 फीसदी लोग कोरोना का सामना कर चुके हैं। यानी कि उनमें प्राकृतिक रूप से प्रतिरोधक क्षमता आ चुकी है। इसी प्रकार 102 करोड़ से अधिक लोग कोरोना टीके की पहली खुराक और 95 करोड़ लोग दूसरी खुराक ले चुके हैं। इसका अभिप्राय यह है कि यदि पांच साल से छोटे बच्चों को छोड़ दिया जाए तो तकरीबन 95 फीसदी आबादी का टीकाकरण हो चुका है।

कोरोना संक्रमण के बचाव में प्राकृतिक रूप से हासिल प्रतिरोधक क्षमता सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। कुछ अलग-अलग अध्ययन में यह दावा किया गया था कि प्राकृतिक और टीके दोनों की मिली-जुली हाइब्रीड प्रतिरोध क्षमता लंबे समय तक टिकाऊ रहती है।

# ग्राहकों के हित को संरक्षित करता कानून

**योगेश कुमार गोयल**

## कानून

**उपभोक्ता** अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश में प्रतिवर्ष 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवसह्लमनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करना और कानून की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीदारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी तरह की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीदारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया है। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी।

इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को ह्यउपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्व अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुंबई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया।

इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 09 दिसंबर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बार 24 दिसंबर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें।

उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अगर उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतों का उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण में क्या योगदान है।

लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। जो अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पूरी सादगी साथ नया साल मनाया गया



जश्न मानते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड में पूरे सादगी साथ नया साल मनाया। पिकनिक स्थलों पर युवा और बच्चों ने पिकनिक मनाया डीजे पर खूब थिरका। शनिवार के आधी रात से ही एक दूसरे को लोगों ने एक दूसरे को नया साल विश करते रहे जो पहली जनवरी के तक लोगों ने मोबाइल से बधाई व शुभकामनाएं देते रहे। धार्मिक विचारधारा रखने वाले लोगों ने वर्ष के शुरूआत को मंदिरों व धार्मिक स्थलों में बिताया ` एक खेमा ऐसे भी नजर आए जो नए वर्ष को वकआउट किया राष्ट्रकवि राम धारी सिंह दिनकर के कविताओं का हवाला दिया, व सनातनी के साथ भारतीय होने के नाते वर्ष के पहले दिन को नया वर्ष मानने से इनकार किया। कहा कि यह अंग्रेजों की देन है हिंदू नव वर्ष की शुरूआत चैत्र मास को मानते कई धार्मिक टाइप के व्हाट्सएप ग्रुप में 1 जनवरी को गधा दिवस मनाने की अपील करते देखी गई। कुल मिलाकर नव वर्ष को लोगों ने अपने अपने तरीके से मनाया।

## ग्रामीण युवाओं ने शुरू की नये वर्ष में एक नयी पहल

### ग्रामीण स्तर पर होगी लाइब्रेरी

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड के चानो आंगनबाड़ी केंद्र बेल छोरवा में युवा शक्ति विचार मंच की बैठक शनिवार को की गई बैठक के माध्यम से ग्रामीण युवाओं व गरीब निर्धन विकलांग वह असहाय बच्चों के लिए ग्रामीण स्तर पर पुस्तकालय की व्यवस्था पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता महादेव मुर्मू व संचालन दीपचंद महतो ने की बैठक में ग्रामीण स्तर पर पुस्तकालय की व्यवस्था करना व पुस्तकालय का नाम बिनोद बिहारी महतो के नाम से स्थापित करने की सर्वसम्मति बनी। वहीं पुस्तकालय में विभिन्न प्रकार के पाठ्यपुस्तक रखने का निर्णय लिया गया, ताकि ग्रामीण स्तर पर बेकार समय व्यतीत करने वाले, लोग पुस्तकों से दोस्ती कर



युवा शक्ति विचार मंच के सदस्यगण

ज्ञानार्जन कर सके। बैठक में उपस्थित धनेश्वर महतो ने बताया कि दिव्यांग जनों के अलावे असहाय व निर्धन परिवार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने पर भी विचार की जाएगी। आगामी निर्धारित तिथि को जनप्रतिनिधि द्वारा पुस्तकालय का विधिवत उद्घाटन करवाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा शक्ति विचार मंच के दीपचंद महतो, राजेश तिर्की, अजय महतो, धनेश्वर महतो, संजय कुमार, महादेव मुर्मू दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## गरीबों की सेवा जारी रहेगी : डब्लू सिंह



भोजन का वितरण करते मंच के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा के तत्वाधान में प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन पत्तल बेचने आए गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया गया। दर्जनों गरीब असहाय महिला पुरुषों के बीच भोजन का वितरण करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि स्वर्गीय नंदकिशोर वर्णवाल की पुण्यतिथि एव नव वर्ष के आगमन में पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन हुआ है।

इस अवसर पर स्वर्गीय नंदकिशोर वर्णवाल की पुण्यतिथि में उनके पुत्र पटेल नगर निवासी पिंकू वर्णवाल, भूपेंद्र वर्णवाल उर्फ रिंकू और उनके सहयोगी शिव कुमार यादव, राकेश शर्मा, बबलू गुप्ता, कंचन दास ने दातुन पत्तल बेचे वाले और अन्य गरीबों के बीच पूरी सब्जी और जलेबी का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत नंदकिशोर वर्णवाल के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्ल्यू सिंह ने कहा कि मंच का उद्देश्य गरीबों की सेवा करना है। पिछले 7 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को लगातार भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

ऐसे नेक कार्य में सबको तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि सबों को सहयोग से गरीबों की सेवा आगे भी जारी रहेगी। साथी समाज हित में कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के संस्थापक जगतार सिंह, मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, लालू उरांव, दिलीप गंजू, जितेंद्र मंडल, कमलेश कुमार, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

## तोपा रोड सेल नए वर्ष में दो जनवरी से होगा शुरू



त्रिपक्षीय वार्ता बैठक में मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** पिछले 11 दिनों से अवरूद्ध तोपा रोड सेल को निर्वाध रूप से चालू कराने को लेकर तीसरी बार रविवार को एक बार फिर सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी ने की। बैठक में महाप्रबंधक ने तोपा रोड सेल को सुचारू रूप से चलाने की बात कही रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा अध्यक्ष किशोर करमाली ने 12 सूत्री मांगों को रखा। निर्णय लिया गया कि सभी मांगों पर आगामी 8 जनवरी को बैठक कर सकारात्मक हल निकालने का काम किया जाएगा। अगर सहमति बनी तो रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा आगे अपना कार्यक्रम जारी रखेगी। फिलहाल दो जनवरी से तोपा रोड सेल को चलाने पर सहमति बनी। बैठक में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी, परियोजना पदाधिकारी मनीष कुमार, डिस्पैच अधिकारी निलेश कुमार, एरिया सुरक्षा प्रभारी संजय सिंह, मजदूर नेता कुमार महेश सिंह, कांग्रेस नेता धर्मराज राम, सेल संचालन समिति की ओर से अध्यक्ष धनेश्वर मांझी, रामभजन लाल महतो,ज्योतेंद्र प्रसाद साहू, असगर अली, गोपेश्वर करमाली के अलावा रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा की ओर से मोर्चा अध्यक्ष किशोर करमाली, सचिव मोहम्मद इस्लाम, ललित राम, शंकर प्रसाद, फरीद मियां, अशरफ जिया, भागवत करमाली, अशोक कुमार गुप्ता, जयबीर हांसदा, सुनील कुमार,हाजी शाहिद अली, उमेश कुमार दास, अरशद अंसारी, आसिन अंसारी, जयनंदन करमाली, शमशेर आलम, निर्मल करमाली, तबारक अंसारी,नसीम अंसारी, जफरूल अंसारी, इमामुद्दीन अंसारी शामिल थे।

## नये साल का जोरदार ढंग से किया स्वागत

### कटी केक, बंटी मिठाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम पर थिरके विद्यार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित सनराइज एकाडमी में शनिवार और रविवार को समारोह पूर्वक पुराने वर्ष 2022 को विदाई देते हुए नये वर्ष 2023 का स्वागत किया गया। इस दौरान कंप्यूटर शिक्षिका अंजली कुमारी ने केक काटकर सबों को आने वाले वर्ष 2023 की बधाई देते हुए जीवन में बेहतर करने की शुभकामनाएं दी। इसके बाद उपस्थित विद्यार्थियों के बीच मिठाई व केक का वितरण किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक गीत व संगती प्रस्तुत कर आने वाले



आने वाले नये वर्ष का जश्न मनाती छात्राएं

नये वर्ष की एक-दूसरे को बधाई दी। इसके पूर्व कंप्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी का जन्म दिन केक काटकर मनाया गया। साथ ही उपहार देकर उन्हें बधाई दी गई। मौके पर कंप्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी उर्फ जूली व पल्लवी सिन्हा, अंजली कुमारी लहेरी, अजीत कुमार, रजनीश प्रसाद, कमलेश मेहता, आर्यन यादव, इतिशा कुमारी, नेहा कुमारी, श्रुति सिंह, तनुजा कौर, सोनी कुमारी, रेशमी कुमारी, राखी कुमारी, रानी कुमारी, नूरजहां खातुन, समीना खातुन, नेहा कुमारी, अंजली कुमारी, प्रीति सिंह, निशा सिंह, कोमल कुमारी, नरगिश परवीन, स्वीटी कुमारी, मुनमुन कुमारी, करण कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद थें।

## अगलगी से पीड़ित ग्रामीण को एनटीपीसी के अधिकारियों ने नगद व खाद्य सामग्री देकर किया सहयोग

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के आरा ग्राम में आगलगी की घटना से दो पीड़ित परिवार को एनटीपीसी के अधिकारियों ने नगद राशि और खाद सामग्री देकर सहयोग किया है। यह अगलगी की घटना आरा ग्राम निवासी मोहन राणा एवं लखन राणा के यहां बीते 28 दिसंबर की सुबह में घटी थी। जिसमें मोहन राणा और लखन राणा के घर के सभी सामग्रियां जलकर राख हो गई थी और उन्हें रहने खाने के साथ-साथ कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

## फुटबॉल टूनार्मेंट: लातेहार को हरा मनिका ने जीता खिताब

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित उच्च विद्यालय के खेल के मैदान में आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में मनिका की टीम ने लातेहार को एक गोल से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। मौके पर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने विजेता और उप विजेता दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। इसके पूर्व टूनार्मेंट के आयोजक समिति के अध्यक्ष आयुष्मान कु यादव उर्फ मंटू ने विधायक रामचंद्र सिंह को शॉल ओढ़ाकर,माला पहनाकर और बुके देकर सम्मानित किया। वहीं मंच पर विराजमान अतिथि विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,सुरेंद्र भारती, बृंद बिहारी यादव, पंकज तिवारी, तस्लीम अंसारी, अरुण सिंह, राजीव रंजन कुमार साहू



आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट में विधायक रामचंद्र सिंह को सम्मानित करते आयोजन कमेटी अध्यक्ष व अन्य

समेत कई प्रतिनिधियों को माला देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने फाइनल मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और बॉल में किक मारकर खेल का उद्घाटन किया। खेल के मध्यांतर तक दोनों टीमों ने कोई गोल नहीं किया। मध्यांतर के बाद मनिका ने लातेहार पर एक गोल दागकर बढ़त बना ली। मौके पर विधायक समेत उपस्थित अतिथियों ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को 15 हजार रूपए नगद, ट्रॉफी और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता टीम को भी 7 हजार रुपए नगद ट्रॉफी और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर मैन ऑफ द मैच संजीत उरांव को दिया गया। उक्त अवसर पर अध्यक्ष आयुष्मान कु यादव उर्फ मंटू, रौशन कुमार यादव, विकास कुमार, विशाल कुमार, अंकज कुमार, गणेश यादव, तबारक अंसारी, रौशन कुमार, भागीरथी सिंह, रामबृक्ष यादव, बिनोद राय, मनोज यादव, संटू यादव, मिथिलेश पासवान समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## जब पूरे शहर में मनाया जा रहा था नये वर्ष का जश्न तब घायलों के ईलाज में जुटा था आरोग्यम अस्पताल

### आरोग्यम के निदेशक हर्ष अजमेरा के साथ डॉ राहुल कुमार सिंह घायलों के इलाज में रहे व्यस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** नये साल 2023 के आगमन को लेकर शहर में चारों ओर लोग जश्न मनाते हुए दिखें। हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्र के मनोरम वादियों जैसे हजारीबाग झील, कनहरी हिल, लोटवा डैम, छड़वा डैम, निर्मल महतो पार्क, स्वर्ण जयंती पार्क, लारा नदी, सालपर्णी, नेशनल पार्क सहित कई जगहों पर लोग पिकनिक मनाते हुए नजर आये। वहीं हजारीबाग के सुप्रसिद्ध एचजेडबी आरोग्यम अस्पताल के कर्मी रात-दिन घायलों के इलाज करने में व्यस्त रहे। रविवार को दिनभर घायलों के ईलाज के लिए अस्पताल के कर्मी तत्परता से जुटे हुए थे। चारों ओर खुशहाली का माहौल



इलाज में जुटे कर्मी

है वहीं इस माहौल के बीच आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर हर्ष अजमेरा के साथ डॉ. राहुल कुमार सिंह खुद ही खड़े रहकर घायलों के इलाज कराने में व्यस्त दिखे। नये वर्ष के आगमन को लेकर लोग अपने परिवार के साथ रहकर पर्यटन स्थलों में घुमने-फिरने तथा पिकनिक मनाने में लगे रहते है। वहीं आरोग्यम अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा, डॉक्टर राहुल कुमार सिंह सहित अस्पताल के सभी कर्मियों ने अपने कर्म को प्रधान मानकर सेवा की भावना मन में रखते हुए लोगों की सेवा में जुटे रहे। अस्पताल में जैसे ही किसी दुर्घटना, घटना या जरूरतमंद की पुकार आती है, तो निदेशक हर्ष अजमेरा व डॉ राहुल कुमार सिंह खुद ही मरीजों की सेवा के लिए खड़े रहते हैं।

## मुस्कुराहटें संस्था के भरोसे पर मैं हर संभव खरा उतरूंगा: अशोक कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** मुस्कुराहटें संस्था की एक इकाई रामगढ़ वॉलंटरी ब्लड डोनर्स आर्गेनाइजेशन का गठन किया गया। जिसमें रजरप्पा आवासीय कॉलोनी निवासी अशोक कुमार को सचिव पद पर मनोनयन किया गया है. अशोक ने सबसे पहले संस्था के अध्यक्ष विवेकानंद वर्मा को धन्यवाद दिया। और उन्होंने कहा कि संस्था ने जो मुझे सम्मान दिया है मैं उसे कभी नहीं भूलूंगा और मुस्कुराहटें संस्था के भरोसे पर मैं हर संभव खरा उतरूंगा। अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाउंगा।



अशोक कुमार.

अशोक को बधाई देने वालों में राकेश पंडा, संतोष कुमार, मृत्युनंजय शर्मा, संदीप कुमार, ओमप्रकाश महतो, सुनील प्रसाद, डॉ. शिवकुमार दांगी आदि लोग शामिल है।

## कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल क्षेत्र के लोगों ने नववर्ष 2023 का जमकर उठाया लुत्फ

### डीजे के धून पर थिरके लोग, खाने-खिलाने व पीने-पिलाने का चला दौर, पतरातू डैम में उमड़ा जन-सैलाब

### लजीज व्यंजनों का लिया आनंद, एक-दूसरे के गले मिल दी गई नये साल की बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नववर्ष 2023 को ले कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को पिकनिक की धूम रही। इस दौरान लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों के साथ मनोहारी नृत्य और संगीत के बीच अपने आप को सराबोर करते दिखें। ज्ञात हो कि पतरातू डैम की पहचान एक प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट के रूप में की जाती है। यहां जलाशय बाहें फैलाए सैलानियों का इंतजार करते रहती है। प्रत्येक नये वर्ष के अवसर पर इस जलाशय पर पिकनिक मनाने के लिए सैंकड़ों लोग आया करते हैं। छुट्टियों और नये वर्ष के अवसर पर हजारों की संख्या में सैलानी पतरातू डैम पहुंचकर अपनी थकावट को दूर करने के साथ-साथ हसीन वादियों के बीच





पिकनिक मनाते लोग, पिकनिक में लजीज व्यंजनों का आनंद लेते लोग

पिकनिक मानने का भी लुत्फ उठाते हैं। इधर दिसंबर माह से पतरातू डैम में रामगढ़, रांची, भुरकुंडा, गिद्दी, रेलीगढ़ा, उरीमारी, सेंट्रल सौंदा, सौंदा डी, रीवर साईड, चिकोर, पाली, निम्मी, सुद्दी, देवरिया, मतकमा, जवाहर नगर, पगला आश्रम, लपंगा, चैनगडा, बरकाकाना, भुरकुंडा, भदानीनगी व बासल सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों लोग नववर्ष 2023 के आगमन के अवसर पिकनिक में लजीज व्यंजनो का जमकर आनंद लिया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिल नववर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं आईएजी डैम, दोमुहानी, बलकुदरा पोखरिया, रीवर साईड दामोदर नदी तट सहित अन्य क्षेत्रों के नदी और तालाबों में लोगों ने नववर्ष का जमकर लुत्फ उठाया। लोग सुबह ही अपने-अपने घरों से पिकनिक स्पॉटों के लिए निकले जहां जमकर मौज-मस्ती की। साथ ही लोगों ने नाव व बोट के माध्यम से पतरातू डैम भ्रमण का भी जमकर आनंद लिया। विधि-व्यवस्था बनाए रखने में चैक-चैराहों सहित पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस-प्रशासन दल-बल के साथ मुस्तैद दिखी। जवाहरनगर भुरकुंडा निवासी सह समाजसेवी राणा भट्टाचार्य कहते हैं कि पिकनिक मौज-मस्ती करने का बेहतर जरिया होता है। उन्होंने कहा कि पिकनिक के दौरान लोग एक अलग ही दुनिया में चले जाते हैं, जहां सिर्फ मौज-मस्ती व खाने-खिलाने का दौर चलता है। इससे मन आनंदित और प्रफुल्लित होकर आत्मसंतुष्टि से ओत-प्रोत हो जाता है। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि पिकनिक दोस्तों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का अवसर भी देता है। पिकनिक के जरिए आपसी भाईचारगी तो प्रगाढ़ होती ही है मन आनंदित एवं फ्रेसटेशन कम हाने के साथ-साथ कई बेहतरिंग यादों को संजोने का भी मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि पिकनिक तरोताजा व आनंदित होने का एहसास तो कराता ही है, यह आपसी प्रेम व भाईचारगी को और प्रगाढ़ भी करता है।

## झामुमो नेता राम प्रकाश भाई पटेल का आकस्मिक निधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता व पूर्व सांसद और विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो के बड़े पुत्र और भाजपा के मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के बड़े भाई झामुमो प्रत्याशी राम प्रकाश भाई पटेल का आकस्मिक निधन रविवार को दोपहर बाद हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राम प्रकाश भाई पटेल लंबे दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। करीबियों ने बताया कि तकरीबन 2 माह से दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा था। लीवर की प्रॉब्लम और किडनी की प्रॉब्लम से जूझ रहे थे वहीं रविवार को पार्टी कार्यकर्ता द्वारा निधन की जानकारी दी गई। श्री पटेल के निधन के बाद पार्टी कार्यकताओं से लेकर



राम प्रकाश भाई पटेल ( फाइल फोटो)

शुभचिंतकों में शोक की लहर है। शोक दुख व्यक्त करने वालों में कई सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल है महताब अंसारी जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी, रफीक आलम ने संवेदना व्यक्त किया।

स्पीड न्यूज

## कैरो में भारत जोड़ो यात्रा चार को



**कैरो।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय भारत जोड़ो पदयात्रा,महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। तत्पश्चात आगामी 04 जनवरी दिन बुधवार को हनहट पंचायत के ग्राम हनहट शहीद विनोद उरांव स्मारक पर श्रद्धा सुमन माल्यार्पण कर प्रारंभ करते हुए ग्राम हनहट,खरता,टाटी,डूमरटोली,सढ़ाबे एवं सढ़ाबे पंचायत के ग्राम एड़ादोन शहीद विश्राम टाना भगत स्थल पर समापन होगा। प्रखंड स्तरीय भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष समेत जिला के वरिष्ठ एवं प्रदेश के नेतागण शामिल होंगे। प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान ने कहा कि जिस तरह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पूरे भारत से नफरत,द्वेष,महंगाई और बेरोजगारी को दूर करने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3570 किलोमीटर पैदल भारत जोड़ो पदयात्रा कर रहे हैं जिसे हर तरह के लोग किसान,खेल प्रेमी,एक्टर,डॉक्टर आदि भारत के प्रबुद्ध लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है उसी के निमित जिन राज्यों और प्रखंडों से राहुल गांधी का पदयात्रा नहीं गुजर रहा है वहां पर स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं के द्वारा भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम किया जा रहा है और देश से नफरत और द्वेष को मिटाने का काम किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से कैरो प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सनाउल्लाह अंसारी ,प्रखंड आमंत्रित सदस्य देवदत्त प्रजापति, कैरो प्रखंड यूथ अध्यक्ष तिला उरांव ,प्रखंड उपाध्यक्ष नईम अंसारी, प्रखंड महासचिव मोजाहिर अंसारी, प्रखंड सचिव रशीद अंसारी,प्रवीण पांडे पंचायत अध्यक्ष सुमन उरांव,मंजन उरांव,नारायण उरांव,शिव उरांव,जियाउल अंसारी,अकबर खान,हुसैन खान,मतलूब अंसारी,अमन उरांव,मंसूर आलम,मदन उरांव,रोहित प्रजापति,रितेश कुमार सोनी,एजाज खान आदि उपस्थित थे।

## एक दिवसीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता



**कैरो।** प्रखंड के चाल्हो में पाकीजा क्लब के तत्वाधान में एक दिवसीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मैच चाल्हो व नयाटोली के बीच खेला गया जिसमें सात एक से नयाटोली की टीम विजेता रही। वहीं फाइनल मैच हुरहुरि व रांची के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीम ने हिस्सा लिया था जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार नगद, शील्ड व जर्षि, द्वितीय पुरस्कार के रूप में आठ हजार नगद, शील्ड व जर्षि के साथ तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत मुखिया सुमन उरांव ने कहा कि कहा कि आज के समय में बॉलीबॉल का खेल के प्रति खिलाड़ियों का रुझान बढ़ रहा है ऐसे में इस तरह का आयोजन होने से निश्चित रूप से खिलाड़ियों में एक ऊर्जा आ रही है। आज के समय मे किसी भी तरह: का खेल खिलाड़ी के किये आर्थिक विकास का नया आयाम दे रहा है। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के हौशला बढ़ाने के लिए सनराइज अस्पताल लोहरदगा के संचालक द्वारा भी खेल सामग्री वितरण किया गया। मौके पर आयोजक समिति के अध्यक्ष रिजवान अंसारी, रामप्रताप साहू, विकास कुमार अग्रवाल, अनस राजा, शाहिद अंसारी, पंकज साहू, रामवृक्ष साहू, शांतनु तुरी, हरण लकड़ा, अमानत अंसारी, शाहबाज अंसारी, ज्यारत अंसारी, रुस्तम अंसारी, चंद्रदेव उरांव इत्यादि मौजूद थे।

## क्रिकेट प्रशिक्षण को ले कार्यशाला



**भंडरा ।** भंडरा युवा सद्भावना मंच द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन को किया गया । ज्ञात हो कि प्रखंड के बैमारी खेल मैदान मे भंडरा लाल बहादुर शास्त्री मैदान में युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान में दो दिवसीय क्रिकेट प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के बच्चों ने भाग लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत कुमार सिन्हा ने कहा की खेल के प्रति बच्चों में जागरूकता संचार करने का यदा कदा प्रयास करते हीं रहते हैं। उन्होंने कहा की आधुनिकता ने बच्चों का बचपन छीन लिया है।स्कुल के बाद बच्चे टीवी, मोबाइल में चिपक जाते हैं। बीडीओ ने कहा कि बच्चों एवं युवाओं को समाज के विकास में आगे रहना चाहिए। पढ़ाई के साथ साथ खेल भी जरूरी है। बीडीओ ने युवा सद्भावना कार्यशाला के सफलता पूर्वक संपन्न होने पर लोगों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कोच अमित कुमार, पंचायत सचिव तिवारी उरांव,रऊफ अंसारी,रेहान अंसारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पिकनिक स्पॉटों पर मनाया जश्न

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के कई पिकनिक स्पॉटों मे राबिवार को अहले सुबह से शाम तक लोगो की भीड़ लगी रही लोगो ने नए वर्ष पर जमकर जश्न मनाया।इस क्रम में सिकवार टोंगरी,सिकवार डैम,मसरिया डैम,गुटवा कोयल नदी,देवाकी डैम,देवाकी बाबाधाम,देवाकी नर्सरी,बालाखटंगा कोयल सहित कई अन्य स्थानों पर लोग पिकनिक मनाने पहुचे जहा लोगो ने जमकर पिकनिक का लुप्त उठाया।साथ ही कई जगहों पर डीजे गानों पर लोग नृत्य करते भी नजर आए।इधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी पिंकनिक स्पॉटों पर पुलिस बल तैनात नजर आए ताकि किसी भी तरह की परेशानी नए शाल मना रहे लोगो को न हो।

# नववर्ष पर जश्न को नागफेनी तट पर उमड़ी भीड़

## गुमला जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर सैलानियों से रहा गुलजार

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। प्रकृति की गोद में नव वर्ष का जश्न लोगों ने मनाया। खुले आसमान व मनमोहक वादियों के बीच परिवार के साथ लोगों ने पिकनिक मनाकर नए वर्ष का शुभारंभ किया। नववर्ष को लेकर जिले के सभी पिकनिक स्पॉट गुलजार रहे हैं। नागफेनी स्थित दक्षिणी कोयल नदी में शहर के लोग भारी संख्या में पहुंचे थे। जहां नदी के पवित्र सरोवर में स्नान किया और मंदिर में पूजा अर्चना किया। इसके बाद परिवार के सदस्यों के साथ नागफेनी नदी तट पर है भोजन नाश्ता आदि बनाकर खाया। शहर से युवाओं की टोली भारी संख्या में नागफेनी नदी तक पहुंची थी। जहां युवाओं ने भोजन बनाकर खाया बर्ड डीजे के धूम पर झूमते नजर आए। इधर रात के 12:00 बजे नववर्ष के जश्न में लोग डूब गए। लोग मोबाइल से परिजनों को नववर्ष की बधाई देने लगे। वहीं कई लोगों ने केक काटकर 9 वर्ष का स्वागत किया। नववर्ष को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। यदि तत्वों में बच्चे कलकल बहती जल धाराओं के बीच अठखेलियां करते नजर आए। जिले के रेडी प्रखंड के शंख नदी, डुमरी प्रखंड का बासा, नदी चैनपुर प्रखंड का शंख नदी, घाघरा प्रखंड में टांगर शिकवार, पालकोट प्रखंड में ऋषि मुख पर्वत व पहाड़ों के बीच लोगों ने नववर्ष का जश्न मनाए। शहर से भारी संख्या में लोग अपने वाहनों से इन स्थानों पर परिवार के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे थे।

**मंदिरों में पूजा कर लोगों ने की नववर्ष की शुरूआत:** नव वर्ष का शुभारंभ लोगों ने मंदिरों में पूजा अर्चना की। मंदिरों में भगवान की प्रतिमाओं के समक्ष मत्था टेक कर अपने परिवार की सुख समृद्धि व शांति की कामना लोगों ने की। शहर के काली मंदिर, घाटो बगीचा, स्थित बजरंगबली मंदिर, अंजन धाम, बाबा टांगीनाथ धाम में पूजा अर्चना के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। वही घागरा प्रखंड के देवा की धाम में भी नव वर्ष पर पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। नव वर्ष पर चारों उत्साह का ही माहौल दिखा।

सड़कों पर पसरा सन्नाटा : नववर्ष को लेकर शहर की सड़कों पर वीराना छाया रहा। क्योंकि अधिकांश लोग परिवार के सदस्यों के साथ पिकनिक मनाने रमणिका स्थल की ओर चलें ग्रे थे। शाम 4:00 बजे के बाद पिकनिक स्थलों से शहरवासियों के लौटने के बाद सड़कों पर चहल-पहल देखी गई।









**पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम:** नव वर्ष को लेकर जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। प्रखंड के सभी पिकनिक स्थलों पर थाना प्रभारी स्वयं सुरक्षा की कमान संभाले हुए थे। नागफेनी नदी तट पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम देखे गए। पहाड़ों के ऊपर से लेकर मैदान इलाके तक पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात थे। नागफेनी नदी में 30 फुट ऊपर से छलांग लगाकर स्नान कर रहे हैं पुलिस ने रोका।

# लोहरदगा पिकनिक स्पॉट्स पर मस्ती में डूबे सैलानी

खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा । जिले में नव वर्ष कों लेकर लोगो में काफी उत्साह देखने को मिला।लोग परिवार के साथ जिले के विभिन्न पिकनिक स्थल में पिकनिक मनाते देखे हुए।नव वर्ष के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के नंदिनी जलाशय में पर्यटकों की भीड़ सबसे अधिक रही। रविवार को नंदनी जलाशय, अखिलेश्वर धाम,पांडे बांध,हिरन कट्ठा डैम,पझरी पहाड़ आदि जगहों पर लोग पिकनिक मनाने पहुचे। जहां पर लोगों ने जमकर मस्ती की। खासकर नंदनी जलाशय में तो मेला जैसा माहौल बना रहा। कुछ लोगों को साउंड लगा कर डीजे पर झूमते थिरकते देखा गया। वहीं सुरक्षा को देखते हुए भंडरा थाना पुलिस गस्ती करती रही। साथ ही थाना प्रभारी गौतम कुमार भी नंदनी जलाशय पहुंचकर जायजा लिया। प्रखंड के नंदनी डैम अखिलेश्वर धाम सहित इनके आसपास के इलाकों में पिकनिक स्पॉटों पर नए साल का आगाज करते हुए प्रखंड वासियों में खूब उत्साह दिखा। नए साल का जश्न 31 दिसंबर की आधी रात से ही शुरू हो चुकी थी। पिकनिक स्पॉटों पर सुबह से देर शाम लगभग पांच बजे तक लोगों की काफी भीड़ रही। भंडरा पुलिस के ए स आई शर्मा भगत व दंडाधिकारी संजीत कुमार,रविशंकर भगत की पुलिस पिकनिक स्पाटों पर लोगों की सुरक्षा को लेकर चौकन्नी दिखी। युवा वर्ग की टोलियों में पिकनिक को लेकर उत्साह चरम पर था। ये वर्ग अपनी धुन में घंटों नाचते गाते रहे। कई स्थानों पर लोगों ने सामूहिक रूप से पकवान बनाकर खाने का भी आनंद लिया। धार्मिक आस्था रखने वाले लोगों ने नये साल की शुरूआत मंदिर, मस्जिद और चर्चों में प्रार्थना कर की। सबसे ज्यादा भीड़ नंदिनी जलाशय, अखिलेश्वर धाम,पांडे बांध डैम,हिरन कट्ठा डैम के तट पर लोगों ने पिकनिक का लुत्फ उठाया। प्रखंड में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार प्रखंड के विभिन्न पिकनिक स्पॉट मे नजर आए। वहीं प्रखंड के मनोरम स्थल हिरण कट्ठा डैम, पझरी पहाड़, चडरी पहाड़, पाड़े बांध आदि अन्य जगहों पर दोस्तो एवं परिवार के साथ लोग गाजे बाजे के साथ नाच गान करते हुए नये साल का आगाज किया। वहीं धार्मिक स्थल के रूप में स्थित ऐतिहासिक अखिलेश्वर धाम में भी सुबह नव वर्ष पर सैंकड़ो लोग बाबा भोले नाथ के दर्शन को पहुंचते थे ।





# सिसई में ललित उरांव को भाजपा ने श्रद्धांजलि

## उरांव की सादगी जीवन कार्यकर्ताओं के लिए है प्रेरणा स्रोत: दिनेश उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

सिसई। सिसई के लोकप्रिय नेता तीन बार के विधायक, दो बार सांसद व दो बार मंत्री रहे स्व.ललित उरांव की जयंती रविवार को भाजपाइयों के द्वारा मनाया गया। प्रखंड कार्यालय स्थित उनके प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर पूर्वी स्पीकर डा. दिनेश उरांव ने कहा कि स्व ललित उरांव शिक्षक रहते हुए राजनीति में कदम रखा। राजनैतिक जीवन की शुरूआत काल में 1962 मे उन्होने कांग्रेस के टिकट पर सिसई विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। सिसई के गणमान्य लोगों के नेतृत्व में 1965 में जनसंघ पार्टी में शामिल हुए और 1969 के चुनाव में पहली बार विधायक बन आदिवासी कल्याण मंत्री बने। 1974 के आपातकाल मे उन्हें तिहाड़ जेल जाना पड़ा था। 1977 में वन मंत्री एवं 1980 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर विधायक बने। स्व ललित उरांव 1991 एवं 1996 में सांसद बने थे। इनका राजनीतिक जीवन में उनकी सादगी, सालीनता, ईमानदारी, उच्च विचार, लगनशील व कर्मठ छवि व आम जनता के बीच अमिट छाप छोड़ी है। मौके पर ललित उरांव के पुत्र मंगलाचरण उरांव, पौत्र अभिषेक चन्द्र उरांव, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, राज्य सभा जिला सांसद प्रतिनिधि अनिल साहु, सिसई भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, वरिष्ठ भाजपाई लाल मोहन साहु, नंदकिशोर सिंह,बसंत साहु, दीपक सिंह, सहित अनेक भाजपाई शामिल थे।



## बाइक से गिरकर युवक की मौत

**बसिया।** बसिया सिसई सड़क पर बनागुटु गाँव बाजार के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। युवक रबिन्द्र संवासी उर्फ रबी ग्राम हैयाटोली थाना बसिया निवासी है।घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक बसिया से अपने घर हैयाटोली जाने के दौरान बनागुटु बाजार के समीप मोड़ में अनियंत्रित होकर दुर्घनाग्रस्त हो गया। उसके सिर में गम्भीर चोट लगी थी। ग्रामीणों के सहयोग से रेफरल अस्पताल बसिया पहुँचाया गया। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बसिया पुलिस भी अस्पताल पहुँचकर शव को कब्जे में ले लिया।

स्पीड न्यूज

## शेख बदरुद्दीन बनाये गए 15 सूत्री कार्यक्रम के राज्य स्तरीय कमेटी में सदस्य

**जमशेदपुर।** भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतू प्रधानमंत्री के नये 15 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत संशोधित मार्गदर्शिका के आलोक में राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया, जिसमें जमशेदपुर से झामुमों के वरिष्ठ नेता शेख बदरुद्दीन एवं कांग्रेस नेता वलदेव सिंह को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है । शनिवार को झामुमों के पुराना कोर्ट स्थित पार्टी कार्यालय में शेख बदरुद्दीन को कार्यकताओं की ओर से फूल माला पहनाकर और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया । साथ ही खुशी में मिठाई भी बांटी गयी । स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से आरटीए के कोल्हान प्रभारी सह झामुमों के वरिष्ठ नेता प्रमोद लाल, निर्मल भटाचार्जया आंदोलनकारी नेता , शैलेन्द्र मेथी मजदूर नेता, फयाज खान, सुभाष मित्तल, राजद के वरिष्ठ नेता अजीत यादव, चंदन कुमार, बिष्णु गोप , कांग्रेस के चंद्रशेखर मोदी सहित काफी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता गण मौजूद थे ।

## चैम्बर भवन में नववर्ष पर रुचि नरेंद्रन ने काटा केक

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंड स्ट्री के तत्वावधान में चैम्बर भवन बिष्टुपुर में नववर्ष के अवसर पर केक कटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन की धर्मपत्नी श्रीमती रुचि नरेंद्रन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थीं। श्रीमती नरेंद्रन ने चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं उनकी टीम की उपस्थिति में केक काटा।

## जुगसलाई रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य हुआ पूर्ण

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सहित कोल्हान के व्यापारिक पहचान के रूप में स्थापित जुगसलाई क्षेत्र की दशकों पुरानी मांग रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। रेलवे ओवरब्रिज निर्माण पूर्ण होने से एक ओर जहां जुगसलाई क्षेत्र की जनता में हर्ष का माहौल है तो वहीं, दूसरी ओर इस रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण और इसके स्वरूप में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं जमशेदपुर लोकसभा के सांसद विद्युत वरण महतो के अथक प्रयासों को लेकर भाजपा ने दोनों नेताओं के नागरिक अभिनंदन की तैयारी की है। सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वाधान में होने वाले नागरिक अभिनंदन को लेकर व्यापक तैयारी की गई है।

## गैर सरकारी शिक्षक संघ ने अर्जुन मुंडा को सौंपा ज्ञापन

**गम्हरिया।** भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को एक ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन के माध्यम से सम्पूर्ण भारत के 50 लाख से अधिक निजी शिक्षकों के हित में भारतीय संविधान में एक विधेयक बनवाने और इस उद्देश्य से संसद में प्रश्न उठाने की मांग की गई। बताया गया कि संपूर्ण भारतवर्ष में शिक्षा का अलख जगाने वाले निजी शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है। भारत के किसी भी राज्य में गैर सरकारी शिक्षकों के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता है। परंतु भारत के संविधान पटल पर गैर सरकारी शिक्षकों के लिए कोई भी विधेयक आज तक आजाद भारत में पारित नहीं हो पाया है।

## गर्भवती महिला से चार युवकों ने की मारपीट

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के शिव नारायणपुर स्थित सरना टोला में आपसी विवाद के कारण चार-पांच लोगों द्वारा 18 वर्षीय गर्भवती महिला के साथ मारपीट की गई। रविवार की देर शाम हुई इस घटना के बावत प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस्ती के ही बबलू बोदरा नामक युवक ने अपने चार-पांच साथियो के साथ मिलकर उक्त बस्ती के बबलू हाईबुरु की चार माह की गर्भवती पत्नी सरस्वती हाईबुरु के साथ मारपीट की गई। इस दौरान महिला के पेट में भी चोट लग गई जिससे वह बेहोश हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा इस बाबत आदित्यपुर थाना को सूचना देने के बाद तत्परता दिखाते हुए।

# भगवान शिव की आराधना में बेल पत्र का विशेष महत्व -वृजनंदन

## शास्त्रीमानगो वसुन्धरा एस्टेट में शिवकथा महोत्सव का समापन



ऐ बुड़बक ? क्या ऊंघ रहा है, सबको नववर्ष की बधाई तो दो ? टाटा स्टील जुलोजिकल पार्क, जमशेदपुर में नववर्ष के दिन गुनगुनी धुप में ऊंघ रहे शेर को शायद उसका दोस्त यहीं कह रहा है।



व्यास पीठ को नमन करते सांसद विद्युतवरण महतो।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्री पाशुपात्य व्रत शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ का समापन रविवार को हवन, पूजन और भंडारा के साथ हुआ। सात दिनों तक चले शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ में रोजाना काफी संख्या में श्रद्धालु जुटे। सातों दिन मुख्य यजमान किरण-उमा शंकर शर्मा सहित समस्त शर्मा परिवार थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा (पंसाद) ग्रहण किया। सातवें दिन रविवार व्यास पीठ से कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान शिव को बेलपत्र और रूद्राक्ष अत्यंत प्रिय हैं। बेल पत्र में अखंड लक्ष्मी का वास होता है अगर धन होगा तो धर्म की ध्वजा धर्म की अविरल धारा होगी। भगवान शिव को बेल पत्र चढ़ाने और रुद्राक्ष धारण करने से मनुष्य को कई लाभ मिलते हैं। रुद्राक्ष मानसिक तनाव से मुक्ति देता है। यह शरीर, मन और आत्मा के लाभ के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। महाराज श्री ने बताया कि भगवान शिव की आराधना में बेल पत्र यानि बिल्व पत्रों को विशेष महत्व है। आस्था के साथ शिवलिंग पर सिर्फ बिल्व पत्र ही अर्पित किये जाएं तब भी भगवान भोले अपने भक्त की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। बिल्व पत्र के वृक्ष को श्री वृक्ष और शिवद्रुम भी कहते हैं। बेल पत्र के तीनो पत्ते त्रिनेत्रस्वरूप भगवान शिव के तीनों नेत्रों को विशेष प्रिय हैं। आज की कथा का मुख्य प्रसंग रहा कि महादेव को बिल्वपत्र अर्पित करें, ताकि भगवान शंकर प्रसन्न हो और भक्तों के सभी कार्य सिद्ध हो।

**इनका रहा योगदान:** सात दिवसीय शिवकथा महोत्सव को सफल बनाने में प्रमुख रूप से उमाशंकर शर्मा, कृपाशंकर शर्मा, रामाशंकर शर्मा, गिरजाशंकर शर्मा, कृष्णा शर्मा उर्फ काली शर्मा, संतोष शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, रामानन्द शर्मा, रवीन्द्र कुमार, अनिल कुमार, चंदन कुमार समेत शर्मा परिवार के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**कई गणमान्य हुए शामिल:** समापन के दिन रविवार को विभिन्न राजनीतिक एंव सामाजिक संगठन के गणमान्य टाटा डीएलटी के निलेश, वरिष्ठ पत्रकार आनंद, सुरेश सोंथालिया, योगेश महलोत्रा, किशोर गोलछा, मनोज अग्रवाल पवन शर्मा, महेश सोन्थालिया, अनिल चौधरी, विश्वनाथ शर्मा, अरुण बांकरेवाल, रोहित अग्रवाल, अनिल मोदी, जमुना टुड्डू, हर्ष, हेमंत, सुरंजन राय, निर्मल सिंह, रवि सिंह, बी के चतुवार्दी, राजीव सिंह, सुजीत सिंह, राहुल, कमलेश दूबे, हनु, संदीप, मिथलेश, प्रिंस सिंह, सूयार्मान सिंह आदि ने शिव और बांके बिहारी के दरबार में हाजरी लगायी और कथा का आनन्द लिया। साथ ही स्वामी वृजनंदन शास्त्री से आशीर्वाद लिया और झारखंड के विकास की प्रार्थना की।

## कैमरे की नजर में नववर्ष की खुशियां



नववर्ष के अवसर पर वनभोज करने वालों से अटा रहा जुबिली पार्क।



काली बाड़ी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा करने पहुंचे। भक्तों की लंबी कतार लगी।



जुबिली पार्क में बनभोज के दौरान सेल्फी लेने में मगन एक युवती।



काली मंदिर, परसूडीह में महंत विद्यानंद सरस्वती की अगुवाई में दो दिवसीय यज्ञ का समापन आज विशाल भंडारा के साथ हुआ। भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर रहे संतों को दक्षिणा देते महंत जी।



साई मंदिर, सर्किट हाउस में पूजा करने पहुंचे भक्त।

# रघुवर और बन्ना गुप्ता ने नववर्ष पर किया पूजा-पाठ, जनता को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की पूजा करते पूर्व सीएम रघुवर दास।

**जमशेदपुर।** नववर्ष 2023 के दिन शहर में लोगों पूजा-पाठ और वनभोज कर परिवार संग खुशियां बांटी। दिन भर शहर में जश्न और उत्सव का माहौल रहा। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सूर्य मंदिर गए और वहां पूजा पाठ किया जबकि झारखंड के वर्तमान स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मं त्री बन्ना गुप्ता अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुधा गुप्ता संग टेल्को भुवनेश्वरी मंदिर पहुचे और वहां पूजा-अर्चना की। इसके बाद दोनों महानुभावों ने अपने-अपने समर्थकों के साथ नववर्ष की खुशियां बांटी। नई उम्मीदों के साथ नए साल की शुरूआत हो गई है। कैलेंडर नववर्ष के मौके पर लौहनगरी जमशेदपुर में जश्न का माहौल है।

एक ओर लोग जहां एक-दूसरे को नए साल की बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं तो वहीं, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने जमशेदपुर सहित झारखंडवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। रविवार को नववर्ष के प्रथम दिन पूर्व सीएम रघुवर दास ने सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर, प्रभु श्रीराम, माँ दुर्गा एवं वीर बजरंग बली की विधिवत पूजा-अर्चना कर सभी झारखंडवासियों के सुख-समृद्धि और संपन्नता की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री से मिलने भाजपा कार्यकताओं व आमजनों का तांता लगा रहा। भाजपा कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं पुस्तक भेंटकर नववर्ष की शुभकामनाएं व्यक्त की। वहीं, मंदिर परिसर में दर्शन हेतु आये सैकड़ों श्रद्धालु पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के संग तस्वीर को कैमरे में कैद करते दिखे। पूर्व मुख्यमंत्री ने सभी से मिलकर नववर्ष की शुभकामनाएं स्वीकार करते हुए लोगों से उनका हाल-चाल पूछा और उपस्थितजनों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने नववर्ष 2023 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नूतन वर्ष में सभी झारखंडवासियों के परिवार में खुशहाली और समृद्धि आये। यह वर्ष सभी के लिए भगवान भास्कर की भांति चमकदार और रोशनी भरा हो। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भाजपा कार्यकताओं से अंत्योदय के मूल भावना को आत्मसात कर सेवा ही संगठन के मंत्र पर अग्रसर रहने का आह्वान किया। उन्होंने नूतन वर्ष में राष्ट्र की उन्नति और प्रगति की कामना की।

## विहंगम योग - विश्वशांति वैदिक महायज्ञ से हुआ नव वर्ष का शुभारंभ

**जमशेदपुर।** विहंगम योग टाटा आश्रम 8 जुबली रोड बिस्टुपुर में नव वर्ष का शुभारंभ विश्व शांति वैदिक महायज्ञ से किया गया जिसमें 600 से अधिक सदस्यों ने आहुतियाँ प्रदान की। ऋषिकेश से आए हुए पुरोहित महावीर विद्यार्थी नें यज्ञ कराया जिसमें यजमान घनश्याम गोयल , डॉ डी पी शुक्ला दंपति, कन्हैया लाल अग्रवाल, मंजू माहेश्वरी, नगीना सिंह, विहंगम योग युवा संत समाज कोल्हान प्रमुख नीरज मिश्रा, राम अवतार अग्रवाल, चंद्रशेखर सिंह, अरुणजय सिंह, कुबेर शर्मा, सोनम अग्रवाल, राजन शर्मा दंपति संग सैकड़ो सदस्यों ने यज्ञ का लाभ प्राप्त किया। यज्ञ उपरांत भव्य भंडारा की व्यवस्था कमिटी के उमेश यादव, गोपाल साव, बिजेन्दर उपाध्याय जी द्वारा की गई थी जिसमें सभी सदस्यों एवम आगंतुकों नें महाप्रसाद ग्रहण किया।

# सिद्धगोड़ा सिनेमा मैदान में सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट की विजेता बनी वीर इलेवन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज को न्यू सिद्धगोड़ा दुर्गा पूजा कमिटी के बैनर तले चल रहें सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन धूमधाम से समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अरविन्द सिँह, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, आजसू के केंद्रीय सचिव चन्द्रगुप्त सिँह, महानगर संयोजक समरेश सिँह, जम्बू अखाडा के प्रसिद्ध समाजसेवी बंटी सिँह उपस्थित थे। कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा की न्यू सिद्धगोड़ा पूजा कमिटी ना सिर्फ दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन करती है बल्कि खेलकूद से जुडी प्रतिभा को भी सामने लाने के लिए बहुत बेहतरीन मंच भी इस क्रिकेट टूनार्मेंट के माध्यम से दे रहीं है जिसके लिए पूरी आयोजन मंडली बधाई के पात्र है कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी शिव शंकर सिँह, जीतेन्द्र उपाध्याय, बंटी सिँह, रॉकी सिँह का अतुलनीय योगदान रहा। इस टूनार्मेंट में कुल 24 टीमें भाग लीं थी जिसमे से आज फाइनल में मुख्य मुकाबला वीर इलेवन और वन शॉट किलर के बीच हुआ जिसमे विजेता वीर इलेवन और उपविजेता वन शॉट इलेवन रहीं। जबकि तीसरे नंबर पर वी पी एन इलेवन और राही इलेवन रहीं। मैन ऑफ द टूनार्मेंट वीर इलेवन के तौसीफ हुए जिन्हे 11000 रुपए का पुरुस्कार मिला वहीं विजेता टीम को 51000 रुपए और ट्रॉफी जबकि उपविजेता टीम को 35000 रुपए और ट्रॉफी दिया गया।



विजेता टीम को पुरस्कृत करते पूर्व सीएम रघुवर दास।

## ओडिसा में टाटा के छात्रों की समस्या पर ध्यान दे नवीन सरकार : कुणाल

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने रविवार को ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कुणाल षाड़ंगी के साथ उनकी माताजी बिनी षाड़ंगी भी उपस्थित रही। भुवनेश्वर राजभवन में हुई मुलाकात में कुणाल षाड़ंगी ने महामहिम राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कुणाल षाड़ंगी ने उन्हें झारखंड में निवास कर रहे ओड़िया भाषा बोलने वाले और ओड़िया भाषा में शिक्षा लेने वालों की समस्याओं पर जानकारी दी और झारखंड के राज्यपाल तथा उड़ीसा सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर इस विषय पर संवाद करने का आग्रह किया। कुणाल ने उड़ीसा के राज्यपाल गणेशी लाल से आग्रह किया कि उड़ीसा सीमा पर स्थित झारखंड के विभिन्न ज़िलों के दौरे पर आने की कृपा करें।

# बन्ना गुप्ता के आवास पर दिन भर आते रहे शुभचिंतक




अपने आवास पर बधाई स्वीकार करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

नए साल 2023 का आगाज हो गया है।आज रविवार को एक जनवरी है और पूरा देश नए साल की जश्न में डूबा है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने नए साल पर संदेश देते हुए कहा है कि आशा है नया साल 2023 आपके लिए सफलता की नई ऊंचाई और खुशहाली लेकर आए ईश्वर से कामना है कि यह नव वर्ष आप सभी के लिए सुख, शांति, समृद्धि, सद्भाव एवं अनंत सफलताओं का वर्ष हो। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कदमा स्थित कार्यालय में सुबह से ही विभिन्न संगठन,समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं जनता ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर नववर्ष की शुभकामना दिया। शुभकामना देने वालों में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे,कांग्रेस के नेता एवं जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह,पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रवींद्र उर्फ नट्टू झा, मुखी समाज, रजक समाज,एससी एसटी-ओबीसी माइनॉरिटी वेलफेयर समिति, वैश्य एकता मंच के कदमा मंडल,15 सूत्री कार्यान्वयन समिति में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रियाजुद्दीन खान, विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के बहुत सारे कार्यकर्ता एवं जनता शामिल थे।

# देवताओं के वश में नहीं था दुष्टों का संहार, माता ने दानवों से पृथ्वी व स्वर्ग को कराया मुक्त : विजय गुरुजी

खबर मन्त्र ब्यूरो

## बिष्टुपुर श्रीराम मन्दिर में श्रीमदद्देवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का पांचवां दिन





**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर श्रीराम मन्दिर में चल रहे श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डीय श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ एवं श्रीमददेवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के पांचवें दिन रविवार को पूज्यनीय आचार्य विजय गुरूजी महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से महिषासुर मर्दिनी चरित्र, वृत्रासुर संहार, राजा नहुष की कथा संवाद का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि मां दुर्गा ने जन कल्याण के लिए असंख्य राक्षसों का संहार किया है। जो लोग मां की पूजा अर्चना प्रतिदिन करते हैं उनके काम, क्रोध, मोह आदि भीतरी विकार दूर हो जाते हैं। मां आदिशक्ति ने दुर्गा के रूप में अवतार लिया था। उनका यह अवतार दानवों के संहार के लिए हुआ था। माता को जब भक्तों ने पुकारा तो माता ने दुष्टों के संहार के लिए कई रूप धारण किए और दुष्टों का संहार किया। उन्होंने ऐसे दानवों से पृथ्वी व स्वर्ग को मुक्त कराया, जिनका संहार करना देवताओं के वश में नहीं था।

मां दुर्गा द्वारा राक्षसों के वध की कथा सुन भक्तगण हर्षित हो उठे। हर कोई मां दुर्गा के जयकारे लगाता हुआ उनकी अराधना में लीन दिखाई दिया। कथा के दौरान झांकियों ने श्रोताओं को आनंदित किया। पांचवें दिन रविवार को भी 37 यजमानों द्वारा श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डात्मक सहस्त्रचंडी महायज्ञ किया गया। उन्होने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। श्रीविद्या शक्तिसर्वस्वम् चेन्नई के नेतृत्व में टाटानगर ईकाई द्वारा लौहनगरी में दूसरी बार आयोजित हो रहे इस धार्मिक उत्सव कार्यक्रम में गुरूजी सोमवार 2 जनवरी को हैहय एवं सूर्यवंश का वर्णन, शक्तिपीठों की कथा संवाद की व्याख्या करेंगें। व्यास पीठ से वृत्रासुर संहार का प्रसंग सुनाते हए गुरूजी ने कहा कि इन्द्र ने वृत्रासुर को युद्ध के लिए ललकारा। युद्ध में इन्द्र ने वृत्रासुर पर वज्र का प्रहार किया जिससे टकराकर वृत्रासुर का शरीर रेत की तरह बिखर गया। देवताओं का फिर से देवलोक पर अधिकार हो गया और संसार में धर्म का राज कायम हुआ। राजा नहुष की कथा का वर्णन करते हुए गुरूजी ने आगे कहा कि नहुष प्रसिद्ध चंद्रवंशी राजा पुरुरवा का पौत्र था। वृत्तासुर का वध करने के कारण इन्द्र को ब्रह्महत्या का दोष लगा और वे इस महादोष के कारण स्वर्ग छोड़कर किसी अज्ञात स्थान में जा छुपे। इन्द्रासन खाली न रहने पाये इसलिये देवताओं ने मिलकर पृथ्वी के धर्मात्मा राजा नहुष को इन्द्र के पद पर आसीन कर दिया। नहुष अब समस्त देवता, ऋषि और गन्धर्वों से शक्ति प्राप्त कर स्वर्ग का भोग करने लगे। अकस्मात एक दिन उनकी दृष्टि इन्द्र की साध्वी पत्नी शची पर पड़ी। शची को देखते ही वे कामान्ध हो उठे और उसे प्राप्त करने का हर सम्भव प्रयत्न करने लगे।

# नववर्ष के पहले दिन जिले में पिकनिक की रही धूम, युवाओं ने की मस्ती

**▶▶ बम पटाखों से किया नव वर्ष का स्वागत**

**▶▶ गांव हुआ गुलजार, शहर में दिनभर छायी रही विरानगी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** नववर्ष के पहले दिन रविवार को जिले में पिकनिक की धूम रही । युवाओं ने घर से दूर प्रकृति की गोद में जाकर पिकनिक मनाकर पूरे दिन मस्ती की। शहर समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों में विशेष उत्साह का वातावरण बना रहा । इस अवसर का जिले के हजारों लोगो ने जमकर आनंद उठाया । लोगों ने बम पटाखों से नव वर्ष 2023 का स्वागत किया । इस अवसर पर जहां गांवों में जश्न का माहौल बना रहा वहीं शहर में दिनभर विरानगी छायी रही । वर्ष 2023 का स्वागत जिले के लोगों ने गर्मजोशी के साथ किया। हैप्पी न्यू ईयर की गूंज हर ओर सुनाई दी। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने पिकनिक का जमकर आनंद उठाया। पिकनिक स्पॉटों पर लोगों की भारी भीड़ जुटी। शहरवासी पिकनिक मनाने कोयल नदी, केचकी, अमानत नदी व बेतला पहुंचे। साल का पहला दिन प्रकृति के गोद में बिताया। जंगल व नदी किनारे भोजन का लुत्फ लिया। बम पटाखे छोड़कर फिल्मी गीतों पर झूमे। इसके पूर्व शनिवार की रात से ही लोगों ने नये साल के स्वागत की तैयारी कर ली थी।

गली मुहल्लों में सड़कों पर हैप्पी न्यू ईयर लिखा देखा जा सकता है। रात में ग्यारह बजते ही युवा सड़कों पर निकल आये। पटाखा की आवाज व रौशनी ने नये साल का वेलकम किया।

**मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़ :** मेदिनीनगर । नये वर्ष के पहले दिन की शुरूआत लोगों ने भगवान के आराधना के साथ की।

मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भीड़ उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में युवा वर्ग मंदिर में पहुंचा। रेड़मा काली मंदिर, छह मुहान काली मंदिर, मुख्य बाजार स्थित महावीर मंदिर, कोयल नदी किनारे देवी मंदिर व अन्य मंदिरों में पहुंचे लोगों का कहना था कि पूरा साल शांतिमय हो इसी प्रार्थना के साथ मंदिर पहुंचे हैं। भक्त मंदिरों में पूजा अर्चना कर व मन्नत मांगकर नये वर्ष की शुरूआत की।

## लोगों ने चियांकी पार्क और कोयल नदी किनारे की नये वर्ष पर मस्ती

नव वर्ष के अवसर पर शहर वासियों ने कोयल नदी किनारे पार्क और चियांकी पार्क में शहरवासी पहुंचकर अपने परिजनों,दोस्तों के साथ पहुंच कर क्वालिटी टाइम स्पेंड किया। इस दौरान पार्क में लगाये गये पौधों के साथ लोग सेल्फी एवं फोटो खिंचवाते नजर आये। ज्ञातव्य है कि लगभग 5 एकड़ में बने यह चियांकी पार्क में विभिन्न प्रकार की लाइटिंग,ओपन जिम,बच्चों का झूला, स्लाइडर,राउंड पाथ वे,गजीबो,फूड कियोस्क, शौचालय आदि की व्यवस्था की गयी है। चियांकी पार्क में बच्चों के लिए झूले,खेलने के साधन और एंटरटेनमेंट के लिए अलग-अलग इक्विपमेंट लगाया गया है। लोगों ने पार्क के समीप स्थित चियांकी पहाड़ के अद्भूत नजारे को देखा। जिला प्रशासन लोगों को कोरोना से सतर्क होकर पिकनिक मनाने व आसपास के स्थित पिकनिक स्पॉटों पर लोगों से फेस मास्क अनिवार्य रूप से पहनने की बात कही।

## स्पीड न्यूज

### हम लोगों की एकजुटता ही संगठन का बल है : गोपाल प्रजापति

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अखबार विक्रेता संघ ने केक काटकर नए साल का स्वागत किया। इस मौके पर मौजूद होकरों ने एक दूसरे को नए साल के शुभकामना दीया।संघ के अध्यक्ष गोपाल प्रजापति ने कहा कि हम लोगों की एकजुटता ही संगठन का बल है।हम सभी एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाएं।साथ ही साथ हम सभी अपने सुख दुख को एक दूसरे से बांटने का काम करें। श्री प्रजापति ने कहा कि करोना काल के दौरान हम सभी की स्थिति अच्छी नहीं थी। इसके बावजूद भी हम लोग अखबार वितरण का काम नहीं छोड़े थे।

### गलत काम करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे : गौतम कुमार

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत दुबियाखांड में जिले के एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने नये वर्ष को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया। मौके पर पिकनिक स्पॉट केचकी जाने वाले लोगों को सतर्कता बरतते हुए नये वर्ष का हर्ष मनाने को कहा गया। प्रभारी ने कहा कि दुबियाखांड मोड़ पर आने जाने वालों के वाहनों को रोककर जांच की गई। चालकों के ड्राइवरी लाईसेंस व कागजातों को देखा गया। कहा कि क्षेत्र में गैर कानूनी कार्य नहीं करने दी जायेगी। सदर क्षेत्र में नशा वाले चीजों की भी बिक्री नहीं होने दी जायेगी। नशा से समाज के लोग बर्बाद हो रहे हैं। कहा कि गलत कार्य करने वाले लोग बख्शे नहीं जायेंगे।

### किसान खेती के साथ साथ पशुपालन पर दें विशेष ध्यान

**पड़वा पलामू ।** पड़वा प्रखंड के सभागार में रबी फसल को लेकर एक दिवसीय कर्मशाला का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन प्रमुख गीता मेहता, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद व विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। बीटीएम अमित मौर्य ने कर्मशाला के औचित्य पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि किसानों को अब पारंपरिक खेती करने के तरीके में बदलाव लाना होगा। तभी किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। बीटीएम अमित ने कहा कि गांवों में भ्रमण के दौरान किसानों द्वारा बताया जा रहा है कि जंगली जानवरों के कारण खेती बर्बाद हो जा रहा है। ऐसे में किसानों को लेमन ग्रास की खेती करने पर बल दिया गया क्योंकि लेमन ग्रास को कोई जंगली जानवर नुकसान नहीं कर सकते हैं और इस खेती में किसानों को अच्छी लाभ भी है। इस खेती में ज्यादा पानी की भी जरूरत नहीं है। अमित मौर्या ने किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया।

### एनसीपी ने नगर पंचायत क्षेत्र में शुरू की जनसेवा पद यात्रा

**हुसैनाबाद पलामू।** एनसीपी की नगर पंचायत कमेटी ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर नगर पंचायत क्षेत्र में जनसेवा पद यात्रा की शुरूआत की है। पहले दिन वार्ड एक के गली मोहल्लों की समस्याओं की सूची बनाई गई। पद यात्रा में शामिल नेताओं ने वार्ड एक के नागरिकों के घर घर जाकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्हे पार्टी की नीति सिद्धांतों को बताया व विधायक द्वारा स्वास्थ्य सड़क शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कुछ नागरिकों से विधायक कमलेश कुमार सिंह से मोबाइल फोन से बात कराई।

### स्वर्गीय प्रभात मुखर्जी स्मृति वस्त्र वितरण कार्यक्रम

**मेदिनीनगर ।** मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा वस्त्र वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया है। जन सहयोग से पलामू टाइगर रिजर्व के दुर्गम इलाके में यह कार्यक्रम चलाया जाता है। पुराने वर्ष के समापन और नए वर्ष के आगमन पर मासूम के कलाकार पिकनिक मनाने के वजाय जरूरतमंदों के बीच हर साल कपड़ा वितरण करते है। पीटीआर के साउथ डिविजन के सुदूर सुरकूमी और सरनाडीह में शिविर लगाकर जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र वितरण किया गया। सरनाडीह में तंबोली गांव के 60 कोरवा जनजाति के लोगो के बीच वस्त्र वितरण किया गया। मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने बताया की सुरकुमी में जरूरतमंद लोगों में कोरवा, परहिया, बिरजिया जनजाति के लोग भी शामिल थे। उन्होंने कहा की वस्त्र वितरण के दूसरे चरण में ओरसा पाट, चंपा आदि गांव में भी शिविर लगाकर वस्त्र बांटा जायेगा। सुरकुमी गांव के प्रधान नरेश सिंह को इस अवसर पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### पड़वा में रास्ता का विवाद नहीं सुलझने से व्यवसायियों में आक्रोश

**पंडवा पलामू।** पड़वा के पुराना बाजार परिसर में गैरमजरूआ जमीन का अतिक्रमण कर भवन निर्माण कर रास्ता बंद करने का विवाद पिछले एक माह से चल रहा है। विवाद नहीं सुलझने से रास्ता से प्रभावित व्यवसायियों में आक्रोश व्याप्त है। प्रभावित व्यवसायी रामजन्म साव ने बताया कि पिछले कई वर्षों से सरकारी जमीन में रास्ता है। पड़वा के ही कुछ लोगों के द्वारा बहुत पहले कुछ जमीन का बंदोबस्त करा लिए हैं जिसका कोई चौहद्दी भी नहीं है। व्यवसायियों का आरोप है कि बंदोबस्त जमीन के अलावा सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर वर्षों से चालू सार्वजनिक रास्ता को बंद कर दिया जा रहा है। रास्ता बंद हो जाने से कई व्यवसायियों का दुकान बंद हो जाएगा। इस मामले में व्यवसायियों ने उपायुक्त, एसडीओ,सीओ व पड़वा थाना प्रभारी को आवेदन देकर खाता 263 प्लाट नं 6 के जमीन का सीमांकन कराने के साथ साथ रास्ता बंद करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी ने सीएसपी संचालकों के साथ की बैठक

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के सीएसपी केंद्रों की सुरक्षा को लेकर रविवार को लेस्लीगंज थाने में प्रखंड क्षेत्र के सभी सीएसपी संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान बड़ते अपराध को देखते हुए तमाम सीएसपी केंद्र के संचालकों को कई बिदुओं पर एहतियात बरतने का निर्दश दिया गया। थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि बैठक में मौजूद सभी सीएसपी संचालकों को निर्देश दिया गया । सुरक्षा की दृष्टि से सभी सीएसपी संचानलक अपने-अपने सीएसपी पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, हर संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने का भी निर्देश संचालकों को दिया गया। थाना प्रभारी गौतम राय ने बताया कि सीएसपी की सुरक्षा के लिए गस्ती दल के साथ-साथ अब सादे कपड़ों मे पुलिस का दल सीएसपी के आसपास निगरानी रखेगी।

## पलामू जिला अधिवक्ता संघ मनाया 130 वां स्थापना दिवस

# अधिवक्ता कर्तव्य के रूप में मुव्वकिल का काम निष्पादन करें : रामदेव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ 130 वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर अधिवक्ता कार्यालय परिसर में वनभोज सह स्थापना दिवस समारोह का आयोजन संघ के अध्यक्ष रामदेव यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा केक काटा गया।और एक दूसरे को नए वर्ष एवं स्थापना दिवस की शुभकामना दिया गया।वनभोज में उपस्थित अधिवक्ताओं ने लिट्टी ,चोखा का आनंद उठाया। रामदेव यादव ने लोगों को शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि संघ की स्थापना एक जनवरी 1892 को किया गया था। तब से लेकर आज तक संघ कई उतार-चढ़ाव को देखते आया है। पलामू जिला के मवकिलो के साथ ही साथ आम जनता का विश्वास पलामू जिला अधिवक्ता संघ पर बना रहा है। उन्होंने अधिवक्ताओं को आग्रह करते हुए कहा कि आज इस मौके पर हम सभी संकल्प लें कि एक कर्तव्य के रूप में अपने मुवक्किलओ के कार्यों का संपादन करेंगे। क्योंकि गरीब आशा के साथ न्यायालय में आते हैं कि उन्हें न्यायालय से न्याय मिल सके।उन्होंने कहा कि यदि वकील अपने मवकिल का काम कर्तव्य पालन के साथ करेंगे तो गरीबों को न्याय जरूर मिलेगा। इसके लिए उच्चतम न्यायालय लगातार प्रयास कर रही है।कि न्यायालय में केशों की संख्या बढ़ रही है। जिसे कम करने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। ताकि दर्ज मुकदमों का निष्पादन तीव्र गति से किया जा सके। साथ ही लोगों के बीच न्यायालय के प्रति विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि पलामू में पहली बार अधिवक्ता संघ का स्थापना दिवस व वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस प्रकार के कार्यक्रम से लोग एक दूसरे से मिलकर काफी प्रसन्न होते हैं। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता नागेंद्र प्रसाद सिंह, लक्ष्मण सिंह,वैजनाथ प्रसाद, राजेश्वर पांडे, महेंद्र तिवारी व अन्य ने केक काटा। इस मौके पर अधिवक्ता खुर्शीद आलम,मदन मोहन सिंह,अश्वनी त्रिपाठी , ज्ञानचंद पांडे श्याम बिहारी राय ,रंजन सिंह, विद्यासागर, समेत काफी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद थे।

# शराबियों ने बराती बस पर किया हमला, कई लोग हुए चोटिल

**▶▶ बराती बस प्रशिक्षणरत डीएसपी के घर पोखराहा खुर्द लौट रही थी**

**▶▶ घटनास्थल पर टीओपी टू प्रभारी पहुंचकर मामले का किया जांच**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2022 के आखिरी रात को शराबियों ने शहर थाना क्षेत्र के कोयल पुल के समीप एक बाराती बस पर हमला कर दिया। जिससे बस में बैठे कई यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना पाते के साथ ही टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले का जायजा लिया और शराबियों को पकड़ने के लिए शाहपुर की ओर निकल गए। यह बस सदर थाना क्षेत्र के ग्राम पोखराहा खुर्द निवासी प्रभात बेग जो डीएसपी का प्रशिक्षण हजारीबाग में ले रहे हैं उन्हीं के घर लौट रही थी। यह बस गढ़वा जिला के बडगढ़ से रिसेप्शन पार्टी में शामिल होकर लौट रही थी। जे एच ओ3 ए 66 82 भोजपुर बस बीती रात्रि को जैसे ही कोयल पुल स्थित बस स्टैंड पर पहुंची की मोटरसाइकिल पर सवार शराबियों ने पत्थर फेंककर बस का शीशा तोड़ दिया। इसमें सवार मुनी बेग,विनीता कुमारी समेत कई लोगों को हल्की चोटें आई है। बस के शीशा से भी चोट लगी है। इस संबंध में रूद्रानंद सरस में बताया कि कई सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा गया है। यह पता लगाया जा रहा है कि शरारती लोग कौन हैं।

## नववर्ष पर बराही धाम में लगी मेला, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के बराही धाम हनुमान जी मंदिर परिषर में नववर्ष के आगमन पर रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस नव वर्ष के अवसर पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व धाम कमिटी व स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से भव्य भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

वहीँ धाम परिसर में फूल ,प्रसाद,पूजन सामग्री बेचने वाले के साथ कमिटी के लोग श्रद्धालुओं के सेवा में तत्पर थे। इस अवसर पर धाम परिसर में स्थित देवी मंदिर,हनुमान मंदिर, शिव मंदिर में अष्टयाम,दिप यज्ञ, महाआरती के साथ माता रानी ,जयश्रीराम, जय हनुमान की उदघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा,साथ ही श्रद्धालुओं ने देवी देवताओं का पूजा अर्चना कर नववर्ष में शांति व समृद्धि का आशीर्वाद मांगा । वहीँ भंडारा महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें करीब पाँच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद को ग्रहण किया। वहीँ भीड़ को देखते हुए दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा व पुलिस के जवानों के साथ कमिटी के लोग तत्पर दिखे। लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम व बच्चों के लिए डिजनी लैंड लगाया गया था, जहाँ बच्चों ने भरपूर मनोरंजन का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धाम के पुजारी दिलीप ओझा, अजित चौबे के अलावा कई साधु संत व स्थानीय लोग मौजूद थे।

## परशुराम सेना युवा वाहिनी समाज के सभी तबको के लिए करेगा कार्य

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी समाज के सभी तबकों के लिए कार्य करेगी। उक्त निर्णय युवा वाहिनी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की बैठक में ली गई। युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता झारखंड कोर कमेटी के सदस्य अर्जुन पांडेय( गुरु पांडेय )ने की । जबकी संचालन युवा वाहिनी के जिला संगठन मंत्री राज पांडेय ने किया। बैठक में कहा गया की वर्तमान परिपेक्ष्य में समाज को प्रचार प्रसार से दूर रहकर खुद को मजबूत करने की जरुरत है। बैठक में कहा गया कि संगठन को ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को पंचायत स्तरीय बैठक करने की आवश्यकता है। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गेरुआ अंगवस्त्र ओढाकर स्वागत किया गया। बैठक में विभाकर पांडेय,अमीत तिवारी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी,प्रमंडलीय संरक्षक बृजेश शुक्ला,रमेश शुक्ला,राकेश पांडेय,दिवाकर दूबे, किशोर दूबे,धीरेन्द्र पांडेय,प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय,जिलाध्यक्ष विकास दूबे,मृत्यूंजय तिवारी छोटू,विष्णु तिवारी,ब्रजेश तिवारी,महानगर अध्यक्ष सीपी शुक्ला,रवि ओझा, शशी तिवारी, नवीन दूबे, चंद्रकांत उपाध्याय व टनटन उपाध्याय सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### आम लोगों ने पिकनिक का उठाया लुत्फ

**मोहम्मदगंज पलामू।** नववर्ष के आगमन पर रविवार को नवयुवकों,बच्चो सहित आमलोगों ने पिकनिक का आनन्द उठाया। भीमचुल्हा पार्क में भ्रमण और मंदिर में भगवान शिव की आराधना की। सामने के पहाड़ की तलहटी पर दोस्तों संग पिकनिक का आनंद उठाया। यहां की खूबसूरती, माता कुंती सहित पांडव पुत्रों की मूर्तियों, संरक्षित पद चिन्हों के साथ व टावर पर फोटोग्राफी अथवा सेल्फी लेने में भी लोग मशगूल देखे गए। भीमबैराज के विहंगम नजारे का अवलोकन किया। पहुंचने वालों में आसपास के अलावा, हैदरनगर सहित सीमावर्ती गढवा जिले के लोग भी शामिल थे। जिनमें युवाओं की टोली और परिवार के साथ भी काफी संख्या में लोग शामिल थे। इनमें बच्चे और महिलाओं की संख्या भी अच्छी-खासी रही। बीडीओ प्रभाकर ओझा, सीओ यशवंत नायक, थाना प्रभारी अक्षय कुमार और कांग्रेस सहकारिता विभाग के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन राहुल सिंह ने भी भ्रमण किया। स्थिति जाएजा लिया।

### प्रदूषण को लेकर उपायुक्त को दिया आवेदन

चैनपुर पलामू । चैनपुर क्षेत्र के शाहपुर किला से लेकर चैनपुर थाना होते हुए रामगढ़ जाने वाली सड़क पर हो रहे प्रदूषण के खिलाफ चैनपुर नाका निवासी अधिवक्ता चितरंजन पांडे ने शुक्रवार को पलामू उपायुक्त ए दोड्डे को आवेदन दिया है । आवेदन में कहा गया है कि सड़क पर हो रहे प्रदूषण पर किसी भी पदाधिकारी का ध्यान नहीं जाता। जबकि इस सड़क पर वन विभाग, प्रखंड कार्यालय, थाना, चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र सहित कई निजी अस्पताल मौजूद है। इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों गाड़ियां चलती हैं ।इस सड़क पर चलने वाली क्षमता से अधिक लोड लेकर छड़ी और बोल्डर लेकर चलने वाली हाईवा, अवैध बालू का परिचालन करने वाली गाड़ियां सड़क को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है । यह सड़क कई स्थानों पर पूरी तरह से टूट चुकी है । उनका कहना है कि नगर निगम की लापरवाही के कारण कुछ लोग सड़क काटकर पाइप से पानी अपने घर तक ले जाते हैं और पाइप खराब हो जाने के कारण पानी का रिसाव सड़क पर होने के कारण सड़क बर्बाद हो जा रहा है ।

### पूर्वजों के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत : देवेंद्र

**मेदिनीनगर।** समाजसेवी संवेदक प्रदीप तिवारी ने अपनी माँ स्व.सुनरकली देवी के चौथे पुण्यतिथि पर कंबल का वितरण किया। रेड़मा स्थित अपने आवास पर आयोजित कंबल वितरण के दौरान झामुमो नेता देवेंद्र तिवारी ने कहा कि कंबल वितरण तो एक बहाना है दरअसल हम अपने आनेवाली पीढ़ियों को एक मार्ग दिखाते हैं की हमारे पूर्वजों के बताए रास्ते पर हम सभी को चलना है। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन हम प्रतिवर्ष करते हैं और इस तरह से अपने पूर्वजों की श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने बताया की इसी के तहत इस वर्ष कंबल का वितरण किया गया।

### सतबरवा के बीएओ व पंचायत सचिव को दी गई विदाई

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड के सभागार कक्ष में प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्यामनारायण तथा पंचायत सचिव बिरेंद्र सिंह को विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीआरओ सुरेश ठाकुर तथा संचालन प्रखंड नाजीर अशोक सिंह ने किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख रीमा देवी ने कहा कि इतने दिनों तक इनके साथ काम करने का मौका मिला अब इनकी परिवारिक दायित्व बढ़ जाती है। जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि सेवानिवृत्त एक सरकारी प्रक्रिया है जिसके तहत एक दिन सभी को सेवानिवृत्त होना पड़ता है। उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि बीएओ श्यामनारायण तथा पंचायत सचिव बिरेंद्र सिंह व्यक्तित्व के धनी हैं। इनका कार्यकाल काफी अच्छा रहा है। मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि सरकारी सेवा से आज हम लोगों के बीच से जा रहे हैं लेकिन सदा हमारे दिलों में रहेंगे। पूर्व मुखिया संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि दोनों व्यक्ति निष्ठा के मिशाल थे।

## आदिवासी धरोहर परंपरा को बचाने के लिए रोहतास गढ़ चलें : मिथलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अद्दि कुडूख सरना समाज पलामू के तत्वावधान में चियांकी सरना स्थल के प्रशाल में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मिथलेश उरॉव एवं संचालन जिला सचिव शंकर उरांव ने किया। बैठक में कई विषय पर चर्चा किया गया। सभा में सरना समाज के जिला अध्यक्ष मिथलेश उरॉव ने कहा कुड़खर गही हड़गडी. रोहतासगढ़ यात्रा 5/6 जनवरी को होना सुनिश्चित हुआ है जिसमें झारखण्ड के अलावे कई राज्यों तथा पड़ोसी देश नेपाल से आदिवासी सरना धर्मावलंबी हजारों हजार की संख्या में उपस्थित होंगे। आदिवासीयों का इतिहास को संजोय कर रखने के लिए हम सभी माताओं बहनें आदिवासी धरोहर परंपरा को बचाने के लिए रोहतास गढ़ चलें। मौके पर अद्दि कुड़ूख सरना समाज के जिला उपाध्यक्ष सिताराम उरांव, सरिता उरांव, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण उरांव, संयुक्त सचिव मुखदेव उरांव, भोलानाथ उरांव, निगरानी सदस्य सह पाहन रामऔतार उरांव, देवदत उरांव, सुमीगि उरॉव, काबो उरांव, लाक्षो उरॉव, जिरवा उरॉव, लिलावती, गीता उरॉव, कुन्ती उरॉव, ललन उरॉव, बालकेशवर उरॉव उपस्थित थे।

# भोजन बनाने के दौरान सफाई पर रखें ध्यान : बीईईओ

### पड़वा बीआरसी में रसोईया को दिया गया प्रशिक्षण




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पड़वा पलामू ।** पंडवा बीआरसी में प्रखंड के रसोईया का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उदघाटन बीईईओ बलराम पाठक, प्रशिक्षक अरूण तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण शिविर में सरकारी विद्यालय में कार्यरत रसोइया ने भाग लिया। मौके पर बीईईओ बलराम पाठक ने कहा कि खाना बनाने से पहले यह सुनिश्चित करें की रसोई घर साफ है या नहीं। सफाई का विशेष ख्याल रखें मध्याह्न भोजन बनाने से पहले सभी रसोईया हैंड वॉश करें। एप्रोन पहने, भोजन को ढंक कर रखें। प्रशिक्षक अरुण तिवारी ने मध्यान्ह भोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि विद्यालय में मध्याह्न भोजन का संचालन ठीक से होगा तो बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि होगी। बच्चों का विद्यालय में ठहराव होगा। पौष्टिक भोजन उपलब्ध होने से बच्चे का मानसिक विकास होगा। मौके पर प्रखंड स्तरीय प्रथम व दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली रसोईया क्रमशः दया देवी व उषा कुवंर को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार की राशि दिया गया। मौके पर शिक्षक संजय कुमार पांडेय, शशि भूषण सिंह, राजीव तिवारी,तवकल मेहता, राहुल तिवारी, बीआरपी सुभाष ओझा, ओमप्रकाश सिंह एमडीएम ऑपरेटर संजय मेहता, संदीप कुमार, सत्येंद्र मेहता सहित कई रसोईया मौजूद थे।

## डीआइजी राज कुमार लकड़ा ने आईजी का किया पद भार ग्रहण

### साइबर अपराध की ओर ध्यान दें पुलिस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर पदस्थापित श्री राज कुमार लकड़ा आज पलामू जोन के आईजी के पद पर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय, पलामू में पदभार ग्रहण किया और पलामू प्रमंडलवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही पलामू प्रमंडलवासियों से आगे बढ़ने, सुखी, संपन्न रहने एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जोनल आईजी ने बेहतर पुलिसिंग की बातें कही। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन हो रहा है। ऐसे में पुलिसिंग में बदलाव हो रहे हैं। साइबर अपराध की घटनाएं बढ़ रही है, इस ओर विशेष ध्यान देंने की जरूरत है। प्रशिक्षण शिड्यूल के अनुसार अपने आप को परफॉर्म करें। उन्होंने बेहतर समन्वय स्थापित कर पलामू प्रमंडल को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में कार्य जारी रखने पर बल दिया।

### नावाबाजार पुलिस ने पकड़ा बालु लदा ट्रैक्टर

**नावाबाजार पलामू।** नावाबाजार पुलिस ने अवैध तरीके से बालु का उठाव कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ा है। थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया कि शुक्रवार की रात पुलिस गश्ति कर रही थी इसी दौरान पाटन के तरफ से बालु लदा एक ट्रैक्टर आ रही थी। गश्ति दल को देखते ही ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़ कर भाग गया। अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया हाल के दिनों में सूचना मिल रही थी कि पाटन के तरफ से पाटन के ही ट्रैक्टर मालिक नदी से अवैध तरीके से बालु का उठाव कर नावबाजार थाना क्षेत्र में सप्लाई कर रहे हैं ।

स्पीड न्यूज

## बी एंड के एरिया में 14 सेवानिवृत्त कर्मी को दी गई विदाई

**बेरमो ।** बीएण्डके प्रक्षेत्र के 14 सेवानिवृत्त कर्मियों को कर भावभीनी विदाई माला पहना कर और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। जीएम एम के राव ने बेहतर भविष्य की कामना किया ।साथ ही साथ उन्होंने कहा अपनी दूसरी पारी अपने परिवार के साथ जिए और स्वास्थ्य की कामना करते हैं। मौके पर एसओपी एसओपी राजीव कुमारए सेफ्टी ऑफिसर सत्येंद्र कुमार सहित यूनियन प्रतिनिघि संतोष सिन्हाएगजेन्द्र प्रसाद सिंहएगणेश महतोए विनय पाठकए किशोर कुमार आदि थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बेरमो।** बोकारो जिले के गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चौधरी टोला के समीप तेनुघाट .गोमिया मुख्य सड़क पर एक भारी वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिसमे मोटरसाइकिल सवार युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।घटना के संबंध में बताया जाता है कि तुलबुल निवासी मृतक आशीष तुरी ;उम्र लगभग 22 वर्षीयद्ध गोमिया मोड़ किसी कार्य से आया था ।वापस लौटने के क्रम में ओएनजीसी के अधीन चलनेवाली भारी वाहन ने उसे टक्कर मार दीए जिसमे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक मुंबई में रोजगार करता था। लगभग 20 दिनों पूर्व उसकी माँ का देहांत हो गया थाए जिसके श्राद्धकर्म में वह आया हुआ था ।दुर्घटना के बाद परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर तेनुघाट .गोमिया मुख्य सड़क का जाम कर दिया है ।सूचना मिलते ही गोमिया बीडीओ कपिल कुमार एवं थाना प्रभारी राजेश रंजन दलबल सहित घटना स्थल पर मौजूद थे। समाचार लिखे जाने तक वार्ता का दौर जारी था।

## विद्यार्थी परिषद की नई प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ गठन

**बोकारो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 23वें प्रदेश अधिवेशन में गठित नई प्रदेश कार्यकारिणी में बोकारो के अभिषेक कुमार को प्रदेश सह . मंत्री व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुजाता कुमारीए मुकेश यादवए धनंजय महताए पीयूष रजक को जवाबदेही दी गई। प्रदेश के सभी जिले में एक महिला कॉलेज की स्थापनाए सभी कॉलेजों में स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति एवं छात्राओं को शिक्षा .रोजगार का झांसा देकर ईसाई मिशनरियों द्वारा मतांतरण के कार्य पर तत्काल रोक लगाने के प्रस्ताव पारित किये गये। मौके पर विभाग प्रमुख डॉण सत्यदेव पांडेयए विभाग संयोजक मंजुल शुक्लाए श्रीकांत सोनीए लव उपाध्यायए निरंजन चौबेए विकास चंद्रवंशीए रोबिन कश्यपए निखिल पांडेए शुभम तिवारीए प्रशांत चौबेए पंकज चौबेए किरण कुमारीए सीता कुमारीए अंकित गुप्ताए प्रिंस सिंहए राजा यादवए प्रतीक मौजूद रहे।

## चित्रगुप्त महापरिवार ने ईडी को किया सम्मानित

**बोकारो।** डॉ राजेंद्र प्रसाद विचार मंच एवं चित्रगुप्त महापरिवार ने ईडी;पी एंड एद्ध संजय कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित संस्था के लोगों ने श्री कुमार के स्वस्थ व सुखद की जीवन की कामना की। मंच के अध्यक्ष सूर्य कुमार सिन्हाए महासचिव भैया प्रीतमए उपाध्यक्ष राज श्रीवास्तव एवं मीडिया सचिव नितेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

**बोकारो।** बोकारो के ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा द्वारा झारखंड समेत देश के अन्य राज्यों में रक्तदान के क्षेत्र में किये गये कार्यों को देखते हुए इन्हें राजस्थान के कोटा में रक्तदान जीवनदान सेवा समिति राजस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्तदान सम्मान समारोह .2023 में 6 जनवरीए2023 को राष्ट्रीय सम्मान दिया जायेगा।

# पिकनिक स्पॉट: सैलानियों को लुभा रहा भटिंडा वाटर फॉल

### नववर्ष पर प्रकृति की सुंदरता देखने उमड़े आसपास के लोग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पुटकी ।** धनबाद जिले से सटे पुटकी क्षेत्र के मुनिडीह ओपी के बसा भटिंडा वाटर फॉल पिकनिक के लिए बेहद खूबसूरत जगहों में से एक है। धनबाद के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी लोग यहां पिकनिक मनाने पहुंचते हैं. यहां चट्टान व जंगल के बीच से गिरते पानी का नजारा लोगों को काफी आकर्षित करता है. यूं तो सैलानी सालों भर इस प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाने पहुंचते हैं, लेकिन दिसंबर से फरवरी तक लोग यहां खास तौर पर पिकनिक मनाने आते हैं. लोग परिवार व दोस्तों के साथ नव वर्ष को इंजॉय करते हैं। भटिंडा फॉल कमेटी के सदस्य संदीप महतो ने बताया कि क्रिसमस के दिन से सैलानियों की संख्या में इजाफा दिख रहा है. रोजाना करीब 2500 लोग पहुंच रहे हैं. इनमें से कई लोग पिकनिक भी मना रहे हैं. वहीं, एक जनवरी को 20,000 से अधिक लोगों के पहुचंने का अनुमान है. पारस नाथ से निकलने वाली कतरी नदी का पानी इस फॉल में आता है. जो जंगल होते हुए पत्थरों के बीच से नीचे गिरता है. यह नजारा लोगों को रोमाचिंत करता है. यहां पहुंच रहे सैलानी फॉल को बैकग्राउंड में रखकर सेल्फी लेना नहीं भूल रहे हैं। यदि आप भटिंडा फॉल आने का मन बना रहे हैं तो बता दें कि यह फॉल धनबाद से 14 किलोमीटर दूर पुटकी में स्थित है।धनबाद रेलवे स्टेशन से ऑटो के माध्यम से पहले पुटकी फिर वहां से ऑटो बदलकर मूनीडीह मोड़ जाना होगा. वहां से पैदल चलकर फॉल तक पहुंचा जा सकता है।सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भटिंडा फॉल का निरीक्षण करने पहुंची सीओ शुभ्रा रानी ने बताा कि नए साल के मौके पर सैलानियों के हुजूम को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर खास तैयारियों कर रखी है. यहां फॉल से कुछ दूरी पर चट्टानों के ऊपर सुरक्षा घेरा बनाया गया है. सैलानियों को इसके आगे जाने की इजाजत नहीं है. किसी अनहोनी से निपटने के लिए मौके पर 7 गोताखोरों की तैनाती की गई है. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना गाइडलाइन को फॉलो करते हुए नव वर्ष का जश्न मनाएं. भीड़ भाड़ वाले जगहों पर मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।

### पिकनिक स्पॉट पर कम दिखाई दिए स्थानीय

**सिन्दरी।** कोरोना के नये वैरिएंट ओमिक्रोन बी एफ 7 के आगमन व कई देशों में त्राहिमाम की खबर का असर सिन्दरी के पिकनिक स्पॉट पर नये साल के जश्न के दौरान दिखाई दिया। हालांकि इसके विपरीत नये वर्ष के मौके पर धर्मस्थलों में लोगों का जमावड़ा लगा रहा। रविवार होने के बावजूद सिन्दरी के सेवन लेक तालाब के किनारे, दामोदर नदी के किनारे डोमगढ़ स्थित टासरा पंप हाउस सहित कई अन्य पिकनिक स्पॉट पर लोगों की आवागमन रही। लेकिन कोरोनाकाल से पूर्व के प्रत्येक वर्षों की तरह भीड़भाड़ में लगभग पच्चीस प्रतिशत लोगों की भीड़ आँकी गई। पिकनिक स्पॉट पर पहुँचने वाले लोगों ने बताया कि धूप नहीं निकलने व ठिठुरन ठंड का असर भी पिकनिक व नये वर्ष के आगमन पर दिखाई दे रहा है।

## उत्पादन लक्ष्य पूरा करना हमारी पहली प्राथमिकता: एमएस दूत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र में रविवार को महाप्रबंधक एके सिंह के सेवानिवृत्त होने पर महाप्रबंधक एमएस दूत ने पदभार ग्रहण किया। महाप्रबंधक श्री दूत ने कहा कि सुरक्षा के साथ उत्पादन व डिस्पैच लक्ष्य पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। श्री दूत ने कहा कि कतरास क्षेत्र में विभिन्न यूनियन प्रतिनिधियों से बेहतर औद्योगिक संबंध स्थापित कर कतरास क्षेत्र को शून्य दुर्घटना के साथ उत्पादन व डिस्पैच के क्षेत्र में और आगे बढ़ाना है। श्री दूत ने उत्पादन बढ़ाने में यूनियन प्रतिनिधियों एवं कतरास क्षेत्र के पदाधिकारियों व कर्मियों से सहयोग की अपील की है। अच्छे कार्य करने वाले सम्मानित किए जाएंगे। मौके पर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक सुरेंद्र भूषण, क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त विनोद कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्खनन कैलाश कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी सौरव सिंह, राणा एसके सिंह,परियोजना पदाधिकारी संजय चौधरी, शैलेंद्र सिंह, राम रूप आदि उपस्थित थे। पदभार ग्रहण करने के पूर्व नए महाप्रबंधक एम एस दूत का कतरास क्षेत्र के कोयला अधिकारियों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

## विश्व शांति के लिए आनंद मार्ग का अखंड कीर्तन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से विश्व शांति के लिए एक वर्षीय बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन का आयोजन आनंद नगर में किया गया। आचार्य सवितानंद अवधूत ने कहा कि मनुष्य यदि मुंह से हरि अर्थात परम पुरुष का स्पष्ट भाषा में उच्चारण कर कीर्तन करता हैए उससे उसका मुख पवित्र होता है। जिह्वा पवित्र होती है। कान पवित्र होते हैं। शरीर पवित्र होता है और इन सब के पवित्र होने के फलस्वरूप आत्मा भी पवित्र होती है। कीर्तन में शामिल होने से मिलित जड़ शक्ति और मानसिक शक्ति द्वारा इस पंचभौतिक जगत का दुख.क्लेश दूर होता है।



### महासभा ने की कोरोना मुक्त भारत की कामना

**बोकारो।** स्थानीय सिटी पार्क में अग्रवाल कल्याण महासभा द्वारा अशोक अग्रवाल आजाद की अध्यक्षता में आयोजित सद्भावना सभा सह मिलन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की माता के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का संचालन महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष टीका प्रसाद और प्रियांक अग्रवाल ने किया। बीएसएल से रिटायर होने वाले सदस्य चितरंजन अग्रवाल को सम्मान विदाई देते हुए उनके सुखमय सेवानिवृत्त जीवन की कामना की गई ।सभी लोगों ने एक .दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं तथा नववर्ष में कोरोना मुक्त भारत के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर भूतपूर्व मुखिया प्रकाश अग्रवालए चितरंजन अग्रवालए दीपू अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## फुसरो के पिकनिक स्पॉटों पर उमड़े लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/फुसर।** फुसरो शहर क्षेत्र में नये साल 2023 के उल्लास में लोग रविवार को दिन भर डूबे रहेण लोगों ने नये साल की पहली सुबह में शहर के विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की और मत्था टेककर अपनेअपने परिवार की सुख.समृद्धि की कामना कीण नये साल पर लोगों ने क्षेत्र के फुसरो स्थित हथिया पत्थर धामए करगली गेट फिल्टर प्लांट के समीपए बालू बैंकरए दामोदर नदी तट पर चलकरी के समीपए ढोरी खास आदि जगहों से सटे दामोदर नदी के तट पर अपने परिवार व दोस्तों के साथ पिकनिक का आनंद लियाण वहीं ज्यादातर लोगों ने अपने.अपने घरों में ही कई प्रकार के व्यंजन बनाकर नये साल का आनंद उठायाण शहर में कई संस्थानों ने अपने सहयोगियों व दोस्तों के साथ नया साल मनायाण फुसरो स्थित ढोरी बस्ती के बाबा गणपतिधाम में लोगों ने पूजा.अर्चना कर लगे मेला का आनंद उठायाण यहां बच्चोंए महिलाओंए युवक.युवतियों की अच्छी भीड़ देखी गयीण कई तरह के खाने.पीने छोटे रूप में के लिए स्टॉल भी सजे थेण फुसरो शहर के विभिन्न पिकनिक स्थल पर लोग जुटे थेण डीजे की धुन पर युवाओं की टोली जगह.जगह नाच.गाकर नया साल का जश्न मना रही थीण बच्चे भी खूब मस्ती कर रहे थेण लोग पूरी तरह नये साल आगमन के जश्न में डूबे थेण दूर.दराज के क्षेत्र से भी लोग यहां पिकनिक का आनंद लेने पहुंचे थेण प्रकृति की खूबसूरत वादियों को देख सैलानी गदगद थेण इससे पूर्व शनिवार की रात कई जगहों पर लोगों ने नाच गाकर व पटाखे फोड़ कर नये साल का स्वागत किया।

## झामुमो की नई प्रखंड कमेटी को किया गया सम्मानित

**गोविंदपुर ।** झामुमो की नई प्रखंड समिति को प्रखंड मुख्यालय मैदान में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रखंड अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, मिहिर गोप, निर्मल कुमार मंडल, फिरोज अंसारी, पारस मांझी, शिबू रजवार , मंजुला मरांडी एवं फारूक अंसारी शामिल थे। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी ने कहा कि सभी नेताओं एवं कार्यकताओं का सहयोग लेकर पूरे गोविंदपुर प्रखंड में संगठन का मजबूत ढांचा बनाया जाएगा। पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1932 का खतियान, पिछड़ों का आरक्षण, कर्मचारियों को पेंशन, सर्वजन पेंशन, हरा राशन कार्ड में बढ़ोत्तरी आदि मामलों से लोगों का झामुमो के प्रति आकर्षण बढ़ा है । बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं । वर्ष 2024 में सिंदरी से झामुमो का विधायक होगा। इस अवसर पर सभी को हरा दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर केंद्रीय सदस्य धरणीधर मंडल व मन्नू आलम ने कहा कि संगठन विस्तार में उनका भरपूर सहयोग रहेगा। 20 सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, आमान अंसारी, नासीरूद्दीन अंसारी, पैगाम अली, मोकीम अंसारी, एजाज अहमद , माथुर अंसारी इस्लाम अंसारी मौजूद थे।

## कस्तूरबा श्री विद्यानिकेतन आचार्या को दी गई विदाई

**बेरमो।** कस्तूरबा श्री विद्यानिकेतन ढोरी के विद्यालय परिसर में सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत्त वरिष्ठ आचार्या पुष्पा सिन्हा को भावभीनी विदाई दी गईण कार्यक्रम के शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडेए संकुल संयोजक अमित कुमार सिंहए अनपति देवी सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्र एवं स्थानीय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इंद्रावती मिश्रा द्वारा मां सरस्वती व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गयाण इसके पश्चात सेवानिवृत अध्यापिका पुष्पा सिन्हा की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने पुरस्कार व श्रीफल भेंट कर सम्मानित कियाण विद्यालय के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने कहा कि श्रीमती पुष्पा सिन्हा की कमी हमेशा विद्यालय परिवार को खलेगी।

## बिरहोर परिवारों संग विधायक ने मनाया नववर्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोमो।** तोपचांची चलकरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आदिम जनजाति के बिरहोर परिवारों के साथ केक काटकर वनभोज का शुभारंभ किया। साथ ही इस दौरान बिरहरों के बीच बच्चों के लिए पठन सामग्री, स्वेटर, टोपी एवं बुजुर्ग महिला पुरुषों के बीच कम्बल और सॉल वितरण किया। इस दौरान सभी ने लचिलेदार खाना एक साथ खा कर वनभोज का आनंद लिया। वहीं मौके पर उपस्थित धनबाद एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी भुत नाथ रजवार ने ग्रामीणों के मांग पर चलकरी विद्यालय में जल्द शिक्षक देने की बात कही। वहीं तोपचांची प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश एक्का ने विद्यालय परिसर मैदान को समतलीकरण कर देने की बात कही। वहीं उपस्थिति बीसीसीएल एरिया 4 के जीएम विधुत सहाय ने सपरिवार उपस्थित होकर उक्त कार्यक्रम में वनभोज का लुत्फ उठाया। मौके पर प्रमुख आनंद महतो, तोपचांची इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जयराम प्रसाद पूर्व प्रमुख सरिता देवी, उप प्रमुख हेमलाल महतो, विधायक मथुरा महतो की पत्नी पोबिया देवी, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, एवं पवन महतो, उत्तम कुमार महतो, राजकुमार महतो, अलाउद्दीन अंसारी, अब्दुल रोउफ अंसारी, अकबर अली, आनंद केवट, सिनीयल सर, दिनेश महतो, विकास तिवारी परितोष महतो, आदि गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# मां लिलोरी मंदिर में मत्था टेक की नववर्ष की शुरूआत

### कोरोना के बाद इतनी बड़ी संख्या में जुटे लोग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** अधिकांश लोग चाहते हैं कि नए वर्ष की शुरूआत पूजा-पाठ के साथ की जाए। रविवार को फर्स्ट जनवरी के मौके पर कोयलांचल का सबसे बड़ा धार्मिक केंद्र श्री श्री मां नीलकंठ वासनी मंदिर लिलोरी मां का मंदिर जो कतरास में कतरास की प्रमुख कतरी नदी के तट किनारे और नेशनल हाईवे 32 के बगल में अवस्थित है। श्री श्री मां नीलकंठ वासनी मंदिर लिलोरी मंदिर कतरास राज परिवार की कुलदेवी का मंदिर है, और यहां के लोगों का मानें तो यह मंदिर लगभग 900 साल पुराना है। कोयलांचल के साथ-साथ बिहार बंगाल उत्तर प्रदेश के लोगों की आस्था इस मंदिर के साथ जुड़ा हुआ है। रविवार को नए साल की शुरूआत के मौके पर लोगों की भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी। सुबह 7:00 बजे से ही मंदिर में पूजा करने वालों की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। लोगों का अस्थमा के प्रति इतना जबरदस्त कि 4. 4 घंटे तक लोग लाइन में खड़े होकर मां का दर्शन किए। महिलाओं के लिए अलग लाइन पुरुषों के लिए अलग लाइन इस बार मंदिर की व्यवस्था देख यहां आने वाले श्रद्धालु काफी प्रसन्न हुए। और व्यवस्था करने वाले लोगों की प्रशंसा भी की। यहां आने वाले श्रद्धालुओंका मान्यता है कि इस मंदिर में जो भी मन्नत मांगी जाती है मां उसे पूरा करती है। इस मंदिर में बकरे की बलि भी चढ़ाई जाती है और लोग बलि चढ़ाने के बाद मंदिर के अगल-बगल में अवस्थित धर्मशाला में उसे बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। पूजा करने के बाद श्रद्धालु मंदिर के आसपास अवस्थित नाश्ते की दुकान में जाकर जलपान करते हैं कोई चाट खाते है कोई गोलगप्पे खाते हैं तो कोई छोला भटूरा खाता है वैसे तो यहां की सेव घुघनु काफी दूर-दूर तक मशहूर है। मंदिर के बगल में चाय नाश्ते की दुकान के अलावा फल फूल की दुकान बच्चों के लिए खिलौनों की दुकान अवस्थित है। इसके साथ ही मंदिर से कुछ कदमों की दूरी पर दर्जनों धर्मशाला में बने हुए हैं जहां लोग छोटी मोटी पाटिया किया करते हैं शादी विवाह के मौसम में शादियां हुआ करती है।

### सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही पुलिस

नए वर्ष में हुड़दंगियो पर नजर रखने के लिए कतरास थाना अपने दल बल के साथ मंदिर परिसर एवं लिलोरी मंदिर के मुख्य गेट पर तथा पार्क में मौजूद रहे। पूजा करने के बाद अधिकांश लोग जहां एक और लिलोरी स्थान के जंगलों में पिकनिक मनाते हुए नजर आए वहीं काफी लोग मंदिर के बगल में धनबाद नगर निगम के द्वारा बनाए गए पार्क में नव वर्ष का आनंद उठाते हुए नजर आए।

एक नजर में

## निहाल सेवा ट्रस्ट ने किया कंबल वितरण



**बोकारो।** निहाल सेवा ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष कमलेश राय के सहयोग से सेक्टर 02 काली मंदिर प्रांगण में लाभुकों के बीच भीषण ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया ।श्री राय ने कहा की ट्रस्टएजरूरत मंदो के बीच जाकर समय समय पर सेवा करने का संकल्प लिया है ।मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि विद्या सागर सिंहए अनिल सिंहए इंद्र कुमार झाए मृगेंद्र प्रताप सिंह एद्वारिका नाथ सिंह मुन्नाए अविनाश झाए संजय शर्माए प्रकाश चटर्जी आदि उपस्थित थे।

## संकल्प सृजन का वन विहार कार्यक्रम

**बोकारो।** नव वर्ष के आगमन पर सामाजिक संस्था संकल्प सृजन द्वारा कार्यकारिणी समिति के सदस्यों तथा कार्यकताओं के लिए वन विहार सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।मौके पर वर्ष भर की कार्ययोजना का संक्षिप्त स्वरूप देते हुए मुख्य संरक्षक राजेंद्र कुमार ने हरेक कार्यकर्ता को एक .एक नया सामाजिक कार्य करने की बात कही।

## पेज एक का शेष

### नया साल सोना ...

उनकी सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी अविनाश कुमार, प्रधान सचिव केके सोन, आराधना पटनायक, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह, रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिंह और रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और सभी ने सीएम को नववर्ष की बधाई दी। वहीं जश्न के दौरान तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाते के क्रम में कई लोगों की मौत भी हो गयी।

परिवार के संग की मौज मस्ती : नये साल के पहले दिन मंदिरों में भगवान से आशीर्वाद के बाद लोग परिवार संग मौज-मस्ती करने पार्कों को निकल पड़े। रांची के रॉक गार्डन, कांके डैम, सिदो-कान्हू पार्क, मछली घर ,नक्षत्र वन, हटिया डैम, हुण्डरु फॉल, दशम फॉल, दिउड़ी मंदिर, सूर्य मंदिर, जोन्हा फॉल, गेतलसूद डैम, सीता फॉल, गौतम धारा, रुक्का डैम, ऑक्सीजन पार्क, बिरसा मुण्डा पार्क, स्वर्ण रेखा, मगरमच्छ प्रजनन केन्द्र, जैविक उद्यान, फन कैशल पार्क, डोरंडा स्थित श्रीकृष्णा पार्क, टैगोर हिल, धुर्वा डैम और पिठोरिया घाटी सहित अन्य स्थानों पर लोग सुबह से लेकर शाम तक घूमते दिखे। रजरप्पा में मां के दर्शन और आशीर्वाद लेने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर जगह सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन मुस्तैद थे।

### लाखों लोग सड़क...

वहीं जैन समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने राष्ट्रपति भवन की ओर कूच किया, लेकिन दिल्ली पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों के एक डेलिगेशन राष्ट्रपति भवन पहुंचकर इस संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन दिया है। प्रदर्शनकारी झारखंड सरकार के सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित करने का फैसला जैन समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। इससे तीर्थ स्थल को नुकसान होगा। पिछले महीने से झारखंड सरकार से फैसला बदलने की मांग को लेकर देश के अलग-अलग जगहों पर जैन समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में जैन समाज फैसले के विरोध में सड़कों पर उतर आया। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पीएम मोदी और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया।

**ऐसे शुरू हुआ विवाद और विरोध :** सम्मेद शिखर के आसपास के इलाके में मांस-मदिरा की खरीदी-बिक्री और सेवन प्रतिबंधित है। कुछ दिन पहले शराब पीते युवक का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद विवाद शुरू हुआ। धर्मस्थल से जुड़े लोगों का मानना है कि पर्यटन स्थल घोषित होने के बाद से जैन धर्म का पालन नहीं करने वाले लोगों की भीड़ यहां बढ़ी। यहां मांस-मदिरा का सेवन करने वाले लोग आने लगे। 2019 में केंद्र सरकार ने सम्मेद शिखर को इको सेंसिटिव जोन घोषित किया था। इसके बाद झारखंड सरकार ने एक संकल्प जारी कर जिला प्रशासन की अनुशंसा पर इसे पर्यटन स्थल घोषित किया।

**मुंबई में प्रदर्शन तोड़फोड़ :** महाराष्ट्र के मंत्री एमपी लोढ़ा ने कहा कि हम गुजरात के पलीताणा में जैन मंदिर में हुई तोड़फोड़ और झारखंड सरकार के श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल में बदलने के फैसले के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। गुजरात सरकार ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। लोढ़ा के मुताबिक रविवार के प्रदर्शन में करीब 5 लाख लोग शामिल हुए। इन प्रदर्शनों के बीच गुजरात के पलीताणा शहर के जैन मंदिर में तोड़फोड़ भी हुई। इसको लेकर भी मुंबई, अहमदाबाद और दिल्ली के इंडिया गेट पर जैन समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### नये साल पर...

राजस्थान में 15 लोगों की मौत

राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के पल्लू थाना क्षेत्र में बिसरासर गांव में कार एवं ट्रक के टकराने पर पांच युवकों की मौत हो गयी। वहीं सीकर जिले के खंडेला थाना क्षेत्र में पिकअप के मोटरसाइकिल से टकराने के बाद बोरिंग मशीन ट्रक से भीड़ जाने से आज आठ लोगों की मौत हो गयी। जैसलमेर के रामदेवरा थाना क्षेत्र में रामदेवरा दर्शन करके लौट रहे एक परिवार की कार अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे कार में सवार दो बालिकाओं की मौत हो गयी। वहीं दिल्ली में तीन लोगों की मौत की खबर है। जम्मू-छत्तीसगढ़ और केरल में आठ लोगों ने अपनी जान गंवा दी। वहीं यूपी में तीन की मौत हो गयी। तेलंगाना से भी तीन की मौत खबर है।

### खरसावां गोलीकांड की...

74 साल बीतने के बाद भी खरसावां गोलीकांड शहीदों के चिन्हित नहीं होने के मुद्दे पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार को इस मुद्दे पर संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार में रहते हुए जो कमेटी बनी उसमें भी घपले-घोटाले की बातें सामने आयी। इससे पता चलता है कि सरकार इस मामले में गंभीर नहीं है। मौके पर उनके साथ पत्नी मीरा मुंडा, भाजपा नेता जेबी तुबिद, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, मंगल सिंह सोय, गणेश महाली, रमेश हांसदा, उदय सिंहदेव, राकेश सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके अलावा कांग्रेस, झामुमो, आजसू समेत अन्य दलों के काफी संख्या में नेताओं और कार्यकताओं ने शहीद स्थल पर पहुंच कर शहीदों की बेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

### अब, रिम्स में ...

सैंपल देने के कुछ घंटे के अंदर ही रिपोर्ट मरीज के परिजनों के साथ ही डॉक्टर के मोबाइल पर भी उपलब्ध होगी। यह सुविधा रिम्स में 24 घंटे मिलेगी। फिलहाल रात में टेस्टिंग की रफ्तार धीमी हो जाती है। वहीं केवल इमरजेंसी के मरीजों का टेस्ट किया जाता है।

**चार मशीन का इंस्टालेशन :** हॉस्पिटल में अलग-अलग जगहों पर चार मशीनें लगाई जाएगी, ताकि सैंपल की टेस्टिंग की रफ्तार धीमी न पड़े। इसके अलावा अगर किसी मशीन के खराब होने या ब्रेकडाउन होने पर भी अन्य मशीनें बैकअप का काम करेगी और टेस्टिंग प्रभावित नहीं होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए रिम्स में बदलाव किये जा रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### एयर मार्शल सिन्हा ने संभाली पश्चिमी वायु कमान की जिम्मेदारी

**नयी दिल्ली।** एयर मार्शल पंकज मोहन सिन्हा ने रविवार को भारतीय वायु सेना की पश्चिमी कमान का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। एयर मार्शल सिन्हा के पास 4500 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है। उन्हें 'विशिष्ट सेवा पदक' और 'अति विशिष्ट सेवा पदक' से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने एयर मार्शल एस प्रभाकरन का स्थान लिया है, जो भारतीय वायुसेना में 39 साल से अधिक की विशिष्ट सेवा देने के बाद 31 दिसंबर 2022 को सेवानिवृत्त हो गये हैं।

### समुद्र में डूबते जहाज से 12 लोगों को बचाया गया

**अहमदाबाद।** करीब 800 टन चीनी भर कर देवभूमि द्वारका जिले के सलाया का मालवाहक जहाज खराब मौसम के कारण अरब सागर में डूब गया। जहाज में सवार 12 नाविकों को बचा लिया गया है। भारतीय कोस्ट गार्ड ने इन सभी को बचाया। जहाज कच्छ के मुंद्रा से रवाना होकर जिबूती बंदरगाह की ओर जा रहा था।

### लाहोटी ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नयी दिल्ली।** अनिल कुमार लाहोटी ने रविवार को रेलवे बोर्ड (रेल मंत्रालय) के नये अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) का पदभार ग्रहण किया। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 1 जनवरी 2023 से अनिल कुमार लाहोटी की चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ), रेलवे बोर्ड के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी है।

### दिल्ली में सीनियर सिटीजन होम में आग, दो की मौत

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश पार्ट-2 के ई ब्लॉक में स्थित सीनियर सिटीजन केयर होम में आग लग गयी। इस हादसे में वयोवृद्ध दो लोगों की मौत हो गई और छह लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

### उ कोरिया ने फिर किया मिसाइल परीक्षण

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने रविवार को जापान सागर की ओर 2023 में पहली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। एक एजेंसी ने द कोरिया की सेना के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उत्तर कोरिया ने जापान सागर की ओर तीन बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया।

### हरियाणा के खेल मंत्री ने छोड़ा विभाग

**चंडीगढ़।** विवादों में घिरे हरियाणा के खेल मंत्री एवं पूर्व हॉकी खिलाड़ी संदीप सिंह ने रविवार को खेल विभाग छोड़ दिया। संदीप सिंह के खिलाफ खेल विभाग की जूनियर महिला कोच ने शिकायत की थी, जिसमें खेल मंत्री पर उसके साथ छेड़छाड़ करने एवं धमकी देने के आरोप लगाये थे।



**रविवार को राष्ट्रपति भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें राष्ट्रपति ने छात्रों से बातचीत की और उन्हें नववर्ष की बधाई दी। एक छात्रा ने राष्ट्रपति को पेंटिंग भी भेंट की।**

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दीं नववर्ष की शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को नये साल की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने ट्वीट संदेश में कहा- आप सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं। विदेशों में रहने वाले सभी साथी नागरिकों और भारतीयों को बधाई और शुभकामनाएं। वर्ष 2023 हमारे जीवन में नयी प्रेरणा, लक्ष्य और उपलब्धियां लेकर आये। उपराष्ट्रपति ने ट्वीट संदेश में कहा- सभी को नववर्ष-2023 की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। न्प्रधानमंत्री ने ट्वीट संदेश में कहा- आपका 2023 शानदार हो! यह आशा, खुशी और ढेर सारी सफलता से भरा हो। सभी को अद्‌भुत स्वास्थ्य का आशीर्वाद मिले।

# नववर्ष का दुनिया भर में स्वागत

## न्यूयॉर्क में भारी बारिश के बीच खचाखच भीड़, कोरोना से जूझ रहे चीन में भी जश्न

**एजेंसी**

**वाशिंगटन/बीजिंग।** नया साल 2023 का दुनिया भर में जश्न के साथ स्वागत किया गया। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में पार्टी के लिए खचाखच भीड़ देखी गयी। वुहान में कोरोना की भयानक मार झेल रहे चीन ने भी नये साल का जश्न मनाया। टाइम्स स्क्वायर पर भारी बारिश के बीच हजारों लोगों ने नये साल का स्वागत किया।

चीन सरकार के जीरो कोविड पॉलिसी को वापस लेने के बाद नये साल का जश्न मनाने के लिए हजारों लोग 31 दिसंबर की रात वुहान में एकत्रित हुए। यूरोपीय राजधानियों में भी आतिशबाजी के साथ नये साल का स्वागत किया गया। लंदन में भी नये साल को देखते हुए जमकर आतिशबाजी



हुई। इस दौरान महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का भी जिक्र किया गया, जिनकी सितंबर में मृत्यु हो गयी थी। इसके अलावा, आतिशबाजी में इंग्लैंड की फुटबॉल टीम को भी संदर्भित किया गया। यूरोप में एथेंस में पार्थेनन, बर्लिन में ब्रैंडेनबर्ग गेट और पेरिस में आर्क डी ट्रायम्फ पर आतिशबाजी हुई, जिसे देखने के लिए भीड़ जमा हुई। कई स्थानों पर जैसे कि चेक की राजधानी प्राग में कुछ खास देखने को नहीं मिला, क्योंकि इस समय यह देश आर्थिक तंगी का सामना कर रहा है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया में भी नये साल की पूर्व संध्या पर कई कार्यक्रम हुए। सिडनी ने भी चमकदार आतिशबाजी के साथ नये साल का स्वागत किया। पहली बार हार्बर ब्रिज से एक इंद्रधनुषी झरना दिखायी दिया।

इस साल यूक्रेन में युद्ध की समाप्ति और एशिया में कोविड के बाद स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। पिछले साल यूक्रेन-रूस के बीच में संघर्ष के अलावा दुनिया में आर्थिक तनाव और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव देखे गये।

### युगांडा में नववर्ष के जश्न के दौरान भगदड़, नौ लोगों की मौत

**कंपाला।** अफ्रीकी देश युगांडा के कंपाला में फ्रीडम सिटी शॉपिंग मॉल में नववर्ष के जश्न के दौरान मची भगदड़ में नौ लोगों की मौत हो गयी और कई घायल हो गये। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कंपाला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जश्न समाप्त होने के बाद भगदड़ मच गयी, जिससे पांच लोगों की तत्काल मौत हो गयी और कई लोग घायल हो गये। युगांडा पुलिस ने ट्वीट कर कहा कि कटवे टेरिटोरियल पुलिस फ्रीडम सिटी मॉल नामासुबा में नववर्ष की पूर्व संध्या पर हुई घटना की जांच कर रही है। इसके परिणामस्वरूप कई किशोरों सहित नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां नौ लोगों की मौत की पुष्टि हुई।

## चीन सीमा पर तैनाती को खरीदा जायेगा 100 के-9 वज्र होवित्जर तोप

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने 100 के-9 वज्र-टी सेल्फ प्रोपेल्ड होवित्जर तोप की खरीद शुरू की है। शीघ्र ही अनुबंध वार्ता शुरू करने के लिए एलएंडटी को प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी किया गया है। चीन सीमा पर तैनात करने के लिए इन 100 तोपों में विशेष रूप से कई बदलाव किये जायेंगे। 38 किलोमीटर दूर तक मारक क्षमता वाली यह के-9 वज्र तोप 15 सेकंड में 3 गोले दाग सकती है। 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत दक्षिण कोरिया की कंपनी के सहयोग से इन तोपों का निर्माण गुजरात के सूरत में किया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने 2017 में दक्षिण कोरिया की कंपनी हानवा टेकविन से के-9 वज्र-टी 55 मिमी/52 कैलिबर तोपों की 100 यूनिट (पांच रेजिमेंट) आपूर्ति के लिए 4 हजार 500 करोड़ रुपये का करार किया था। इसमें 10 तोपें पूरी तरह से तैयार हालत में मिली



थीं, जिन्हें नवंबर, 2018 में सेना में शामिल किया गया था। शेष 90 टैंक 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) कंपनी ने सूरत (गुजरात) के हजीरा में तैयार किये हैं। फैक्टरी में तैयार किया गया 100वां टैंक एलएंडटी ने 18 फरवरी, 2021 को सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे को सौंपा था। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को दिया गया शुरुआती 100 तोपों का ऑर्डर मूल रूप से रेगिस्तान के लिए था, लेकिन चीन की ओर से पूर्वी लद्दाख सीमा पर बड़ी संख्या में सैनिकों और हथियारों की तैनाती के जवाब में भारत ने भी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर एक रेजिमेंट यानी 20 के-9 वज्र तोपों की तैनाती की है। सेना अब पहाड़ी इलाकों में तैनाती के लिए अलग से 100 के-9 वज्र ट्रैक्ड सेल्फ-प्रोपेल्ड होवित्जर का ऑर्डर देने की तैयारी कर रही है। रक्षा मंत्रालय ने शीघ्र ही अनुबंध वार्ता शुरू करने के लिए एलएंडटी को प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी किया है। हालांकि, के-9 वज्र ट्रैक्ड सेल्फ-प्रोपेल्ड होवित्जर का पिछला ऑर्डर पूरा हो जाने के बाद नया ऑर्डर दिये जाने के लिए कोई प्रारंभिक योजना नहीं थी, लेकिन चीन के साथ तनाव को देखते हुए वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

### चीन को जवाब देने के लिए एलएसी के पास न्योमा एयरबेस को अपग्रेड करने की तैयारी




**नयी दिल्ली।** वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के दूसरी तरफ चीनी बुनियादी ढांचे का मुकाबला करने के लिए भारत लद्दाख में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर न्योमा एयरबेस को तेजस, मिराज-2000 जैसे फाइटर जेट्स के लिए अपग्रेड करने जा रहा है। लड़ाकू विमानों के लिए सक्षम एलएसी से महज 50 किमी दूर न्योमा एयरफील्ड के लिए भारत ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। वायु सेना यहां से लड़ाकू विमानों का संचालन कर सकेगी, जिससे पूर्वोत्तर क्षेत्र में दुश्मनों के किसी भी दुस्साहस से निपटने की क्षमता और मजबूत होगी। यह अपग्रेडेड एडवांस लैंडिंग ग्राउंड दो साल में लड़ाकू विमानों के संचालन के लिए तैयार हो जायेगा। बोली दस्तावेज के अनुसार परियोजना पर लगभग 214 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नये एडवांस लैंडिंग ग्राउंड के लिए साइट 1,235 एकड़ में फैली होगी, जहां संबद्ध सैन्य बुनियादी ढांचे के साथ 2.7 किलोमीटर का रनवे बनेगा। सीमा सड़क संगठन ने काम को अंजाम देने के लिए ठेकेदारों की मांग करते हुए बोली आमंत्रित की है। रनवे का एलाइनमेंट ऐसा होगा कि विमान दोनों दिशाओं में लैंड कर सके और इसकी चौड़ाई 45 मीटर से अधिक होगी। नये रनवे का स्थान लेह-लोमा रोड के पास होगा, जिससे इस संवेदनशील क्षेत्र में सैनिकों और सैन्य सामग्री की त्वरित आवाजाही होगी।

## मजहबी कट्टरता परास्त करने को वैश्विक स्तर पर समग्र नीति की जरूरत : आलोक




### 'जहां हिंदू, वहां हम' के संकल्प के साथ पूर्ण हुई विहिप की अंतरराष्ट्रीय बैठक

**एजेंसी**

**इंदौर।** विश्व हिंदू परिषद के प्रन्यासी मंडल व प्रबंध समिति की तीन दिवसीय बैठक रविवार को मजहबी कट्टरता को परास्त करने के संकल्प के साथ पूर्ण हुई। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय कार्याध्यक्ष अधिवक्ता आलोक कुमार ने इस मौके पर कहा कि मजहबी कट्टरता के दुष्परिणामों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर एक समग्र नीति बनानी होगी। उन्होंने कहा कि कट्टरता का बौद्धिक, सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर मुकाबला करना होगा। विहिप, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी पूज्य संतों व समाज के चिंतकों के साथ मिलकर इसका डटकर मुकाबला करता रहा है। इस कार्य को हम और गति देंगे।

उन्होंने कहा कि अभी विश्व के 30 देशों में हमारा प्रत्यक्ष कार्य है, जिसमें से 24 देशों के प्रतिनिधि कार्यकर्ता दिसंबर अंत में तीन दिन के लिए मुंबई में विश्व समन्वय बैठक में आये थे। विश्व भर में हिंदू धर्म के प्रति सम्मान बढ़ रहा है, अब इस विश्वास को हम और मजबूत कर हिंदू मान बिंदुओं से लोगों को जोड़ेंगे। हिंदुओं की समस्या के समाधान तथा संगठित व संस्कारित हिंदू समाज के लिए अब जहां हिंदू वहां विश्व हिंदू परिषद इस लक्ष्य के साथ कार्य करेंगे। सन 2024 में हमारे 60 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। शष्टिपूर्ति संकल्प के रूप में बैठक में, बाल संस्कार शालाओं, धार्मिक ग्रंथों की प्रतियोगिताओं, हिंदू मान्यताओं के प्रसार के माध्यम से संपूर्ण विश्व में विद्यार्थियों को संस्कारवान व श्रद्धावान बनाने की कार्य योजना बनी है। आलोक कुमार ने कहा कि बैठक में पारित एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव 'मजहबी कट्टरता-दुष्परिणाम और समाधान' के अंतर्गत इस बात पर चिंता व्यक्त की गयी थी 'मेरा मजहब ही सही है, बाकी को इसे स्वीकार करना ही पड़ेगा और यदि वे इसे स्वीकार ना करें तो उन को समाप्त करने का आसमानी आदेश मेरे पास है' को मानने वाले, लोगों ने विश्व की अनेक पुरातन सभ्यताओं को समाप्त कर दिया।

प्रस्ताव में कहा है गया कि 'दुर्भाग्य से कई शताब्दियों के कटु अनुभवों के बावजूद मजहबी कट्टरता संपूर्ण विश्व के लिए आज भी चुनौती बनी हुई है। विश्व में कहीं ना कहीं प्रतिदिन हो रहे आतंकवादी हमलों के लिए भी मजहबी कट्टरपंथ के अनुयायी जिम्मेदार हैं।' लव जिहाद के माध्यम से गैर मुस्लिम महिलाओं पर अमानवीय अत्याचारों का सिलसिला और 'सर तन से जुदा गैंग' की सक्रियता इसी मजहबी कट्टरता के वीभत्स चेहरे हैं।'

उन्होंने कहा कि ईसाई मिशनरियों का एक बड़ा वर्ग छल-कपट व लालच के हथकंडों से सामाजिक विद्वेष फैलाने, आतंक को पोषित करने तथा मतांतरण करने में जुटा हुआ है। बैठक में विहिप के प्रन्यासी मंडल ने समाज के सभी वर्गों से आह्वान करते हुए कहा कि तात्कालिक स्वार्थों के कारण इस राष्ट्रघाती प्रवृत्ति का पोषण ना करें।

## उत्तराखंड के सीएम ने अस्पताल पहुंच जाना ऋषभ पंत का हाल

**एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को राजधानी स्थित मैक्स अस्पताल पहुंचे और यहां भर्ती क्रिकेटर ऋषभ पंत का हाल जाना। उन्होंने डॉक्टरों से ऋषभ के स्वास्थ्य सुधार के बारे में पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बताया कि ऋषभ के स्वास्थ्य में सुधार है।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने ऋषभ पंत की माता और उनकी बहन से मैक्स अस्पताल में लगभग एक घंटे तक बातचीत की। चिकित्सकों से भी उनके इलाज और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऋषभ के इलाज के लिए राज्य सरकार की ओर से पूरी मदद की जायेगी। ऋषभ पंत उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। इस कारण ऋषभ के पूरे इलाज का खर्च उठाने की बात मुख्यमंत्री धामी पहले ही कह चुके हैं।

ऋषभ पंत से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऋषभ पंत की तबीयत में पहले



से काफी सुधार है। वहीं, कार दुर्घटना के कारण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषभ ने उन्हें बताया की गड्ढा सामने आया था, जिसके चलते अचानक से यह दुर्घटना हो गयी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अभी ऋषभ मैक्स अस्पताल में ही रहेंगे। बाहरी चोटों का दर्द जब कम हो जायेगा, उसके बाद उनके लिगामेंट के ट्रीटमेंट के बारे में आगे का निर्णय लिया जायेगा। शुक्रवार सुबह क्रिकेटर ऋषभ पंत का रुड़की के मंगलोर में एक्सीडेंट हो गया था। हादसे की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को उपचार के आवश्यक निर्देश दिया था।

### अफगानिस्तान में सैन्य हवाई अड्डे पर विस्फोट कई की मौत की आशंका

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी में साल के पहले ही दिन सैन्य हवाई अड्डे पर भीषण धमाका हुआ है। धमाके में कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। धमाके की पुष्टि करते हुए तालिबान के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल नाफी टक्कर ने बताया कि रविवार सुबह काबुल के सैन्य हवाई अड्डे पर विस्फोट हुआ है। हालांकि, प्रवक्ता ने धमाके में मारे जाने वालों और घायल लोगों की संख्या या स्थिति की जानकारी नहीं दी। माना जा रहा है कि इस घटना में कई लोगों की मौत हुई है। काबुल में हुए इस धमाके का वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें घटनास्थल के पास से धुंए का गुबार उठता हुआ साफ दिख रहा है। तालिबान ने इस हमले के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं देते हुए सिर्फ इतना कहा कि विस्फोटे में कुछ लोग मारे भी गये हैं। यह धमाका ऐसे समय पर हुआ है जब 3 दिन पहले ही एक भीषण धमाका हुआ था, जिसमें 4 लोग घायल हो गये थे। धमाका तालुकान शहर में हुआ था। तालुकान शहर तखार प्रांत की राजधानी है।

## पीएम कल भारतीय विज्ञान कांग्रेस को संबोधित करेंगे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस (आइएससी) को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 जनवरी को दिन में 10:30 बजे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस (आइएससी) को संबोधित करेंगे। इस वर्ष के आइएससी का मुख्य विषय महिला सशक्तिकरण के साथ सतत विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी है। इस आयोजन के दौरान सतत विकास, महिला सशक्तिकरण और इसे प्राप्त करने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका के मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

कार्यक्रम के दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं के योगदान को प्रदर्शित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। इसमें प्रसिद्ध महिला वैज्ञानिकों के व्याख्यान होंगे।



आइएससी के साथ-साथ कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। बच्चों के बीच वैज्ञानिक रुचि और स्वभाव को प्रोत्साहित करने में मदद करने के लिए बाल विज्ञान कांग्रेस का भी आयोजन किया जायेगा। किसान विज्ञान कांग्रेस जैव-अर्थव्यवस्था में सुधार और युवाओं को कृषि के प्रति आकर्षित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। जनजातीय विज्ञान कांग्रेस भी आयोजित की जायेगी, जो आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण पर ध्यान देने के साथ-साथ स्वदेशी प्राचीन ज्ञान प्रणाली और परंपरा को वैज्ञानिक तरीके से दर्शाने के लिए एक मंच होगा।

## सिद्धार्थ-कियारा ने साथ मिलकर किया नववर्ष का स्वागत

**बॉलीवुड** के फेमस लव बर्ड्स कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में छाये हुए हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी अब तक इस पर खुलकर कुछ नहीं कहा है। इस बीच, सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की नयी तस्वीरें सामने आयी हैं, जिससे साफ हो गया है कि कपल ने नये साल का स्वागत साथ में किया है।

बॉलीवुड के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर नये साल के स्वागत की कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें मनीष मल्होत्रा के साथ कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, रानी मुखर्जी और करण जौहर भी नजर आ रहे हैं। सिद्धार्थ-कियारा की लेटेस्ट तस्वीर सामने आने के बाद कयास लगाये



जा रहे हैं कि दोनों जल्द ही अपनी शादी से जुड़ी खबर को भी कंफर्म कर सकते हैं। सिद्धार्थ-कियारा भले ही अपने रिश्ते को लेकर कुछ न कहें, लेकिन दोनों की शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जल्द ही वेडिंग डेट की ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी किये जाने की संभावना है।

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की कमेस्ट्री फैंस के बीच काफी पसंद की जाती है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी फिल्म शेरशाह में साथ में स्क्रीन शेयर करते नजर आये थे। इसी फिल्म के सेट पर दोनों की नजदीकियां बढ़ीं और दोनों की अफेयर की खबरें भी जोर-शोर से चलने लगीं। शेरशाह की रिलीज के बाद भी दोनों को अक्सर साथ में क्वालिटी टाइम बिताते हुए देखा गया। फैंस को सिद्धार्थ-कियारा की शादी का बेसब्री से इंतजार है।

## स्पोर्ट्स

### बीसीसीआइ ने की समीक्षा बैठक

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने रविवार को मुंबई में समीक्षा बैठक की। बैठक में बीसीसीआइ अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह के साथ भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी उपस्थित थे। बीसीसीआइ के अनुसार बैठक के दौरान आइसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के रोडमैप के साथ-साथ खिलाड़ियों की उपलब्धता, कार्यभार प्रबंधन और फिटनेस मापदंडों के मुद्दों पर चर्चा की गयी।

**यह हुआ फैसला**

1. उभरते खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में चयन के योग्य होने के लिए पर्याप्त घरेलू सत्र खेलना होगा।

2. यो-यो टेस्ट और डेक्सा अब चयन मानदंड का हिस्सा होंगे और खिलाड़ियों के केंद्रीय पूल के अनुकूलित रोडमैप में लागू होंगे।

3. पुरुषों के एफटीपी (फ्यूचर टूर प्रोग्राम) और आइसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए, एनसीए आइपीएल फ्रेंचाइजी के साथ मिलकर आइपीएल 2023 में भाग लेने वाले मुख्य भारतीय खिलाड़ियों की निगरानी करेगा।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar– I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | | |
| English Grammar– I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!